# हादसा पीड़ित को अस्पताल पहुंचाने पर मिलेंगे 25 हजार

इंदौर।

मध्यप्रदेश में सड़क एक्सीडेंट में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को 25 हजार रुपए का इनाम दिया जाएगा। ये काम राहवीर योजना के तहत किया जाएगा। संबंधित व्यक्ति को रुककर तत्काल एम्बुलेंस को कॉल करना होगा। उसे अस्पताल पहुंचाने में मदद करनी होगी। मंगलवार को इंदौर के राजवाड़ा में हुई डॉ. मोहन यादव की कैबिनेट बैठक के बाद मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि सरकार ने सभी जिलों के कलेक्टर को इस योजना पर अमल के निर्देश दिए हैं। अगर कोई नागरिक घायल व्यक्ति को सीधे अस्पताल ले जाता है, उस स्थिति में पुलिस द्वारा कलेक्टर को भी इस संबंध में एक पत्र लिखा जाएगा। विजयवर्गीय ने ये भी बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी 31 मई को भोपाल आएंगे। दो लाख महिलाओं के सम्मेलन को संबोधित करेंगे। महिला कामगारों के लिए केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से सभी औद्योगिक क्षेत्रों में बनाए जाएंगे। पीएम इंदौर मेट्रो, दतिया और सतना एयरपोर्ट का लोकार्पण करेंगे।

## डॉ. मोहन कैबिनेट का बड़ा फैसला



## बैठक में नहीं पहुंचे विजय शाह

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और कुछ मंत्री धोती-कुर्ता पहने भगवा दुपट्टा डालकर बैठक में पहुंचे थे। वहीं, कर्नल सोफिया पर बयान को लेकर विवादों में घिरे मंत्री विजय शाह बैठक में नहीं पहुंचे हैं।

### कैबिनेट के 4 अहम फैसले

- 1. इंदौर के एमवाय के डेवलपमेंट के लिए 773 करोड़ और रीवा के जिला अस्पताल के लिए 321 करोड़ रुपए मंजूर।
- 2. ओंकारेश्वर में आदि शंकराचार्य की प्रतिमा के पास सनातन परंपराओं के विकास के लिए 2100 करोड़ का प्रावधान।
- 3. सीएम शहरी स्वच्छता कार्यक्रम फिर शुरू होगा। कचरा गाड़ी और मशीनें खरीदी जाएंगी। 277 करोड़ का प्रावधान।
- 4. बुनकरों के लिए स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम के लिए 100 करोड़ का प्रावधान। बुनकरों को ब्याज में छूट दी जाएगी।

### वक्फ कानून पर सीजेआई ने खींच दी लक्ष्मण रेखा

# संविधान के उल्लंघन का ठोस सबूत लाएं तभी होगा हस्तक्षेप

नई दिल्ली





सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हुई. मुख्य न्यायाधीश भूषण रामकृष्ण गवई की अध्यक्षता वाली दो सदस्यीय पीठ ने पक्ष और विपक्ष की दलीलें सुनीं. बेंच में दूसरे जज जस्टिस ऑगस्टिन जॉर्ज मसीह थे. सुनवाई के दौरान सीजेआई ने संसद से पारित कानूनों की संवैधानिकता को लकर एक महत्वपूर्ण टिप्पणी की. उन्होंने वक्फ (संशोधन) अधिनियम को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं से कहा, संसद द्वारा पारित कानूनों में संवैधानिकता की धारणा होती है और कोई कानून संवैधानिक नहीं है इसका जब तक कोई ठोस मामला सामने नहीं आता, अदालतें इसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकतीं. केंद्र सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय से आग्रह किया कि वह अंतरिम आदेश पारित करने के लिए वक्फ (संशोधन) अधिनियम की वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई को तीन मुद्दों तक सीमित रखे, जिनमें कोर्ट, यूजर और डीड द्वारा घोषित वक्फ संपत्तियों को डि-नोटिफाई करने का बोर्डों का अधिकार भी शामिल है. केंद्र की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ के समक्ष यह अनुरोध किया. तुषार मेहता ने कहा, अदालत ने तीन मुद्दे चिन्हित किए थे. हालांकि, याचिकाकर्ता चाहते हैं कि इन तीन मुद्दों के इतर भी कई अन्य मुद्दों पर सुनवाई हो. मैंने इन तीन मुद्दों के जवाब में अपना हलफनामा दाखिल किया है. मेरा अनुरोध है कि इसे केवल तीन मुद्दों तक ही सीमित रखा जाए. वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिकता को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक सिंघवी ने केंद्र की दलील का विरोध करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण कानून पर टुकड़ों में सुनवाई नहीं हो सकती. कपिल सिब्बल ने तर्क दिया कि संशोधित कानून संविधान के अनुच्छेद 25 (यह अनुच्छेद धर्म पालन, उसके अनुरूप आचरण करने और धर्म का प्रचार करने के अधिकार की गारंटी देता है) का उल्लंघन करता है. उन्होंने कहा कि हम तो सभी मुद्दों पर दलील रखेंगे. यह सम्पूर्ण वक्फ सम्पत्ति पर कब्जा करने का मामला है. कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि इस मामले में अंतरिम आदेश जारी करने पर सुनवाई होनी चाहिए. उन्होंने कहा कि ये कानून असंवैधानिक और वक्फ संपत्ति को कंट्रोल करने वाला और छीनने वाला है.

### दान से चलती हैं वक्फ संस्थाएं

कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट से कहा कि संशोधित कानून में प्रावधान किया गया है कि वक्फ की जाने वाली संपत्ति पर किसी विवाद की आशंका से जांच होगी. कलेक्टर जांच करेंगे. जांच की कोई समय सीमा नहीं है. जब तक जांच रिपोर्ट नहीं आएगी तब तक संपत्ति वक्फ नहीं मानी जाएगी. जबकि अल्लाह के नाम पर वक्फ संपत्ति दी जाती है. मस्जिदों में चढ़ावा नहीं होता, वक्फ संस्थाएं दान से चलती हैं. सुप्रीम कोर्ट ने पूछा कि दरगाहों में तो चढ़ावा होता है. इस पर सिब्बल ने कहा कि मैं मस्जिदों की बात कर रहा हूं. दरगाह अलग है. सिब्बल ने कहा कि मंदिरों में चढ़ावा आता है लेकिन मस्जिदों में नहीं. यही वक्फ बाय यूजर है. बाबरी मस्जिद भी ऐसी ही थी. 1923 से लेकर 1954 तक अलग अलग प्रावधान हुए, लेकिन बुनियादी सिद्धांत यही रहे.

### वक्फ प्रॉपर्टी के रजिस्ट्रेशन की अनिवार्यता पर बहस

कपिल सिब्बल ने कहा कि संशोधन को वक्फ को एक ऐसी प्रक्रिया के माध्यम से नियंत्रित करने के लिए तैयार किया गया है जो कार्यकारी है. वक्फ को दान दी गई निजी संपत्तियों को केवल इसलिए छीना जा रहा है क्योंकि इनके विवाद होने का अंदेशा है या इनके मालिकाना हक को लेकर विवाद है. इस कानून को वक्फ संपत्तियों पर कब्जा करने के लिए डिजाइन किया गया है. स्टेट धार्मिक संस्थाओं की फंडिंग नहीं कर सकता. यदि कोई मस्जिद या कब्रिस्तान है तो स्टेट उसकी फंडिंग नहीं कर सकता, यह सब निजी संपत्ति के माध्यम से ही होना चाहिए. अगर आप मस्जिद में जाते हैं तो वहां मंदिरों की तरह चढावा नहीं होता, उनके पास 1000 करोड़, 2000 करोड़ नहीं होते.

### अड़ंगा लगाना हमारे डीएनए में है

कपिल सिब्बल ने वक्फ संशोधन अधिनियम के उस प्रावधान पर आपत्ति जताई जिसमें कहा गया है कि कम से कम 5 साल से मुस्लिम धर्म का पालन करने वाला ही अपनी संपत्ति वक्फ के रूप में दान कर पाएगा. सिब्बल ने दलील दी कि मैं क्यों बताऊं कि मैं प्रैक्टिसिंग मुस्लिम हूं. मुझे पांच साल का इंतजार क्यों करना चाहिए? यह संविधान के आर्टिकल 14, 25 और 26 का उल्लंघन है. इस पर सीजेआई बीआर गवई ने कहा- आपके मुताबिक संशोधित वक्फ कानून की धारा 3 के प्रावधान के तहत अगर कोई विवाद उठाया जाता है, तो आपकी संपत्ति वक्फ होना बंद हो जाएगी. इस पर सिब्बल ने कहा कि हां, वो भी किसी भी स्थानीय अथॉरिटी के द्वारा. सीजेआई ने कहा- महाराष्ट्र के औरंगाबाद में भी वक्फ संपत्तियों को लेकर कई विवाद हैं. इस पर सिब्बल ने कहा कि हां, अड़ंगा लगाना हमारे डीएनए में है. नए प्रावधान के अनुसार कोई भी ग्राम पंचायत या निजी व्यक्ति शिकायत दर्ज करा सकते हैं और संपत्ति वक्फ नहीं रह जाती. क्योंकि सरकारी अधिकारी ही आरोपों की जांच करेगा और फैसला देगा. यानी वह मामले में वकील और जज खुद ही होगा. संशोधित कानून का यह प्रावधान नागरिक अधिकारों का हनन करता है. यह अन्यायपूर्ण और मनमाना है.

### सिब्बल से सीजेआई के सवाल

कपिल सिब्बल की दलीलें सुनने के बाद सीजेआई बीआर गवई ने कहा- खजुराहो में एक मंदिर पुरातत्व विभाग के संरक्षण में है, फिर भी लोग वहां जाकर पूजा-प्रार्थना कर सकते हैं. सिब्बल ने कहा- नया कानून कहता है कि अगर कोई संपत्ति एएसआई संरक्षित है तो यह वक्फ नहीं हो सकती. सीजेआई ने पूछा- क्या इससे आपका अपने धर्म का पालन करने का अधिकार छिन जाता है? क्या आप वहां जाकर प्रार्थना नहीं कर सकते? सिब्बल ने कहा- हां, इस कानून में कहा गया है कि वक्फ संपत्ति को रद्द माना जाता है. सुप्रीम कोर्ट ने उनसे फिर पूछा- क्या इससे आपका धर्म पालन का अधिकार भी छिन जाता है?



# सिविल जज के लिए 3 साल की वकालत जरूरी

नई दिल्ली।


**लंबित भर्तियां संशोधित नियम के साथ आगे बढ़ेंगी: सुप्रीम कोर्ट**

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक जरूरी फैसला सुनाते हुए न्यायिक सेवा में भर्ती के लिए 3 साल की वकालत अभ्यास को अनिवार्य कर दिया है। इस फैसले के बाद सिविल जज (जूनियर डिवीजन) की परीक्षा में बैठने से पहले उम्मीदवारों के पास कम से कम 3 साल का कानूनी अभ्यास होना जरूरी है। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह ने फैसला सुनाते हुए लॉ स्नातकों की सीधी भर्ती का नियम रद्द कर दिया। सीजेआई गवई ने कहा कि जैसा की हाई कोर्ट के हलफनामों से पता चलता है कि लॉ स्नातकों की सीधी नियुक्ति से कई समस्याएं पैदा हुई हैं, इसलिए हम हाई कोर्ट से सहमत है कि न्यूनतम प्रैक्टिस होनी चाहिए। उम्मीदवारों के पास 10 साल का अनुभव रखने वाले वकील का प्रमाण और समर्थन होना चाहिए और सभी राज्य सरकारें सिविल जज के लिए नियमों में संशोधन करेंगी। ऐसी भर्तियां, जो लंबित थीं, वो अब संशोधित नियमों के अनुसार बढ़ेंगी।

### क्या है मामला?

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने 2002 में न्यायिक सेवा नियमों में संशोधन किया था, जिसको सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने संशोधन के जरिए अनिवार्य किया था कि न्यायिक सेवा परीक्षाओं में बैठने के लिए उम्मीदवारों के पास 3 साल का वकालत अभ्यास होना चाहिए। इसका बार काउंसिल ऑफ इंडिया और कई राज्य बार काउंसिल ने समर्थन दिया और कई राज्यों ने अपनाया। हालांकि, लॉ स्नातक और शिक्षाविद् इसके विरोध में हैं।

### परमाणु साइंटिस्ट श्रीनिवासन का निधन



**नई दिल्ली।** भारत के न्यूक्लियर एनर्जी प्रोग्राम पर काम करने वाले साइंटिस्ट एमआर श्रीनिवासन का आज 20 मई को तमिलनाडु के ऊटी में निधन हो गया। वो 95 साल के थे। उनकी बेटी शारदा श्रीनिवासन ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सोमवार को वो अचानक बीमार पड़ गए और उन्हें अस्पताल लेकर जाया गया। मंगलवार सुबह 4 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली।

# जंगल में गूंजा आतंक

## मौन साधना में लीन संत पर कातिलाना हमला

**छछरौली।** अजात आश्रम चिक्कन के संत शिव पुत्र ब्रह्मचारी पर देर रात तो दो बाइक पर सवार होकर आए चार बदमाशों ने चाकू लाठी डंडे व सरिए से हमला कर घायल कर दिया। बदमाशों ने संत को घायल कर रस्से से बांधकर एक कमरे में बंधक बनाकर मंदिर में लूटपाट की। चोरों ने मंदिर में रखे तमाम सामान की उलट-उलट कर जांच की और कीमती सामान लेकर फरार हो गए। मोनी बाबा ने छत से कूद कर घायल अवस्था में गांव पहुंचकर सरपंच को घटना की जानकारी दी। सरपंच व ग्रामीणों तथा वन विभाग के कर्मचारियों की मदद से नाकाबंदी कर जंगल के बीच छुपे यूपी निवासी चारों बदमाशों को दो बाइक सहित पड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। बदमाशों ने पूछताछ में अपना नाम मुकारिब, मुनव्वर, सालिम व आवरे खान बताया है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि चारों बदमाश यूपी के शेरपुर पेलों गांव के रहने वाले हैं। जानकारी के अनुसार लूटपाट के इरादे से मंदिर में घुसे बदमाशों ने संत पर चाकुओं व सरिए से घातक प्रहार कर उसे मूर्छित अवस्था में रस्से से बांधकर एक कमरे में बंद कर दिया था।

### कर्नाटक में भारी बारिश से 8 की मौत

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में तेज बारिश के कारण 8 लोगों की मौत हुई है। बेंगलुरु में भारी बारिश के कारण 500 से ज्यादा घरों में पानी भर गया। बीटीएम लेआउट में पानी भरे अपार्टमेंट में करंट लगने से 12 साल के बच्चे और 63 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। व्हाइटफील्ड में दीवार गिरने से 35 साल की महिला की मौत हो गई। शिवगंगा जिले के मल्लाकोट्टई में पत्थर की खदान में ढह गई। इस घटना में 5 मजदूरों की मौत हो गई।

# मुर्शिदाबाद हिंसा में 113 घरों को सबसे ज्यादा नुकसान

## हाईकोर्ट कमेटी ने पुलिस की निष्क्रियता पर सवाल उठाए

कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में अप्रैल में सांप्रदायिक हिंसा को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट की तरफ से गठित जांच समिति ने गंभीर खुलासे किए हैं। इसमें कहा गया है कि हिंसा में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के स्थानीय नेता की भूमिका थी। हमलों का नेतृत्व स्थानीय पार्षद महबूब आलम ने किया। रिपोर्ट के अनुसार हिंसा में खासतौर पर हिंदू समुदाय को निशाना बनाया गया।



इस दौरान स्थानीय पुलिस पूरी तरह से निष्क्रिय रही। पीड़ितों ने कई बार पुलिस को कॉल किया, लेकिन कोई मदद नहीं पहुंची। दरअसल, 17 अप्रैल को हाईकोर्ट ने तीन सदस्यीय समिति का गठन किया था। इसमें राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, पश्चिम बंगाल मानवाधिकार आयोग और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक-एक सदस्य शामिल थे। पश्चिम बंगाल में 11-12 अप्रैल को नए वक्फ बोर्ड कानून के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ उग्र हो गई थी। इसके बाद मुर्शिदाबाद में हिंसा हुई। इसमें कम से कम तीन लोगों की मौत हुई थी और कई लोग घायल हुए थे।

### रिपोर्ट के 4 मुख्य बिन्दु

- 1. मुख्य हमला 11 अप्रैल, शुक्रवार को दोपहर 2.30 बजे के बाद हुआ।
- 2. पार्षद महबूब आलम उपद्रवियों के साथ आए थे। इसके बाद हिंसा भड़की।
- 3. बेटबोना गांव में 113 घरों को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा।
- 4. बेतरतीब आगजनी, लूटपाट और दुकानों व मॉल्स को निशाना बनाया गया।

# मंत्री विजय शाह केस की एसआईटी पर सवाल

## एसआईटी के दो अफसर शाह के मंत्रित्व काल में एसपी रहे: सिंघार

भोपाल



प्रमोद वर्मा, आईजी सागर | कल्याण चक्रवर्ती, डीआईजी एसएएफ | वाहिनी सिंह, एसपी, डिंडौरी

कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने के मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर मध्यप्रदेश सरकार ने विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित की है। इस एसआईटी में सागर रेंज के आईजी प्रमोद वर्मा को मुखिया बनाया गया है। वर्मा के अलावा एक महिला और एक पुरुष आईपीएस को इस टीम में शामिल किया गया है। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने इस एसआईटी में शामिल दो अफसरों पर सवाल उठाए हैं। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एक्स पर लिखा- कर्नल सोफिया कुरैशी पर दिए गए आपत्तिजनक बयान के मामले में मंत्री विजय शाह के खिलाफ सरकार ने जो तीन सदस्यीय एसआईटी गठित की है, उसकी निष्पक्षता पर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। सिंघार ने आगे लिखा- सूत्रों से पता चला है। एसआईटी में शामिल आईजी प्रमोद वर्मा 2010 में एसपी खरगोन थे। उसी वक्त विजय शाह जिले के प्रभारी मंत्री थे। डी कल्याण चक्रवर्ती 2018 में एसपी खरगोन थे। उस समय विजय शाह वन मंत्री थे। नेता प्रतिपक्ष ने आगे लिखा- सरकार पर सवाल उठते हैं, क्या सुप्रीम कोर्ट को रिपोर्ट देने के नाम पर सरकार आंख मिचौली खेल रही है? या फिर एसआईटी की निष्पक्षता सिर्फ दिखावा बनकर रह गई है?

### सोमवार देर रात बनी एसआईटी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार इसके आदेश दिए थे। जिसके बाद डीजीपी कैलाश मकवाना ने सोमवार रात को जांच के लिए एसआईटी का गठन कर इसका आदेश जारी कर दिया। तीन सदस्यीय एसआईटी में 1. प्रमोद वर्मा, आईजी सागर जोन, 2. कल्याण चक्रवर्ती, डीआईजी, 3. एसएएफ, वाहिनी सिंह, एसपी, डिंडौरी शामिल हैं। ये तीनों आईपीएस अधिकारी विजय शाह मामले की जांच करेंगे।

# बगैर मजदूरों के ही सेमरा पंचायत में हो रहा निर्माण कार्य

## सरपंच-सचिव द्वारा मजदूरों का पैसा सामग्री के नाम बेंडर के खाते में किया जा रहा भुगतान

जयसिंहनगर (स्वतंत्रमत)।

बिना मजदूरों के कोई भी निर्माण कार्य का होना संभव नहीं है। ग्राम पंचायत मे कोई भी तकनीकी अमला निर्माण कार्यों का जब स्टीमेट तैयार करता है तो उसमे मजदूरी का जिक्र करता है। लेकिन जनपद पंचायत जयसिंहनगर अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा मे बिना मजदूरों के ही निर्माण कार्य हो रहे है जो जन चर्चा का विषय बना हुआ है। सरपंच सचिव द्वारा कमीशन के चक्कर में मजदूरी का पैसा वेंडर से समाग्री के नाम बिल ले उनके खाते मे भुगतान किया जाकर नियम विरुद्ध नगद राशि मजदूरों को दी जा रही है जबकि मजदूरी का पैसा नियमानुसार उनके खाते मे डालना चाहिए।




ग्राम पंचायत सेमरा मे सरपंच, सचिव द्वारा खुलकर भ्रस्टाचार किया जा रहा है। यदि इनके द्वारा कराये गये निर्माण कार्यों की जांच हो तो कई निर्माण कार्य ऐसे सामने आयेगे जिनमे इनके द्वारा गडबडझाला किया गया है। खबर तो यह भी है कि पंचायत के सरपंच सचिव द्वारा ऑफ रिकार्ड ठेके पर कार्य देकर वेंडर से सांठ-गांठ कर कमीशन के फेर मे मजदूरी के भुगतान का भी पैसा समाग्री के नाम बिल लगा भुगतान कर रहे है।

ग्राम पंचायत मे मनोज बैगा सरपंच एवं वीरेंद्र चतुर्वेदी सचिव के पद पर पदस्थ है इनके कार्यकाल मे जमकर गडबडझाला होने की खबर है। अपुष्ट सूत्रों द्वारा पर्दे के पीछे से पूरा खेल रोजगार सहायक अजय गुप्ता द्वारा खेले जाने की बात बताई जा रही है। ग्राम पंचायत में मेन रोड से ज्वाला माता मंदिर की ओर 215 मीटर पीसीसी सडक का निर्माण कराया गया है। सडक निर्माण मे मजदूरी मे 152400 एवं मटेरियल मे 8 लाख 63 हजार 600 रूपये कुल 10 लाख 16 हजार की लागत से कराया जाना था किन्तु सरपंच एवं सचिव द्वारा सडक निर्माण मे मजदूरों के हक की राशि को भी वेंडर के खाते में भुगतान कर दिया गया है। तकनीकी जानकारों की माने तो मजदूरी का भुगतान मटेरियल के नाम वेंडर के खाते मे करना गलत है, कंही न कंही फर्जीवाडा हुआ है। इसी तरह तुलसी दास पटेल के घर के पास बने कलवर्ट पुलिया में भी मजदूरी की राशि को समाग्री के नाम बिल लगाकर वेंडर के खाते मे भुगतान कर फर्जीवाडा किया गया है। यदि जनपद पंचायत से सीईओ द्वारा टीम गठित कर सरपंच सचिव द्वारा कराये गये निर्माण कार्यों के भुगतान की जांच करायी गई तो निर्माण कार्यों मे मजदूरी का पैसा वेंडर के खाते मे फर्जी तरीके से भुगतान किये जाने का खुलासा हो सकता है।



# जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की सुनी समस्याएं : कलेक्टर

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने कलेक्टर कार्यालय के सोन सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में शहडोल जिले के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं व शिकायतें सुनी तथा निराकरण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

जनसुनवाई में जिले की गोहपारू तहसील की ग्राम पंचायत तेरसी बैगा ने पति संतोष बैगा की मृत्यु के बाद अपने पुत्र को अनुकंपा नियुक्ति प्रदान करने बावत, तहसील सोहागपुर की ग्राम पंचायत पिपरिया की समस्त ग्रामवासियों ने समर्शियल पंप लगवाने हेतु, निर्मल सिंह पिता नाहर सिंह निवासी वार्ड नं. 29 शहडोल ने आर्थिक सहायता प्राप्त करने बावत, सोहागपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत कल्याणपुर निवासी दयाशंकर ने अग्नि दुर्घटना में वित्तीय सहायता प्राप्त करने हेतु, सोहागपुर तहसील की ग्राम पंचायत सिंदुरी चुनिया निवासी रामावतार पटेल ने गरीबी रेखा की सूची में नाम जु?वाने हेतु तथा मीना सिंह पति स्व. श्री राजू सिंह निवासी ग्राम पंचायत नवा टोला तहसील बु?ार ने पति की मृत्यु के बाद मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन कलेक्टर डॉ केदार सिंह को दिए।

### हाथियों से हुई तीन मौतों के बाद भेजा रेस्क्यू टीम

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जिले में विगत दिवस ब्यौहारी वनपरिक्षेत्र अंतर्गत जंगली हाथियों के पैरों तले दबने से तीन लोगों की मौत हुई थी। जिन क्षेत्रों में यह घटना घटी थी वहां वन विभाग द्वारा अलर्ट जारी कर गश्त ब?ा दी गई है। बांधवग? टाईगर रिजर्व उमरिया से 30 सदस्यीय रेस्क्यू दल भेजा गया है। जिसमें दो हाथी दल तथा पिंजरा भी शामिल है। शहडोल जिले के ब्यौहारी क्षेत्र में जंगली हाथियों के हमले से तीन ग्रामीणों की मौत के बाद वन विभाग ने ब?ा कदम उठाया है। सोमवार को सनौसी और डोडा के जंगल में हुई इस घटना के बाद मुख्यमंत्री मोहन यादव ने जांच के निर्देश दिए।

# कमिश्नर ने सुनी लोगों की समस्याएं, अधिकारियों को दिए समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश




**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** कमिश्नर संभाग सुरभि गुप्ता की उपस्थिति में कमिश्नर कार्यालय के अमरकंटक सभाकक्ष में साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जनसुनवाई कार्यक्रम में कमिश्नर शहडोल सुरभि गुप्ता ने संभाग के दूर-दराज से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनी और समस्याओं तथा शिकायतों का निराकरण समय-सीमा में करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिए। जनसुनवाई में बुढार के वार्ड नं 07 निवासी प्रेमचन्द्र मिश्रा ने आपनी आयकर को पैन कार्ड में दर्शाने हेतु, गोहपारू तहसील की ग्राम पचांयत देवग? निवासी शैलेश कुमार मिश्रा ने बंद विद्युत सप्लाई को पुनः चालू कराने बावत, सफीका बेगम पति शेख निजाम निवासी वार्ड नं. 19 धनपुरी ने गरीबी रेखा (बीपीएल) का कार्ड बनवाने हेतु, ऊषा सिंह सेवा निवृत्त पर्यवेक्षक बाल विकास परियोजना सोहागपुर शहडोल ने समयमान, वेतनमान संशोधित कराने हेतु, अनूपपुर जिले के विकास खंड जैतहरी की ग्राम पंचायत ताराडाड निवासी दशोरिया कोल ने पेयजल संकट को दूर करने हेतु आवेदन कमिश्नर संभाग सुरभि गुप्ता को दिए। जिस पर कमिश्नर ने प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु संबंधित विभाग के अधिकारी की ओर आवेदन प्रेषित कर शीघ्रता के साथ निराकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार अन्य अवेदकों ने भी अपनी शिकायतें एवं समस्याओं संबंधी आवेदन कमिश्नर को दिए। जिस पर कमिश्नर शहडोल संभाग सुरभि गुप्ता ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवेदन प्रेषित कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

# वृद्धाश्रम का शैक्षणिक-सामाजिक भ्रमण का हुआ आयोजन

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय, के अंग्रेजी विभाग द्वारा विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास तथा सामाजिक चेतना को सुदृ? करने की दिशा में एक सार्थक पहल करते हुए कल्याणपुर स्थित वृद्धाश्रम का शैक्षणिक-सामाजिक भ्रमण आयोजित किया गया। स्नातकोत्तर स्तर के विद्यार्थियों ने इस अवसर पर शिक्षकों की उपस्थिति में वृद्धजनों के साथ आत्मीय संवाद किया और उनके जीवन अनुभवों से समृद्ध हुए।



वृद्धाश्रम में विद्यार्थियों और वृद्धजनों के बीच जिस आत्मीयता का आदान-प्रदान हुआ, वह अत्यंत मार्मिक और प्रेरणादायी था। साथ ही, विद्यार्थियों द्वारा वृद्धजनों के मध्य फलों का वितरण भी किया गया, जिससे समूचे वातावरण में एक सहृदय और मानवीय ऊर्जा का संचार हुआ। छात्र-छात्राएं जैसे अपने ही दादा-दादी से मिल रहे हों, ऐसा स्नेहपूर्ण वातावरण सहज ही बन गया। अनेक वृद्ध महिलाओं ने छात्राओं को आलिंगन में लेकर अपनत्व प्रकट किया, जबकि एक वृद्ध सज्जन ने अंग्रेजी की कविताएं सुनाकर सभी को भावविभोर कर दिया। विभागाध्यक्ष प्रो. मनीषा तिवारी ने इस अनुभव को विद्यार्थियों के लिए अत्यंत मूल्यवान बताते हुए कहा शिक्षा केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए। विद्यार्थियों को जीवन के वास्तविक अनुभवों से जो?ना आज की आवश्यकता है। वृद्धाश्रम में बिताया गया यह समय हमारे विद्यार्थियों के भीतर करुणा, सहानुभूति और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को और गहरा करेगा।

इसी क्रम में डॉ. शुभम यादव ने बताया की वृद्धजनों के साथ संवाद करके विद्यार्थियों ने जिस सहजता और सम्मान का परिचय दिया, वह अत्यंत सराहनीय है। यह अनुभव उनके व्यक्तित्व में संतुलन, संवेदना और आत्मचिंतन की क्षमता को विकसित करेगा। इस प्रेरणादायक यात्रा में डॉ. ज्योति सिंह, डॉ. कात्यायनी, तथा पवन सोनी भी सम्मिलित रहे। प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन करते हुए उन्हें सामाजिक जु?ाव की महत्ता से अवगत कराया। यह पहल न केवल एक शैक्षणिक गतिविधि रही, बल्कि विद्यार्थियों के लिए एक मानवीय अनुभव भी सिद्ध हुई, जिसमें संवाद, स्नेह और संवेदना का गहरा प्रभाव देखने को मिला।

# भू-अभिलेखों में गड़बड़ियों को लेकर गोंगपा का दौरा

### एसडीएम को सौंपा ज्ञापन, भू-माफियाओं और भ्रष्ट अधिकारियों पर मिलीभगत का आरोप

**डिंडौरी।** गोंडवाना गणतंत्र पार्टी (गोंगपा) ने बजाग क्षेत्र के ग्राम पिपरिया माल और बघरेलीसानी का दौरा कर ग्रामीणों और किसानों से भेंट की। पार्टी पदाधिकारियों ने भू-अभिलेखों में हो रही गड़बड़ियों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए इसे एक सुनियोजित षड्यंत्र करार दिया। इस दौरान गोंगपा के



राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एडवोकेट इरफान मलिक, राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अमान सिंह पोर्ते, प्रदेश पदाधिकारी हरि मरावी, राजा बली, पंकज शुक्ला, रविशंकर बैगा, अनीस खान, ब्लॉक प्रमुख प्रशांत मरावी, नरेन्द्र धुर्वे, धर्मेन्द्र मानिकपुरी, योगेश कुमार समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

ग्रामीणों ने बातचीत में बताया कि पिपरिया माल, बघरेलीसानी, बौना, जल्दा जैसे क्षेत्रों में भू-अभिलेखों में व्यापक गड़बड़ियां हैं। किसानों की जमीन के रिकॉर्ड ठीक से दर्ज नहीं हैं, जिससे उन्हें गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने यह भी आशंका जताई कि यह सब भू-माफियाओं और पूंजीपतियों के इशारे पर हो रहा है, जिसमें कुछ भ्रष्ट अधिकारियों और कर्मचारियों की भी मिलीभगत हो सकती है। इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए गोंगपा प्रतिनिधिमंडल ने बजाग रामबाबू देवांगन से भेंट कर उन्हें ज्ञापन सौंपा और विशेष शिविर आयोजित कर समाधान की मांग की। एसडीएम ने समस्याओं को संज्ञान में लेते हुए शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। पार्टी ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो ग्रामीणों के साथ मिलकर आंदोलनात्मक रास्ता अपनाया जाएगा।

# जिले में नहीं लगा शिक्षकों की समस्याओं का निराकरण शिविर, शिक्षक संगठन ने जताई नाराजगी

डिंडौरी (स्वतंत्रमत)।

प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार 19 से 30 मई तक सभी जिलों में शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण हेतु विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं, लेकिन डिंडौरी जिले में अब तक ऐसा कोई भी शिविर आयोजित नहीं किया गया है। इससे नाराज शासकीय शिक्षक संगठन ने जिले की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। शासकीय शिक्षक संगठन डिंडौरी के अध्यक्ष राम कुमार गर्ग ने बताया कि जिले में शिक्षकों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दे वर्षों से लंबित हैं। सेवा पुस्तिका संधारण, एरियर भुगतान, वरिष्ठता सूची प्रकाशन, उच्च पद प्रभार, अति शेष शिक्षकों का समायोजन जैसे विषयों पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो रही है।

वहीं, उच्च कार्यालय के आदेशों की लगातार अनदेखी की जा रही है। गर्ग ने कहा कि शिक्षा विभाग और आदिम जाति कल्याण विभाग की निष्क्रियता के कारण शिक्षक लगातार परेशान हैं। विभाग सिर्फ कागजों में आदेशों का पालन कर रहा है, जबकि ज़मीनी स्तर पर कोई ठोस पहल नहीं की जा रही। उन्होंने यह भी बताया कि कलेक्टर की अध्यक्षता में होने वाली संयुक्त परामर्शदात्री समिति की बैठक भी लंबे समय से आयोजित नहीं की गई है, जिससे शिक्षकों को अपनी समस्याएं रखने का अवसर भी नहीं मिल पा रहा है। शिक्षक संगठन ने शासन से मांग की है कि डिंडोरी जिले में भी अन्य जिलों की तरह शिविर आयोजित कर शिक्षकों की समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए, ताकि उन्हें उनके विधिसम्मत अधिकार समय पर मिल सकें।

# ठेकेदारों की लापरवाही से टूटी पाइपलाइन जातांडोंगरी में पेयजल संकट गहराया

### जाताडोंगरी में नल-जल योजना अधर में, सरपंच ने कलेक्टर से लगाई गुहार



**डिंडौरी।** जनपद पंचायत समनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत जाताडोंगरी में नल-जल योजना वर्षों से अधूरी पड़ी है, जिससे ग्रामवासियों को भारी पेयजल संकट का सामना करना पड़ रहा है। योजना के तहत पीएचई विभाग द्वारा पाइप लाइन बिछाई गई थी, किंतु वह न तो पूर्ण रूप से कार्यान्वित हुई और न ही जिन स्थानों पर पाइपलाइन बिछाई गई, वहां तक जल आपूर्ति सुनिश्चित हो पाई। ग्राम पंचायत सरपंच श्री दशरथ परतेती के अनुसार, कई बार पीएचई विभाग के अधिकारियों को मौखिक एवं लिखित रूप में शिकायत की गई है, किंतु विभाग की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इसके अतिरिक्त समनापुर से बजाग मार्ग निर्माण के दौरान ठेकेदार द्वारा सड़क किनारे बिछाई गई पाइप लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया, जिससे पानी की टंकी तक जल नहीं पहुंच पा रहा है। इसी तरह, जाताडोंगरी से बोंदर तक के मार्ग निर्माण और नर्मदा जल परियोजना के अंतर्गत पाइपलाइन बिछाने वाले ठेकेदारों द्वारा भी नल-जल योजना की पाइपलाइन को नुकसान पहुंचाया गया है। सरपंच के अनुसार, पीएचई विभाग के एसडीओ और उपयंत्री द्वारा मरम्मत का आश्वासन कई बार दिया गया, परंतु अब तक कोई कार्य नहीं हुआ है। स्थिति यह है कि पूरे गांव में पेयजल का अभाव उत्पन्न हो गया है और ठेकेदार द्वारा नल-जल योजना ग्राम पंचायत को आज दिनांक तक हस्तांतरित भी नहीं की गई है। सरपंच ने कलेक्टर से मामले में हस्तक्षेप कर समुचित कार्रवाई की मांग की है, ताकि ग्रामवासियों को शीघ्र राहत मिल सके।

### होमगार्ड का एक दिवसीय प्रशिक्षण जनपद पचायत बजाग

**डिंडौरी।** भारत सरकार, राज्य शासन द्वारा प्रसारित आदेशों एवं महानिदेशक होमगार्ड्स तथा कंट्रोलर सिविल डिफेंस द्वारा दिए गये निर्देशों के अनुपालन में जिला कार्यालय होमगार्ड् डिंडौरी में आज 20 मई 2025 को डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट की उपस्थिति में नए 52 सिविल डिफेंस वोलेंटियर एवं 9 होमगार्ड का एक दिवसीय प्रशिक्षण जनपद पचायत बजाग में मुख्य कार्यपालन अधिकारी बजाग की मुख्य आतिथ्य में चलाया गया जिसमें वोलेंटियर को हवाई हमले के दौरान बचाव कार्य, रेड एवं ग्रीन सायरन की जानकारी, ब्लैकाउट के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां, नागरिक सुरक्षा की 12 महत्वपूर्ण सेवाओ की जानकारी ,घायलों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाने की विधि, आग की जानकारी एवं प्रथमोपचार, रक्त बहाव को रोकना ऊचे भवन से घायल को नीचे उतारने के तरीके आदि विषयों के संबंध मे प्रशिक्षण दिया गया।

# जनसुनवाई में प्राप्त हुए 82 आवेदन, कलेक्टर नेहा मारव्या ने त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

डिंडौरी (स्वतंत्रमत)

कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई का आयोजन किया। इस जनसुनवाई में जिले के आमजन ने कुल 82 आवेदन प्रस्तुत किए, जिनमें से अधिकांश का त्वरित निराकरण किया गया। शेष आवेदनों को निर्धारित समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं।

जनसुनवाई के दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री अनिल कुमार राठौर, अपर कलेक्टर श्री सुनील शुक्ला सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने प्रत्येक आवेदक की समस्या को गंभीरता से सुना और त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु निर्देश जारी किए। जनसुनवाई में विभिन्न विभागों से जु?ी समस्याएं सामने आईं। इनमें स?क निर्माण, पेयजल व्यवस्था, अनुकम्पा नियुक्ति, और तालाब निर्माण, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, कच्ची स?कों की दुर्दशा, अवैध कब्जे और भ्रष्टाचार जैसी ?रूरतें प्रमुख रहीं।




ग्राम पंचायत देवरीकला के ग्रामीणों ने आवेदन सौंपकर हल्का पटवारी शंकर लोधी पर आरोप लगाया कि उसने गांव के समीप शासकीय भूमि को निजी बताकर अवैध रूप से कब्जा करवा दिया है।

ग्रामीणों ने बताया कि एक प्रभावशाली व्यक्ति द्वारा मंदिर और मकान निर्माण के नाम पर शासकीय भूमि पर कब्जा किया जा रहा है। इस संबंध में पटवारी की मिलीभगत का भी आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने तत्काल अतिक्रमण हटाने की मांग की है। जिस पर कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने संबंधित तहसीलदार को जांच करते हुए कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया। एक अन्य आवेदन में ग्रामीणों ने बताया कि चांदरानी से बिजापुरी (समनापुर) तक की स?क पूरी तरह कच्ची और कीच?युक्त है, जिससे बरसात के मौसम में लगभग 15 गांवों का संपर्क टूट जाता है। स्कूली बच्चों और किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना प?ता है। ग्रामीणों ने स?क को शीघ्र पक्की बनाने की मांग करते हुए कहा कि यह स?क उनकी जीवनरेखा है। जिस पर संबंधित विभागीय अधिकारी को समस्या का निराकरण करने के निर्देश दिए। ग्राम पडरिया निवासी महिला ने बताया कि उसकी स्वामित्व वाली भूमि पर कुछ लोगों के द्वारा अतिक्रमण कर रखा है। जिस पर कलेक्टर श्रीमती मारव्या ने तहसीलदार को अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए।

ग्राम बरगांव निवासी महेन्द्र पिता शोभाराम ने आवेदन प्रस्तुत कर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृति की मांग की है। उन्होंने बताया कि वे कच्ची झोप?ी में जीवन यापन कर रहे हैं और पूर्व में वर्ष 2019 व 2020 में दो बार आवेदन देने के बावजूद भी आज तक उन्हें कोई आवास नहीं मिला है।

कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत को आवास आवंटित कराने के निर्देश दिए। डिंडोरी नगर के वार्ड क्रमांक 14 के निवासी श्री हुल्कर सिंह ने विद्युत विभाग पर अनावश्यक रूप से अधिक यूनिट का बिल भेजने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि सिंचाई हेतु ग्राम खिरसारी में 2 एचपी और डिंडोरी स्थित भूमि में 1 एचपी का मोटर लगा हुआ है। परंतु विभाग द्वारा उन्हें 1 एचपी के स्थान पर 2 एचपी एवं 2 एचपी के स्थान पर 4 एचपी का विद्युत बिल भेजा गया है, जिससे उन्हें आर्थिक परेशानियों का सामना करना प? रहा है। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या ने विद्युत विभाग के अधिकारी को तत्काल निराकरण करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अन्य विभागीय कार्यों का भी निराकरण किया गया।

# गरीबों को उजाड़ने से पहले भाजपा कार्यालय और स्टेडियम को हटाया जाये

## रानीताल में सिटी लेवल पार्क निर्माण पर रोक लगाने सौंपा ज्ञापन





**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रानीताल क्षेत्र में सिटी लेवल पार्क निर्माण पर रोक लगाने के उद्देश्य से क्षेत्रीय पार्षद संतोष दुबे पंडा द्वारा कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। उन्होंने बताया कि रानीताल तालाब गोंडवाना कालीन से स्थापित है। गोंडवाना की रानी दुर्गावती ने जबलपुर अतिउत्तम जल व्यवस्थापन के लिए अकेले जबलपुर में 52 ताल एवं 72 तलैयों का निर्माण कार्य कराया था। जिसमें रानीताल तालाब जबलपुर का सबसे बड़ा तालाब हुआ करता था। परन्तु समय के साथ साथ यह तालाब अपना अस्तित्व खोता चला गया। 100 एकड़ का तालाब अब सीमित दायरे अर्थात् केवल 20 एकड़ में सिमट कर रह गया है। उन्होंने बताया कि मप्र उच्च न्यायलय की डबल बेंच ने तालाब को अतिक्रमण हटाकर स्वच्छ रखा जाए एवं इसे सहेजना एवं संवारने की दिशा में उचित कार्य किए जाने निर्देशित किया था। लेकिन इसके बाद भी आज रानीताल तालाब में तालाब ही नजर नहीं आता है।

**पहले दूसरों भवनों पर हो कार्यवाही:**-पार्षद संतोष दुबे ने ज्ञापन में बताया कि नगर निगम की मंशा के अनुरूप जिस प्रकार रानीताल में सिटी लेविल पार्क निर्माण का कार्य शुरू किया जाना है। जिसमें तालाब के आस पास के रहवासियों को अतिक्रमण कर हटाने की बात कहीं जा रही है। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम पूरे तालाब का न्यायोचित सीमांकन कर अतिक्रमण को हटाया जाये। जिस प्रकार पूर्व में रानीताल तालाब की भूमि का जो बंदरबाट किया गया जिसमें, पत्रकार कॉलोनी, भाजपा कार्यालय, स्टेडियम, यूथ हॉस्टल, सार्वजनिक शौचालय, लोकसेवा केंद्र, लोकायुक्त कार्यालय के लिए जगह दी गई, उन्हें भी हटाया जावे । केवल गरीबों को न हटाया जाये। वरन् रानीताल तालाब के किनारे रह रहे गरीब परिवारों को अन्यत्र मकान बना कर इन्हें व्यवस्थित किया जाए जिससे और सीमांकन के बाद ही अतिक्रमण को हटाया जाये जिससे सभी के साथ उचित संगत न्याय हो।

**तालाब को दिया जाए वृहद रूप:**-ज्ञापन में बताया गया कि ऐसे में यदि सिटी लेविल पार्क निर्माण करना न्यायालय के आदेशों की अवहेलना की श्रेणी में आता है एवं संबंधित विषय के अन्य प्रकरण भी न्यायालय में विचाराधीन हैं। उन्होंने बताया कि हमारी मांग है कि गार्डन के स्थान पर रानीताल तालाब का विस्तारीकरण कर के तालाब को बड़ा एवं वृहद रूप दिया जाए । जिससे बारिश के पानी को सहेजकर भू-जल स्तर को भी रीचार्ज किया जा सके । उन्होंने जिला प्रशासन से मांग कि है की रानीताल तालाब को तालाब ही रहने दिया जाए व भविष्य को देखते हुए तालाब को एक बड़ा आकार देकर एक मिसाल पेश की जाए इस ऐतिहासिक तालाब को लघु रूप में संकुचित न किया जाए ।



# विधायक कार्यालय में बजाया घंटा, थाली

## लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने किया प्रदर्शन

**सिहोरा (स्वतंत्र मत)।** उमा भारती कौन है, स्मृति ईरानी कौन है, प्रह्लाद पटेल कौन है, शिवराज सिंह कौन है और संतोष बरकड़े कौन है जैसे नारों के साथ शंख, घंटा, थाली बजाते हुए सिहोरा वासियों ने विधायक कार्यालय के सामने घंटो प्रदर्शन किया। विधायक संतोष बरकड़े ने प्रदर्शन कर रही समिति को वादा किया कि वे शाम तक मुख्यमंत्री को सिहोरा जिला बनाने हेतु पत्र लिखेंगे। समिति के सदस्यों ने कहा कि जब तक विधायक के द्वारा सिहोरा जिला हेतु मांग नही की जाती तब तक वे विधायक कार्यालय का पानी भी ग्रहण नहीं करेंगे।

**पत्र लिखने दिया वचन:**-आंदोलन समिति के मुताबिक विधायक संतोष बरकड़े ने समिति के सदस्यों से कहा कि वे दिल से चाहते है कि सिहोरा जिला बने और वे शाम तक मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जिला की मांग करेंगे। इसके बाद सभी ने विधायक के आग्रह पर जलपान ग्रहण किया। लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के सदस्यों ने कहा कि 6 जून 2003 को उमा भारती मुख्यमंत्री रहते सिहोरा आई थी और उन्होंने सिहोरा जिला की घोषणा की थी। इसके बाद पिछले विगत वर्ष विधानसभा चुनाव की पूर्व प्रहलाद पटेल, स्मृति ईरानी, शिवराज सिंह चौहान, संतोष बरकड़े ने सार्वजनिक रूप से सिहोरा को जिला बनाने का वचन दिया था। समिति ने अपना संकल्प दोहराया कि वे इन सारी घोषणाओं के कार्यक्रमों में उपस्थित स्थानीय नेताओं के घर प्रदर्शन के अपने निर्णय पर कायम है और सभी लोगों के घर प्रदर्शन के बाद 6 जून को विशाल प्रदर्शन एवं आमसभा का आयोजन किया जाएगा । समिति ने घोषणा की कि अब आगामी 24 मई को मंडल अध्यक्ष सतीश पटेल के निवास पर प्रदर्शन किया जावेगा। प्रदर्शन में समिति के विकास दुबे, अनिल जैन, संतोष पांडे, श्याम मिश्रा, मालवीय, नीतेश खरया, रामजी शुक्ला, कंचन सेठ, आशीष व्योहार, रमा चौरसिया सहित अन्य जन मौजूद रहे।

# श्रमजीवी सफाई कर्मचारी संघ ने सौंपा ज्ञापन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मप्र श्रमजीवी सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री नीरज बाल्मीक, संभाग अध्यक्ष जगदीश चौटेल, जिलाध्यक्ष जितेन्द्र मलिक के नेतृत्व में सफाई कर्मचारियों की उपस्थिति में कलेक्टर एवं संयुक्त संचालक संभागीय कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें सफाई कर्मचारियों की 6 सूत्रीय मांगों का निराकरण किये जाने की मांग की गई। साथ ही मुख्य नगर पालिका अधिकारी सिहोरा को लिखित पत्र के माध्यम से सफाई कर्मचारियों लंबित वेतन का भुगतान शीघ्र करने की मांग की गई। इसके अलावा निकाय की परिषद की बैठक में शेष 5 बिन्दुओं की मांगों को रखकर सफाई कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण की बात कही गई। ज्ञापन सौंपते समय मप्र श्रमजीवी सफाई कर्मचारी संघ के प्रदेश महामंत्री नीरज बाल्मीक, संभाग अध्यक्ष जगदीश चौटेल, जिलाध्यक्ष जितेन्द्र मलिक, दीप कुमार मलिक, भगत लाल, नीरज सोनकर, राकेश मलिक, प्रमोद मलिक, हरिलाल यादव, संगीता चौटेल, छाया मलिक आदि उपस्थित रहे।

# अटेंडर लॉकर में छिपाकर ले जा रहा था अवैध शराब

## हमसफर ट्रेन से महंगी शराब के साथ गिरफ्तार



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** जीआरपी जबलपुर की टीम ने मंगलवार को ट्रेन में चैकिंग के दौरान अटेंडर प्रवचन कुमार महतो को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से 38 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त की है। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसके घर पर शादी है, इसलिए दिल्ली से शराब खरीदकर अपने घर पटना ले जा रहा था। पूछताछ में यह भी खुलासा हुआ है कि प्रवचन लंबे समय से ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों को महंगे दामों में शराब सप्लाई किया करता था। रोज की तरह मंगलवार की सुबह जीआरपी रेलवे स्टेशन में आने-जाने वाली ट्रेन में चैकिंग कर रही थी। जैसे ही ट्रेन नंबर 22354 बेंगलुरु-पटना हमसफ र एक्सप्रेस प्लेटफार्म नंबर 5 पर पहुंची तो जीआरपी ने कोच में तलाशी शुरू कीए इस दौरान जीआरपी को देखते ही प्रवचन अजीब हरकत करते हुए कोच से उतर गया। संदिग्ध हरकत देखकर जीआरपी ने प्रवचन को पकड़कर पूछताछ की, तो उसने बताया कि वह ट्रेन में अटेंडर है।

**चाबी मांगी तो बहाना बनाने लगा आरोपी**-जानकारी अनुसार जीआरपी ने उससे लॉकर खोलने को कहा तो चाबी ना होने का बहाना बनाने लगा। पुलिस ने जब सख्ती की तो प्रवचन ने लॉकर खोला, उसमें 38 बोतल शराब की रखी थी। जीआरपी ने शराब को बरामद करते हुए प्रवचन कुमार को हिरासत में लिया। जीआरपी थाना प्रभारी बलराम यादव ने बताया कि बिहार में शराबबंदी होने के कारण उस तरफ जाने वाली ट्रेन की रोजाना ही तालाशी की जाती है। आज भी जैसे ही बेंगलुरु-पटना ट्रेन स्टेशन पहुंची तो पुलिस ने तालाशी शुरू कर दी। थाना प्रभारी के मुताबिक आरोपी ने शराब दिल्ली से खरीदी थी और अपने घर पटना ले जा रहा था। पुलिस ने आरोपी को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरु कर दी और यह पता लगाया जा रहा है कि प्रवचन कब से ट्रेन में अटेंडर के तौर पर काम कर रहा है और ट्रेनों में शराब बेचने को लेकर और कौन-कौन उसके साथ हैं।

# 40 घंटे बाद बरगी डैम में मिला युवक का शव

## दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने गया था शहाबुद्दीन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** बरगी डैम में शहाबुद्दीन की लाश मिल गई है। रविवार शाम से रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा था। जिसके बाद मंगलवार को उसका शव बरामद हुआ है। जानकारी अनुसार अमखेरा का रहने वाला शहाबुद्दीन रविवार शाम दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने बरगी डैम गया। इस दौरान वह नहाते समय गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना की सूचना मिलते ही बरगी चौकी पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। रविवार और सोमवार को एसडीआरएफ ने तलाश की पर शहाबुद्दीन का पता नहीं चल पाया। मंगलवार की सुबह फिर से तलाश शुरू की गई, सुबह करीब 10 बजे घटनास्थल के पास ही शहाबुद्दीन का शव मिला। शहाबुद्दीन अपने दोस्तों गुलाम बारिश, समीर मंसूरी, मुहम्मद हुसैन और अन्य साथियों के साथ रविवार दोपहर बाइक से डैम पहुंचा था। गुलाम, समीर और मुहम्मद जब किनारे बैठे थे, तभी शहाबुद्दीन दो अन्य साथियों के साथ नहाने चला गया। नहाने से पहले उन्होंने कुछ फोटो भी लिए थे। नहाने के दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया था। पुलिस ने पीएम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया।



# जबलपुर भी बने मेट्रोपॉलिटन रीजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** वर्ष 2047 की विजन एवं परिकल्पना को ध्यान में रखते हुए शासन द्वारा इंदौर, भोपाल क्षेत्र को मेट्रोपॉलिटन रीजन के तौर पर विकसित करने की योजना बनाई गई है जिससे आने वाले वर्षों में समग्र तौर पर यह क्षेत्र विकसित हों तथा यह क्षेत्र स्वयं में आत्मनिर्भर बन सकें। इस आशय पर फेडरेशन ऑफ़ मध्य प्रदेश चैंबर्स ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष एवं जबलपुर संघर्ष समिति के संयोजक हिमांशु खरे ने प्रदेश शासन को सुझाव दिया है कि जबलपुर में भी मेट्रोपॉलिटन रीजन विकसित होना चाहिए क्योंकि यहां की आबादी भी तेजी से बढ़ रही है, संसाधनों पर दबाव बढ़ रहा है तथा समग्र समुचित विकास का आभाव भी देखने में आ रहा है। इस हेतु सुझाव उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री को प्रेषित किया है जिसमें जबलपुर, कटनी, मंडला, सिवनी, नरसिंहपुर आदि जिलों की तहसीलों को मिलाकर जबलपुर मेट्रोपॉलिटन रीजन बनाया जाए।

# अंतस गीत संगीत का शानदार आयोजन



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** अंतस साहित्यिक सामाजिक सांस्कृतिक संस्था एवं महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट के द्वारा आयोजित अंतस गीत संगीत के आयोजन के अवसर पर हिन्दी सिनेमाई इतिहास के महान अभिनेता एवं फिल्मकार मनोज कुमार को समर्पित आयोजन सरोज संतोषी के मार्गदर्शन, विनीता पैगवार विधि के निर्देशन, राजेश तिवारी के संयोजन एवं संदीप बनौधा के समन्वयन से शहीद स्मारक सभागार में संपन्न हुआ। आयोजन में दिनेश खड़ेतिया का बेहतरीन संगीत संयोजन रहा आपकी पूरी टीम ने बहुत मेहनत की और आयोजन को सफल बनाया। संस्था के संस्थापक डॉ. अनिल कुमार कोरी का पूरे आयोजन में विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम राजेश पाठक प्रवीण, आशुतोष तिवारी के सराहनीय संचालन से गरिमामय तरीके से सम्पन्न हुआ।

# सैंटिंग चुराने वाले दोनों गिरफ्तार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** ग्वारीघाट पुलिस ने बताया कि मंडला टिकरिया के देवगांव निवासी 35 वर्षीय संतोष नेताम मकान बनाने की ठेकेदारी करता है। मकान के लेंटर की सैंटिंग प्लेट खोलकर मकान के अंदर रख दी थी। विगत तीन दिनों से उसकी सैंटिंग प्लेट चोरी हो रहीं थी। 17 मई को अभिषेक चौधरी और विन्नू उर्फ विनोद निर्माणाधीन मकान के अंदर घुसे थेए जो कि शोर मचाने पर वहां से भाग गये थे। सूचना पर पुलिस ने दोनों आरोपियों को धर दबोचा। जिन्होंने सैंटिंग प्लेट चोरी करना स्वीकार किया और बताया कि चुराई सैंटिंग प्लेटों को उन्होंने जंगल में छिपाकर रखी हुई है। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर जंगल से चुराई हुई 22 नग सैंटिंग प्लेट बरामद करते हुए दोनों आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उन्हें हिरासत में लिया है।

# डीपीसी ने दान की इंजीनियरिंग की किताबें



## बुक बैंक का हो रहा नियमित संचालन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर दीपक सक्सेना के मार्गदर्शन में एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी के प्रयासों से पुस्तक मेले में बुक बैंक के सफल क्रियान्वन के पश्चात छात्रों अभिभावकों की सुविधा के लिये अब बुक बैंक का नियमित संचालन एमएलबी स्कूल परिसर के पास केंद्रीय ग्रंथालय (सेंट्रल लायब्रेरी) से नियमित किया जा रहा है। जहां विद्यार्थी अभिभावक, पढ़ी हुई पुरानी किताबें दान दे रहे हैं। कक्षा पहली से पांचवी 50, कक्षा छठवीं से आठवीं 100, कक्षा नौवीं, दसवीं 150 तथा कक्षा ग्यारहवीं, बारहवीं 200 की रेडक्रॉस के नाम दान की रसीद कटाकर प्राप्त कर रहे हैं। मंगलवार को डीपीसी योगेश शर्मा ने इंजीनियरिंग की बहुत सी किताबें सेंट्रल लाइब्रेरी बुक बैंक में दान करते हुए बताया कि अभिभावक-विद्यार्थी पूरे वर्ष केंद्रीय ग्रंथालय एमएलबी स्कूल के पास में किताबें दान एवं प्राप्त कर बुक बैंक का लाभ प्राप्त कर सकते हैं एवं वहाँ बैठकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं. इससे बड़ी संख्या में विद्यार्थी अभिभावक लवांवित हो रहे हैं इस दौरान बीएसी अजय रजक, लाइब्रेरियन वीरेन्द्र पटेल उपस्थित रहें।



# शानो-शौकत से निकला शाही संदल जुलूस

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हज़रत ख्वाजा अमीनुद्दीन चिश्ती कचहरी वाले बाबा साहब का शाही संदल जुलूस मंगलवार दोपहर 4 बजे नया मोहल्ला स्थित मरहूम चाँद खाँ के मकान से परंपरानुसार पूरे जोश और शानो-शौकत के साथ रवाना हुआ। संस्कारधानी में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले इस मशहूर संदल जुलूस की कयादत सज्जादानशीन बाबर खां बंदानवाजी एवं खादिम ए आला चंगेज खान अशरफी ने किया। इस बार संदल जुलूस ने एक बार फिर संस्कारधानी की गंगा-जमुनी तहज़ीब और एकता की अनूठी मिसाल पेश की। जुलूस में राधेश्याम गुप्ता, कवि तिवारी (बालाघाट), रमेश जेतवार, फहीम सिद्दीकी, दिलीप सिंह ठाकुर, कांतिलाल गुप्ता (पचमढ़ी), मोहम्मद इस्माईल बाबा (नागपुर), नफीस मिस्त्री (कटनी), नरेश मलिक, बंटी मंसूरी, शिवम, वन्स खनेजा, अमर भाई सहित प्रदेश व शहर के सभी धर्मों के सैकड़ों लोग शामिल हुए।

# प्राध्यापक संघ ने किया डॉ.आर.के.गुप्ता का सम्मान



**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रांतीय शासकीय महाविद्यालयीन प्राध्यापक संघ द्वारा 43 वर्ष की शासकीय सेवापूर्ण करने पर डॉ. आरके गुप्ता, वरिष्ठ प्राध्यापक वाणिज्य, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय महाकोशल स्वशासी महाविद्यालय जबलपुर का पुष्पगुच्छ एवं शाल, श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। संभागीय अध्यक्ष प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि डॉ. आरके गुप्ता अपने विद्यार्थियों एवं सहकर्मियों के बीच अपनी सहजता, मिलन सारता एवं हंसमुख स्वभाव के कारण लोकप्रिय है। उन्होनें विद्यार्थियों को अपने ज्ञान से हमेशा दिशा-दर्शन दिया है।

# आर्मी सप्लाई लाईसेंस के नाम पर 15 लाख हड़पे

## जालसाज ने खुद को बताया था रिटायर्ड कस्टम कमिश्नर, प्रकरण दर्ज




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पनागर में रहने वाले अभय असाटी को राजन सिंह नामक व्यक्ति ने स्वयं को रिटायर्ड कस्टम कमिश्नर बताते हुए 15 लाख रुपए हड़प लिये, राजन सिंह ने आर्मी में माल सप्लाई करने का लाइसेंस दिलाने के झांसा देकर धोखाधड़ी की है। पुलिस ने अभय असाटी की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर जांच मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार शिवाजी वार्ड पनागर निवासी अभय असाटी उम्र 51 वर्ष आरटीओ में बीमा एजेन्ट का काम करते हैं। उनका कार्यालय मेन रोड पनागर मे कमानिया गेट के पास है। करीब पांच साल पहले ग्वारीघाट आश्रम में अभय की मुलाकात राजन सिंह निवासी रहेजा रेसीडेंसी गोरेगांव मुम्बई स्थाई पता ग्राम बख्तरी जिला जौनपुर उत्तरप्रदेश से हुई थी। इस दौरान राजनसिंह ने स्वंय को रिटायर्ड अधिकारी कस्टम कमिश्नर बताया था। परिचय होने के बाद अभय की राजन सिंह से बातचीत होने लगी। राजनसिंह का जबलपुर आना जाना होने लगा। मुलाकात के दौरान राजन सिंह ने अभय से कहा कि मेरे संबंध आर्मी में वरिष्ठ अधिकारियों से हैं। जिनसे बोलकर आर्मी में सामान सप्लाई करने का लायसेंस दिलवा देगें। इसके लिए रजिस्ट्रेशन की फीस देना होगी।

**रूपये हड़पने के बाद हुआ फरार:**-राजनसिंह के कहने पर अभय असाटी ने साढ़े तीन लाख रूपये राजन सिंह द्वारा बताए गए स्टेट बैंक आफ इंडिया के खाते मे डलवा दिये। उसके कुछ दिन बाद राजन सिंह ने यह कहते हुए और रुपयों मांगे कि इतने में काम नहीं हो पायेगा। भरोसे में आकर अभय ने राजनसिंह व उसकी बेटी के एकाउंट में रुपए भेज दिये। इस तरह राजनसिंह ने करीब 15 लाख रुपए अपने एकाउंट में डलवा लिये। इसके बाद से जुलाई 2024 से राजन सिंह तथा राजन सिंह के परिवार वालों ने मोबाइल नम्बर बंद कर दिये। इसके बाद से अभय ने राजन सिंह से संपर्क करने के प्रयास किये, लेकिन कोई संपर्क नहीं हो पाया। पुलिस ने अभय असाटी की शिकायत पर विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# मंत्री दिलीप जायसवाल कल आयेंगे

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** प्रदेश के कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार दिलीप जायसवाल का गुरुवार कल सुबह 5.30 बजे भोपाल से इंदौर-जबलपुर सुपरफास्ट एक्सप्रेस द्वारा जबलपुर आगमन होगा। वह सुबह 9 बजे मंडला प्रस्थान करेंगे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

**मैं ब्रायन डासिल्वा आत्मज स्व. इ.टी. डासिल्वा, निवासी 18, साउथ सिविल लाइंस डॉ डा सिल्वा रोड, जबलपुर। मैं कथन करता हूँ कि मैंने मेरा नाम (टेरेंस ब्रायन डासिल्वा) से बदल कर (ब्रायन डासिल्वा) कर लिया है, उक्त नाम मेरे अन्य सभी शासकीय दस्तावेजों में उल्लिखित है।**

## सिंगलटोला अण्डर ब्रिज बनाने रेल मंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** मंगलवार 20 मई को नगर पालिका उपाध्यक्ष अमृत लाल यादव ने एडीएम को ज्ञापन सौंपा और मांग की गई है कि नगर के शाहपुरा रोड़ स्थित सिंगलटोला उमरिया वार्ड क्र0 20 में रेल्वे फाटक है । आपसे विनम्र गुजारिस है कि सिंगलटोला उमरिया वार्ड क्र0 20 रोड के दोनों तरफ बसा हुआ है। यहां पर रोड के किनारे आंगनबाड़ी एवं प्राथमिक पाठशाला व कम्प्यूटर कॉलेज, प्राईवेट आई.टी.आई. संचालित है। आवागमन हेतु यह मुख्य मार्ग है। भारी वाहनों को बाहर से निकासी किया जाना है। अत: सिंगलटोला के अंदर से ओभर ब्रिज न बनाया जाए। रेलवे फाटक से पर पुल बना हुआ है, उसी को अण्डर ब्रिज बना दिया जाय। दोनो मात्र 500 मीटर दूरी पर पुल बना हुआ है उसी को अंडर ब्रिज बना दिया जाये और उस ब्रिज के दोनों तरफ रोड बना दिया जाए जिससे आम जन को जाम से निजात मिल सके।

# हिंडालको महान की पहल पर विश्व मधुमक्खी दिवस कार्यक्रम आयोजित, मधुमक्खी पालन को मिला नया प्रोत्साहन

## सुर्यमुखी की लहलहाती खेती बना लोगो का आकर्षण





सिंगरौली (स्वतंत्रमत)

विश्व मधुमक्खी दिवस के अवसर पर हिंडालको महान द्वारा मधुमक्खी पालन को प्रोत्साहन देने हेतु एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला प्रशासन के कलेक्टर व जिला ष्टश्व्ह्र को शामिल होना था, किन्हीं आवश्यक कारणों से वे उपस्थित नहीं हो सके।कार्यक्रम में आजीविका मिशन के जिला परियोजना प्रबंधक मंगलेश्वर सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। उन्होंने मधुमक्खी पालन को ग्रामीण आजीविका का सशक्त माध्यम बताते हुए कहा कि यह न केवल आर्थिक रूप से लाभकारी है, बल्कि पर्यावरण संतुलन के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा, च्च्मधुमक्खियाँ प्रकृति की मौन कर्मठ सेवक हैं, जिनके बिना परागण की प्रक्रिया और कृषि उत्पादन दोनों पर बुरा प्रभाव पड़ता है।ज्ज साथ ही हिंडालको महान द्वारा प्रोसेसिंग यूनिट व सुर्यमुखी खेती में सहयोग की तारीफ की।हिंडालको महान के ष्टस्क्र प्रमुख संजय सिंह और बीरेंद्र पांडेय ने कार्यक्रम में विशेष रूप से शिरकत की। उन्होंने बताया कि कंपनी द्वारा संचालित 'जीवनोत्कर्ष' परियोजना के तहत कई गांवों में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण, उपकरण व बॉक्स उपलब्ध कराए जा रहे हैं।इस अवसर पर आजीविका ग्राम संगठन 'पोखरा समूह' की महिला सदस्यों को मधुमक्खियों की जैव विविधता में भूमिका और उनके संरक्षण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी गई।कार्यक्रम की एक विशेष झलक सुर्यमुखी की लहलहाती फसलों के माध्यम से दिखाई दी, जो हिंडालको महान के ष्टस्क्र के सहयोग से स्थानीय किसानों द्वारा उगाई गई है। यह पहल न केवल मधुमक्खियों के लिए श्रेष्ठ नेक्टर स्त्रोत है, बल्कि सुर्यमुखी बीजों से किसानों को खाद्य तेल निकालने का नया अवसर भी प्रदान करेगी । जिले में यह नवाचार किसानों के लिए एक वैकल्पिक कृषि उद्यम के रूप में उभर रहा है।

### विश्व मधुमक्खी दिवस का महत्व

संयुक्त राष्ट्र द्वारा घोषित 20 मई का यह दिवस दुनिया को मधुमक्खियों के महत्व, उनके संरक्षण की आवश्यकता और उनके बिना हमारी खाद्य श्रृंखला पर आने वाले संकट की ओर ध्यान आकर्षित करता है।हिंडालको महान की यह पहल न केवल सतत कृषि और पर्यावरण संतुलन की दिशा में एक सशक्त कदम है, बल्कि ग्रामीण महिलाओं और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में भी एक प्रेरणादायी प्रयास है। कार्यक्रम में आजीविका मिशन से बी.एन. सिंग व विभिन्न स्वयं सहायता समूह की महिलाएं शामिल हुई ।

## पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित की गई जनसुनवाई



सिंगरौली (स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक, मनीष खत्री द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय, जिला सिंगरौली में जनसुनवाई आयोजित की गई। इस जनसुनवाई में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अभिषेक रंजन, थाना प्रभारी विंध्यनगर अर्चना दिवेदी, थाना प्रभारी बैढ़न अशोक सिंह परिहार, महिला थाना प्रभारी प्रिंयका शर्मा सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। जनसुनवाई के दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए आवेदकों ने अपनी शिकायतें प्रस्तुत कीं। पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रत्येक फरियादी से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। कई शिकायतों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों में वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित करने के लिए राजपत्रित अधिकारी (पुलिस), थाना प्रभारियों एवं चौकी प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। महिला फरियादियों की शिकायतों पर विशेष ध्यान देते हुए महिला अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा उनकी काउंसलिंग कराई गई। साथ ही, उनकी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए संबंधित थाना प्रभारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। सिंगरौली पुलिस आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए प्रतिबद्ध है और इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेगी।

# बनवेई नदी किनारे मिला युवक युवती का शव



उमरिया (स्वतंत्रमत)

मानपुर से महज दो किमी दूर (चरणगंगा नदी के आगे) बनवेई नदी से सटी झाड़ियों में मिली युवक एवं युवती का शव मिलने का समाचार प्रकाष में आया है। युवक की पहचान शिवम पिता संतोष साहू उम्र 24 निवासी दुलहरा एवं युवती की पहचान मनोरमा पिता अनिल बर्मा उम्र 19 वर्ष निवासी मानपुर के रूप में हुई है। दोनों की मौत किन परिस्थितियों में हुई है, इसका कारण अज्ञात है। घटना की जानकारी के बाद घटना स्थल मानपुर पुलिस पहुंची और ज़रूरी कार्यवाही कर रही है। बताया जाता है कि युवक एवं युवती दोनों पिछले चार से पांच दिनों से लापता थे, ऐसे में सन्दिग्ध परिस्थितियों में इन दोनों का शव मिलना गम्भीर अपराध की ओर इंगित करता है। बताया जाता है कि घटना स्थल पर इन दोनों का शव करीब 50 मीटर की दूरी पर है, इसके अलावा खबर यह भी है कि दोनो की मौत के बाद मांसाहार जानवरो ने मृत इंसानी भक्षण भी किया है, जिससे शरीर का कई अंग शव से पृथक भी है। मानपुर क्षेत्र में अंधी हत्याओं का बढ़ता ग्राफ बड़े सवाल खड़ा कर रहा है। अभी हाल के महीनों में ग्राम नरवार में शिकारियों द्वारा फैलाये गए करेंट से दो युवकों की मौत और उसके बाद ग्राम खिचकीड़ी में चतुर्भुज मंदिर के नज़दीक धारदार हथियार से शहडोल जिले के युवक की नृशंस हत्या सामने आई है, उसके बाद अब इन दोनों की सन्दिग्ध मौत बड़ा सवाल है।

## एनटीपीसी विंध्याचल के विंध्य क्लब द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता

### एवं स्वच्छता कार्यशाला का किया गया आयोजन

सिंगरौली (स्वतंत्रमत)





विंध्य क्लब द्वारा क्लब के सदस्यों और उनके परिवारों के लिए विभिन प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहता है। इसी क?ी में विंध्य क्लब द्वारा स्वच्छता पखवा?ा 2025 के अंतर्गत बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रतियोगिता एवं स्वच्छता कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता तीन श्रेणीयों में आयोजित किया गया था, जिसमें गृहणी,जूनियर एवं सीनियर वर्ग के बच्चे शामिल हुये। इस प्रतियोगिता में सभी को बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट से संबन्धित चीजें अपने-अपने घर से बनाकर जमा करना था, जिसमें भारी संख्या में कर्मचारी एवं उनके परिवारजनों ने उत्साह एवं उमंग के साथ भाग लिया। इस प्रतियोगिता का मुख्य उदेश्य बेकार प?ी चीजों को रियूज करना था। इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में जनरल सेक्रेटरी विंध्य क्लब श्री वेदप्रकाश एवं विंध्य क्लब के अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# एनटीपीसी विन्ध्याचल में बैचलर आवास का शुभारंभ

## कर्मचारियों के लिए बेहतर आवास सुविधा का एक और कदम



सिंगरौली (स्वतंत्रमत)

एनटीपीसी विन्ध्याचल टाउनशिप में एक नए और आधुनिक रूप से सुसज्जित बैचलर आवास का उद्घाटन किया गया। इस खास अवसर पर श्री नसका श्रीनिवास राव, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (उत्तर) ने रिबन काटकर भवन का उद्घाटन किया। उनके साथ श्री ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विन्ध्याचल) भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कुल 30 कमरे हैं, जो न केवल अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त हैं बल्कि कर्मचारियों के लिए एक आरामदायक और सौम्य वातावरण भी प्रदान करते हैं। उद्घाटन से पहले विधिपूर्वक पूजा-अर्चना की गई, जिससे वातावरण में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इस अवसर पर श्री संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण), श्री डी.के. अग्रवाल, महाप्रबंधक(संविदा एवं सामग्री), श्री राजशेखर पाला, महाप्रबंधक(प्रचालन), श्री ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक(मेंटेनेंस एवं एडीएम) और श्री राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विन्ध्याचल) सहित कई वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे। इसके अतिरिक्त यूनियन और एसोसिएशन के प्रतिनिधि, मानव संसाधन, टीएडी और पीएंडएस विभागों के कर्मचारी भी बड़ी संख्या में शामिल हुए और इस नई पहल की सराहना की। न केवल एक भवन है, बल्कि यह एनटीपीसी द्वारा अपने कर्मचारियों की भलाई और जीवनस्तर को बेहतर बनाने की दिशा में एक और ठोस कदम है।

# 'सक्षम कार्यक्रम' के अंतर्गत संचालित 10 दिवसीय समर कैंप का हुआ समापन

उमरिया (स्वतंत्रमत)



सक्षम कार्यक्रम अंतर्गत संचालित 10 दिवसीय समर कैंप का समापन कार्यक्रम कैंप कम्युनिटी यूथ लीडर सुजल विश्वकर्मा द्वारा समुदाय में वार्ड नंबर 01 सूखा में आयोजित किया गया, जिसमें बच्चों को जीवन कौशल, रचनात्मक गतिविधियाँ एवं टीमवर्क सिखाया गया। समर कैंप में 6 से 18 वर्ष के बच्चों ने भाग लिया। कैंप का उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास, संवाद कौशल और नेतृत्व क्षमता का विकास करना था। सीवायएल ने अपनी नेतृत्व क्षमता दिखाते हुए पूरे कैंप का आयोजन सफलतापूर्वक किया। बच्चों ने खेल, चित्रकला, समूह चर्चा और कहानी लेखन जैसी गतिविधियों में भाग लिया। जीवन कौशल के तहत निर्णय लेना, समस्या समाधान, भावनात्मक समझ आदि विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। कैंप के माध्यम से बच्चों को सामाजिक व्यवहार और अनुशासन भी सिखाया गया। स्थानीय अभिभावकों ने भी कैंप में आकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। समापन समारोह में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं और सीखी गई बातों को साझा किया गया। सीवायएल द्वारा तैयार की गई गतिविधियाँ विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। कैंप ने बच्चों को छुट्टियों में रचनात्मक ढंग से समय बिताने का अवसर दिया और सीवायएल की समुदाय में भूमिका को और मजबूत किया। समर कैंप सक्षम कार्यक्रम की सफलता और युवा नेतृत्व की मिसाल बन गया। कार्यक्रम के समापन में वार्ड नंबर एक की पार्षद सोना सिंह तथा तरुण सेवा समिति प्रमुख कृष्णा विश्वकर्मा जन अभियान परिषद की ब्लॉक समन्वयक पुष्पा मैडम व सक्षम प्रोग्राम के ब्लॉक मैनेजर संदीप शुक्ला इन सब के द्वारा बच्चों के उत्साहवर्धन हेतु बच्चों को कॉपी पेन मारकर व ट्रॉफी वितरण कर समर कैंप का समापन किया गया।

# कलेक्टर की जन सुनवाई में 135 लोगों ने दिया अपना आवेदन

## जन सुनवाई में ही कई आवेदनों का कलेक्टर ने कराया निराकरण

सिंगरौली (स्वतंत्रमत)



जिले के विभिन्न अंचलो से आयें हुयें 135 लोगो ने कलेक्ट्रेट में आयोजित जन सुनवाई में कलेक्टरचन्द्र शेखर शुक्ला को अपना आवेदन देते हुयें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। कलेक्टर ने सभी आवेदन पत्रो पर गंभीरता से विचार करते हुये जन सुनवाई में उपस्थित विभागीय अधिकारियों से कई आवेदन पत्रो का जन सुनवाई में ही निराकरण कराया गया। साथ ही ऐसे आवेदन जिनका निराकरण जन सुनवाई के दौरान नही हुआ उनके आवेदनों को संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि सबंधित आवेदनो पर तत्परता दिखाते हुयें समय सीमा में निराकरण सुनिश्चित कराये।जन सुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर पी.के सेन गुप्ता संयुक्त कलेक्टर संजीव पाण्डेय, एसडीएम सृजन बर्मा, डिप्टी कलेक्टर माइकेल तिर्की सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिना फिटनेस और परमिट के चल रहे आधा दर्जन से अधिक वाहनों पर आरटीओ ने की कार्यवाही

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिला मुख्यालय के मुख्य मार्गो में बिना फिटनेस एवं परमिट के दौड़ रहे वाहनों के ऊपर जिला परिवहन अधिकारी ने मंगलवार 20 मई को कड़ी कार्यवाही की है,परिवहन अधिकारी एवं उनकी टीम ने मंगलवार को सुबह से ही धरपकड़ की कार्यवाही शुरू की जिस दौरान उमरिया - मानपुर मार्ग पर 4 स्कूल बसों एवं 12 लोक सेवा वाहनों पब्लिक बसों की जांच की गई जिसमें 4 पब्लिक बसों का बिना परमिट संचालन होना पाया गया है।

## बांधवगढ़ के रामा और गौतम जंगली हाथियों का रेस्क्यू करने जाएंगे संजय गांधी टाइगर रिजर्व

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जंगली हाथियों का रेस्क्यू करने बांधवगढ टाइगर रिजर्व के आला अधिकारी सीधी जिले के संजय टाइगर रिजर्व पहुंचे है। 'बताया जाता है कि अभी हाल में शहडोल जिले के ब्यौहारी में हाथियों ने तीन लोगो को मौत की नींद सुला दिया था,जो घटना कारित करने के बाद संजय टाइगर रिजर्व पहुंच गए है।जिसके बाद पार्क अमला एक्टिव हुआ है और आमलोगों के सुरक्षा दृष्टिगत हाथियों को रेस्क्यू किये जाने का निर्णय लिया गया है।खबर है कि इस रेस्क्यू में बांधवगढ टाइगर रिजर्व के दो हाथी गौतम ओर रामा भी शामिल होंगे,जिन्हें ताला गेट से शिफ्ट कर संजय टाइगर रिजर्व ले जाया जाएगा।सूत्रों की माने तो इस रेस्क्यू में बांधवगढ टाइगर रिजर्व के क्षेत्र संचालक डॉ अनुपम सहाय,डिप्टी डायरेक्टर पीके वर्मा,रेस्क्यू प्रभारी अर्पित मैराल सहित रेस्क्यू टीम एवम पार्क अधिकारी मौजूद रहेंगे।



# मानपुर नगर परिषद अध्यक्ष और सीएमओ ने सुनी नगरवासियों की समस्यायें

मानपुर (स्वतंत्रमत)



अपने - अपने वार्ड के विकास के लिये मानपुर नगर की जन्ता आगे बढ़ रही है, जिन क्षेत्रीय जन समस्या को सुल्झाने में मानपुर नगर परिषद की टीम जोर से काम करते दिख रही है। मानपुर, गोवर्दें, सिगुड़ी, सेमरा पांच ग्राम पंचायतों के संविलियन से मानपुर नगर परिषद का गठन हुआ जहां विबिन्न प्रकार के विकास कार्य जोरों से चल रहेहै, जब कि यहां के कई मोहल्ले कस्बों में आज भी विकास कार्य बहुत पीछे है, जिसको लेकर मोहल्ले वालों में भारी आक्रोश दिख रहा है। मानपुर के वार्ड नम्बर 15 के हंचौरा मोहल्ला में तकरीबन 400 जन संख्या है जहां अधिक्तर गरीब आदिवासियों का निवास है जो मानपुर वार्ड 15 पूर्व पंचायत गोवर्दें से तकरीबन चार किलोमीटर और सेमरा से तकरीबन 3 किमी दूर सोनभद्र नदी के तट पर बसा है। यह मोहल्ला किसी भी मुख्य सड़क से नहीं जुड़ा है, यहां टोंटी वाला पेयजल, बिजली और सड़क का भारी समस्या है। यहां कोई स्वास्थ्य केंद्र और बड़ा स्कूल भी नहीं है, यह मोहल्ला आज भी अविकसित है यहां के बहुत लोग विकास का महत्व भी नहीं जान रहे है। जिस क्षेत्रीय विकास को लेकर लोग दर - दर भटकते दिख रहे हैं। जिस समस्या को सुनने के लिये 20 मई मंगलवार को मानपुर के जनप्रति निधि के साथ नगर प्रशासन पहुंचे जो कस्बे वालों के साथ बैठक लगाकर उनकी समस्यायो को सुना।

अपने - अपने समस्या में मोहल्ले वालों ने अध्यक्ष और सीएमओ के सांथ उपस्थित लोगों को बताया कि आज दिनांक तक यहां और यहां से मानपुर अथवा किसी डामरी व पक्की सड़क तक के लिये कभी भी कोई सड़क नहीं बनवाया गया है, जिससे यहां का विकास, शिक्षा, ब्यापार, स्तर और स्वास्थ्य सुविधा बहुत दयनीय है, यहां एकवार मानपुर क्षेत्र की विधायक सुश्री मीना सिंह दीदी जी आई थी और उन्होंने यहां अति सीघ्र सड़कें बनवा कर कई प्रकार के विकास कार्य करवाने के लिये बोल गये थे जो कथन कई वर्ष बाद भी अभी तक सफल होते नहीं दिख रहा है। यहां के बिजली और नलजल ब्यवस्था की हॉलत इतनी बत्तर है कि सायद कहीं हो, यहां के विकास की बत्तर दसा जो पहले थी वही दसा नगर परिषद बनने के बाद भी कायम है। लोगों ने बड़े करुण पुकार में बोले कि यहां कि विकास का मुख्य अड़चन का कारण वन भूमि है जहां अतिक्रमण के शिवाय कोई जंगल नही है, जबकि सार्वजनिक विकास और निर्माण कार्यों के लिये अड़चन रूपी दीवाल बन कर वन विभाग के लोग आकर खड़े हो जाया करते हैं, हम समस्त लोग यहां के कलेक्टर और सरकार से दरख्वाश करते हैं विनम्र निवेदन करते हैं कि हम भी मानव हैं हमें भी जीने का अधिकार है, हमारे क्षेत्र का विकास हम भी देखना चाहते हैं, हम शिर्फ बोट देने के लिये नागरिक नहीं रहे कि हमारा क्षेत्र विकास का नाम भी भूल जाय, इसलिये कृपया हमारे क्षेत्र का भी विकास करवाया जाय। बैठक में नगर अध्यक्ष श्रीमती भारती सतीश सोनी, सीएमओ राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा, उपयंत्री प्रभुनाथ पटेल, कई पार्सद, वार्ड प्रभारी एवं कई जनमानस उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर परिषद मानपुर जिला-उमरिया (म.प्र.)**

क्रमांक 1070/न.परि./2025 — मानपुर, दिनांक 20/05/25

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेवसाइट https://gem.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | निविदा की अंतिम तिथि |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | GEM/2025/B/6237023 | Overhead Sign Bond (V2)(Q3) | 14.06.2025 |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन https://gem.gov.in की बेवसाइट पर ही किया जाएगा। पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद जिला-उमरिया (म.प्र.)**

# हिंदू जागरण मंच ने लव जिहाद को लेकर बिछिया एसडीएम को सौंपा मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन







मण्डला(स्वतंत्रमत)।

हिन्दू जागरण मंच बिछिया ने विगत दिनों लव जिहाद के मामलों को लेकर बिछिया एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा है। बताया गया कि मध्यप्रदेश के अनेक जिलों में लव जिहाद के मामले जनमानस को झकझोर कर रख दिया है। मासूम बालिकाओं को अपना शिकार बनाया गया है। बता दें कि भोपाल के टीआईटी कॉलेज, उज्जैन के ग्राम बिछडोद, इंदौर के टेलीपरफॉर्मेंस कर्मचारी के द्वारा किया गया कृत्य, साथ ही रीवा जिले के बिछिया थाना अंतर्गत विधर्मियों के द्वारा पूरे परिवार नाबालिक बच्चियों को फंसाने का षड्यंत्र रचा गया है। तो वहीं दमोह, सागर एवं मुरैना जिले के एक कोचिंग कम्प्यूटर संचालक द्वारा बालिकाओं के साथ दुष्कर्म किया गया है।

वहीं राजगढ़, पन्ना, छतरपुर, नरसिंहपुर, सिंगरौली, मंडला, सिवनी, टीकमगढ़, शहडोल, कटनी, जबलपुर, उमरिया हर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में उजागर लव जिहाद के सुनियोजित अपराधों ने प्रदेश के जनमानस को झकझोर कर रख दिया है। इन मामलों में मासूम नाबालिग बालिकाओं, युवतियों यहाँ तक कि विवाहित महिलाओं को धर्म छिपाकर, छलपूर्वक प्रेमजाल में फंसाकर न केवल उनका शारीरिक शोषण किया गया, अपितु उनकी अस्मिता व आत्मसम्मान को भी गहरी चोट पहुंचाई गई है। यह केवल कुछ व्यक्तियों द्वारा किया गया अपराध नहीं है यह प्रदेश की बेटियों के विरुद्ध एक संगठित षड्यंत्र है। प्रारंभिक जांच में यह तथ्य सामने आया है कि इन अपराधों के तार प्रदेश की सीमाओं के पार अंतरराज्यीय व अंतरराष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। यह स्थिति अत्यंत गंभीर और चिंताजनक है, जिससे सामाजिक सद्भाव और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों पर आघात हो रहा है। प्रदेश पुलिस द्वारा गठित विशेष जांच दल(एसआईटी)भले ही तत्परता से कार्य कर रहा हो, किंतु यह स्पष्ट हो गया है कि यह षड्यंत्र राज्य स्तर से ऊपर उठकर राष्ट्र विरोधी तत्वों द्वारा प्रायोजित प्रतीत होता है।

राष्ट्रीय महिला आयोग एवं राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा भी इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जांच समिति का गठन किया है, जिससे प्रकरण की व्यापकता और संवेदनशीलता स्वत: सिद्ध होती है। अत्यंत चिंता एवं क्षोभ के साथ सकल हिन्दू समाज मांग करता है कि इस समूचे षड्यंत्र का समूल उन्मूलन किया जाए। बेटियों की सुरक्षा और न्याय केवल तभी संभव होगा, जब इसकी गहन, निष्पक्ष और राष्ट्रीय स्तर पर जांच हो। सकल हिन्दू समाज संगठित रूप से विधर्मियों के द्वारा चलाये जा रहे संगठित अपराध लव जिहाद को समूल नष्ट करने और आरोपियों के मन में भय पैदा हो इसके लिए निम्न लिखित मांग करता है कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी ही एकमात्र सक्षम संस्था है, जो इन अंतरराज्यीय व संगठित अपराधों की तह तक जाकर अपराधियों के नेटवर्क को उजागर कर सकती है। अत: आपसे यह दृढ़, प्रबल और पुनरावृत्त अनुशंसा है कि आप इस विषय में शीघ्र भारत सरकार से संस्तुति कर इन प्रकरणों को एनआईए को सौंपा जाए। अपराध में सम्मिलित व्यक्तियों को अपराधी बनाने में पुलिस का ढुलमुल रवैया रहा है। इसलिए सभी मामलों में जिस किसी के द्वारा इसमें सहयोग प्रदान किया गया उन्हें भी अपराधी बनाया जावे। भोपाल, उज्जैन, मुरैना सहित अन्य जिलों में भी वीडियों के रूप में दुष्कर्म के साक्ष्य मौजूद होते हुए भी पीड़िता एवं पीड़िता का परिवार भय एवं बदनामी के डर से एफआईआर करने सामने नहीं आ रहे हैं।

ऐसी स्थिति में शासन की ओर से मामला दर्ज कराया जाना चाहिए। अधिकांश मामलों में यह संगठित अपराध सिद्ध हो चूका है लेकिन संगठित अपराध के अंतर्गत मामला दर्ज नहीं किया गया है। इसलिए जहाँ यह स्पष्ट दिख रहा है कि एक से अधिक पीड़िताओं के साथ दुष्कृत्य को संगठित अपरदक के रूप में अंजाम दिया गया है वहां इसकी धाराओं का इजाफा किया जावे। इंदौर में टेलीपरफॉर्मेंस कर्मचारी द्वारा किया गया कांड से स्पष्ट है कि बालिकाओं के लाइसेंस बनवाने के लिए दिए गए दस्तावेजों का दुरूपयोग किया गया है। इसलिए भविष्य में किसी भी योजना के अंतर्गत दस्तावेजों को डिजिटल रूप में मांगा जावे। जैसा कि भोपाल के टीआईटी मामले में सामने आया है कि पीडिताएं नाबालिग और अनाथ भी हैं ऐसी स्थिति में उनकी सुरक्षा और आर्थिक सहायता के लिए विशेष मदद की व्यवस्था की जाये। मध्यप्रदेश स्वतंत्रता अधिनियम 2021 केवल कागजों में ही रह गया है। 2021 से अभी तक इसके अंतर्गत ना के बराबर अपराध दर्ज किये गए हैं। इसकी उपयोगिता बनी रहे इसके लिए ऐसे सभी मामले जहाँ विधर्मी द्वारा गलत बयानी, धमकी या बल का उपयोग, धोखाधड़ी, अनुचित प्रभाव, जबरदस्ती, प्रलोभन या विवाह के माध्यम से धर्म परिवर्तन के प्रयास किये वहां इसकी उचित धाराओं कि वृद्धि कि जाये सभी शासकीय और अशासकीय संस्थाओं में न केवल कार्यरत कर्मचारिओं अपितु वहां प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों का भी पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाना सुनिश्चित करें।

मुख्यमंत्री के द्वारा घोषणा की गयी थी कि दुष्कृत्य के मामले में अपराधी को फांसी की सजा दी जाएगी। आशा है कि घोषणा को पूर्ण करने के लिए पुलिस को गंभीर रूप से कार्यवाही करने के आदेश दिए जायेंगे जिससे साक्ष्यों के आभाव में कहीं ये घोषणा केवल घोषणा बनकर ना रह जाये। जिला संयोजक रवि साहू ने कहा की यह सभी मांगें न केवल मध्यप्रदेश की बेटियों के आत्मविश्वास को पुन: स्थापित करने के लिए हैं बल्कि उन राष्ट्र विरोधी तत्वों को भी स्पष्ट चेतावनी है कि बेटियों की अस्मिता पर आघात करने वालों को माफ नहीं किया जाएगा।

# विश्व संग्रहालय दिवस पर किया आयोजन

मण्डला (स्वतंत्र मत)।



विश्व संग्रहालय दिवस के अवसर पर शासकीय पुरातत्व संग्रहालय का विद्यार्थियों को शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। संग्रहालय का अवलोकन कराते हुए संग्रहालय में रखे पुरातत्व अवशेषों के विषय में जानकारी दी गई। शैक्षणिक भ्रमण के इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांश कूमट ने उपस्थित विद्यार्थियों, नागरिकों तथा पुरात्व संघ के सदस्यों को अवगत कराते हुए कहा कि हर व्यक्ति पुराने इतिहास को पहचान कर नए समाज की रचना करता है। उन्होंने संग्रहालय दिवस पर पुरानी विरासतों को संरक्षित करने का आह्वान किया। इंटेक संस्था की ओर से चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान किये गए। इस अवसर पर आदर्श बाल ग्रह के छात्रों को भी पुरातत्व संग्रहालय एवं प्रदर्शनी दिखाई गई। सैकड़ों वर्ष पुरानी मुद्राओं की प्रदर्शनी बालमुकुंद चौकसे पुरातत्व सदस्य के द्वारा लगाई गई थी। कार्यक्रम में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मंडला एवं पीएम कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर तथा रानी दुर्गावती महाविद्यालय के छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेवानिवृत्त पुरातत्व अधिकारी श्रीमती हेमंतिका शुक्ला के द्वारा मूर्तियों के महत्व को समझाया गया।

इस अवसर पर सहायक परियोजना अधिकारी कपिल तिवारी, इंटेक संस्था के कन्वेयर अरुण अग्रवाल, पुरातत्व संघ के समिति सदस्य एनके यादव, विजय अग्रवाल, शक्ति पटेल, आशीष अग्रवाल, श्रीमती सुलोचना मरावी, बिंदु धुर्वे, मनीष चंद्रोल सहित पुरातत्व विभाग के कर्मचारी उपस्थित थे।

## प्रभारी मंत्री का दौरा कल

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** राज्यमंत्री कुटीर एवं ग्रामोद्योग एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल का 22 मई को मंडला आगमन हो रहा है। निर्धारित दौरा कार्यक्रम के अनुसार श्री जायसवाल 22 मई 2025 को प्रात: 9 बजे जबलपुर से मंडला के लिए रवाना होंगे तथा प्रात: 10:30 बजे मंडला पहुंचकर माँ नर्मदा में दर्शन पूजन करेंगे। इसके बाद वे 11 बजे पदाधिकारियों से भेंट करेंगे तथा 11:30 बजे कार्यालय कलेक्टर में समीक्षा बैठक लेंगे। दोपहर 1 बजे सर्किट हाउस जायेंगे तथा दोपहर 2 बजे जिला अनूपपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## किसानों को लौटाये चोरी हुए जानवर

**मण्डला/बिछिया(स्वतंत्र मत)।** थाना बिछिया में 18 मई को थाना बिछिया क्षेत्र अंतर्गत कृषक ग्राम धनगांव निवासी ने सूचना दी गई कि उनके व अन्य किसानों की 16 नग जिसमें गाय व भैंस को किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा तालाब के पास से चोरी कर लिया गया है। सूचना पर तत्काल बिछिया पुलिस एवं स्थानीय लोगो के सहयोग से मवेशी व आरोपियों की तलाश पतासाजी की गई। जिनकी तलाश के दौरान ग्राम हर्राभाट खेत पर आरोपी अशोक कुमार उर्फ लुडी पिता पन्नू साहू, उपेंद्र साहू पिता प्रमोद साहू, अमित साहू पिता भूपेंद्र साहू सभी निवासी ग्राम चौरंगा थाना बिछिया के कब्जे से चोरी गई मवेशियों को जप्त किया जाकर किसानो को उनके चोरी किये गये गाय एवं भैस उनको वापस किया गया। आरोपियों के विरुद्ध थाना बिछिया में अपराध क्रमांक 191/2025 धारा 303( 2) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाकर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है कार्यवाही में थाना प्रभारी बिछिया धर्मेंद्र सिंह धुर्वे, सहायक उप नि. सुरेश विजयवार, उमेलाल झुलेश्वर, उपेंद्र यादव, आरक्षक अरविंद बर्मन हेमंत शिव, संजय कटरे, गजरू उद्दे का शामिल रहें।

# पूतना के विषय में नीलू महाराज ने किया वर्णन



**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** अंबेडकर वार्ड गुरुद्वारा में भिरयानी परिवार द्वारा आयोजित श्री मद भागवत महापुराण में प्रवचन करते हुए भागवत रसिक नीलू महाराज ने कहा पूतना को देखकर भगवान ने नेत्र बंद क्यों किये इसके अनेकों कारण बताये पहला पूतना नारी थी नारी अवध्य होती है मारने में संकोच हो रहा है इसलिए नेत्र बंद किये दूसरा भगवान की आंखों में वैराग्य है पूतना से आंख मिलाते तो ज्ञान प्राप्त हो जाता इसलिए आंख बद किये तीसरा भगवान जिस पर द्रष्टि करते हैं उसे भगवान के स्वरूप का ज्ञान हो जाता है इसलिए नेत्र बंद किये भगवान नेत्र बंद कर सोच रहे हैं कि इसने कौन सा पुन्य किया है जो मेरे समीप आई है पूतना ने भगवान कृष्ण को विषैला दूध पिलाने का प्रयास क्यों किया? पूतना ने भगवान कृष्ण को विषैला दूध पिलाने का प्रयास किया क्योंकि उसने भगवान वामन के प्रति अपने गुस्से और अपमान की भावना से प्रेरित होकर ऐसा किया. वह अपने मन की बुराई के कारण कृष्ण को मारने की कोशिश की पारंपरिक कथा के अनुसार, पूतना को मातृत्व का दर्जा इसलिए मिला क्योंकि उसने भगवान कृष्ण को दूध पिलाया, जो मातृत्व का प्रतीक माना गया। भगवान कृष्ण ने उसकी इस क्रिया को स्वीकार कर उसे विशेष सम्मान प्रदान किया साथ ही भगवान की गोवर्धन लीला का वर्णन आज होगा।

## विविधता दिवस पर कार्यक्रम 22 को

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

अंतर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस 22 मई को जैव विविधता प्रबंधन समिति स्वयंसेवी संगठनों महाविद्यालयों द्वारा प्रकृति के साथ सामंजस्य और सतत विकास विषय पर आधारित जैव विविधता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे निबंध लेखन, वाद-विवाद, चित्रकला, प्रश्नोत्तरी, रैली, कार्यशाला,जैवविविधता, जैव संसाधन आधारित प्रदर्शनी सहित अन्य विषय वस्तु आधारित जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रमों के आयोजन के लिए बोर्ड द्वारा बजट उपलब्ध कराया जायेगा।

# 20 दिवसीय समर कैंप आयोजित

मण्डला/निवास(स्वतंत्रमत)।



लोक शिक्षण संचनालय भोपाल द्वारा प्रदेश के समस्त हायर सेकेंडरी स्कूलों में 1 मई से 20 मई तक समर कैंप का आयोजन किया गया था जिसके परिप्रेक्ष में शासकीय सीएम राइस विद्यालय निवास में प्रभारी प्राचार्य वेद प्रकाश अवधिया के नेतृत्व में 20 दिवसीय समर कैंप हुनर का आयोजन किया गया था जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक, खेलकूद एवं तार्किक गतिविधियों का आयोजन अंकित मसराम खेल शिक्षक एवं सिद्धार्थ मसराम कंप्यूटर इंस्ट्रक्टर के द्वारा प्रति दिवस किया जा रहा था 20 मई को इस समर कैंप हुनर का समापन समारोह आयोजित किया गया था जिसमें प्रतिभागी छात्रों एवं उनके अभिभावकों की उपस्थिति में छात्रों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में सर्वप्रथम बच्चों का तिलक वंदन कर एवं उनके अभिभावको का पुष्पगुच्छ देकर अभिवादन किया गया इसके पश्चात् रोहिताष सिंगरौरे द्वार समर कैंप हुनर का उद्देश्य एवं महत्व के बारे में छात्रों को बताया गया तत्पश्चात खेल शिक्षक अंकित मसराम द्वारा खेलकूद गतिविधियों का विद्यार्थी जीवन में महत्व के बारे में बताया गया इसके बाद सिद्धार्थ मशराम द्वारा कंप्यूटर एवं उसका वर्तमान में महत्व की जानकारी छात्रों को दी गई। कार्यक्रम के अंत में हेमंत सिंगरौरे द्वारा नई शिक्षा नीति एवं व्यवसायिक शिक्षा से संबंधित जानकारी छात्रों को दी गई तथा अभिभावको राहुल शिवहरे, सौरभ जैन, अमित जैन, धर्म सिंह सैयाम द्वारा विद्यालय में संचालित समर कैंप हुनर और विद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा की गई। संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## जनुसनवाई में पहुंचे आवेदक, सुनी समस्याएं

मण्डला (स्वतंत्र मत)।

जिला योजना भवन में सम्पन्न हुई जनसुनवाई में कलेक्टर ने आवेदकों की समस्याएं सुनते हुये उनके समुचित निराकरण की पहल की। कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से संबंधित आवेदनों का सर्वोच्च प्राथमिकता से निराकरण करें। जनसुनवाई में 80 आवेदकों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किये। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह, अपर कलेक्टर अरविंद सिंह, जेपी यादव, एसडीएम सोनल सिडाम सहित संबंधित उपस्थित थे।

# सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत

### पिंडरई मण्डला मार्ग में ड़िरड़िरी ग्राम में घटित हुआ हादसा

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** विकासखंड नैनपुर की ग्राम पंचायत ड़िरड़िरी में सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसा पिंडरई मण्डला मार्ग में घटित हुआ। इस भीषण सड़क दुर्घटना में विकाश ऊईके ग्राम पंचायत तुमेगांव खुर्सीपार निवासी उम्र 23 वर्ष पिता रामदयाल उइके हादसे का शिकार हो गया। दुर्घटना बीती रात की बताई जा रही है। जब मृतक अपने घर खुर्सीपार दुपहिया वाहन से जा रहा था। प्राप्त जानकारी अनुसार किसी अज्ञात ट्रैक्टर द्वारा टक्कर मार दी गई। जिससे विकाश की मौके पर मौत हो गई । ग्रामीणों ने तत्काल संबंधित थाना पिंडरई चौकी में खबर दी। पुलिस ने नैनपुर शव पहुंचाकर पोस्टमार्टम कार्यवाही उपरान्त परिजनों को सौंप दिया गया । आगे मामले की जांच की जा रही है।

## आज निकलेगा शाही संदल

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** हज़रत बाबा बर्हेना शाह रहमतुल्लाह अलैह किले वाले बाबा) का 4 दिवसीय उर्स सोमवार से शुरू हो गया। मंगलवार की रात 9 बजे दरगाह परिसर में कुरआन खानी व मिलाद शरीफ से उर्स की शुरुआत हुई। 21 मई की सुबह 4 बजे दरगाह को गुस्ल देकर निसान पेश किया जायेगा। 21 मई की शाम 4 बजे दुर्गा मंदिर उदय चौक में पूजा व राजकुमार बैंड जबलपुर द्वारा देवी गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी। दुर्गा मंदिर के उपरांत शाम 5 बजे खेरमाई मंदिर बस स्टैंड में पूजा और राजकुमार बैंड द्वारा भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति होगी। 21 मई की ही शाम 6 बजे किले वाले बाबा साहब का शाही संदल हज़रत दाता अल्लादीन बंगाली शाह रहमतुल्लाह अलैह (दाता साहब) की दरगाह से निकल कर लालीपुर, बस स्टैंड, चिलमन चौक, बढ़ चौराहा, उदय चौक, बुधवारी होते हुए देर रात किले वाले बाबा साहब की दरगाह में पेश किया जायगा। शाही संदल जबलपुर के मशहूर राजकुमार बैंड के साथ निकलेगा। 21 मई की शाम 8 बजे से और 22 मई की शाम 7 बजे से किले वाले बाबा की दरगाह में लंगर -ए -आम किया जायेगा। 23 मई, गुरुवार की सुबह कुल की फ़ातिहा से उर्स का समापन होगा।

## श्रीमती लक्ष्मी बाई ठाकुर का निधन

**नैनपुर (स्वतंत्र मत)।** नगर के प्रतिष्ठित सामाजिक कार्यकर्ता डा.राज ठाकुर एंव विजेन्द्र ठाकुर की मां श्रीमति लक्ष्मी ठाकुर का लंबी बीमारी के चलते 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। आपका अंतिम संस्कार वार्ड क्रमांक 15 में किया गया । अंतिम संस्कार में सामाजिक बन्दुओ व नगर के गणमान्य नागरिको की उपस्थिति रही सभी ने दो मिनट का मोन रख अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# चीजगांव स्वसहायता समूह पर कब होगी कार्रवाई

## पार्वती आजीविका स्व सहायता समूह को किया जाये ब्लेक लिस्ट


समर्थन मूल्य गेंहू खरीदी केंद्र में मनमानी

एक केंद्र अमानक बता रहा है तो दूसरा केंद्र आसानी से उसे खरीद रहा है

चीजगांव खरीदी केंद्र में दूर दूर से अपनी उपज बेचने आ रहे किसान

इनका कहना है



नैनपुर ( स्वतंत्र मत) ।

गत 23 अप्रैल 2025 को उपार्जन केंद्र चीजगांव 56355156 की शिकायत अनुविभागीय अधिकारी आषुतोष महादेव सिंह ठाकुर नैनपुर को की गई थी। आपके द्वारा 24 अप्रैल 25 को जांच दल गठित कर जांच कराई गई। जांच के दौरान पार्वती आजीविका स्व सहायता समूह आमाटोला द्वारा कृषक अशोक कुमार सिंगौर पिता सुकलू सिंगौर निवासी सर्री किसान कोड नंबर 22531 000030 से 174 क्विंटल गेहूं खरीदा जाना पाया गया। इसके अलावा अनेख किसानों से गुणवत्ता हीन गेहूं खरीदी किया जाना भी पाया गया। विभाग द्वारा जांच कर उच्च अधिकारियों को प्रेरित किया जाना भी बताया जा रहा है। परंतु आज करीब एक माह बीत जाने के बाद भी स्वसहायता समूह पर कोई कार्रवाई नहीं की गई है जबकि अभी तक तो ब्लेक लिस्ट कर दिया जाना था। जबकि जांच के दोरान बड़ा खुलासा हुआं है जिसे भी अभी तक छुपाया गया है। जिससे अन्य समिति व स्वसहायता समूह उपार्जन केन्द्र के संचालको के होंसले बुलंद हैं। तो वहीं दूसरी ओर जांच के बाद कार्यवाही न होने के कारण जांच दल व उच्च अधिकारियों पर आरोप प्रत्यारोप लगायें जा रहे हैं।

# साई सेवा संगठन का आपदा कार्यक्रम



**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** श्री सत्य साई बाबा के 100वां जन्म शताब्दी वर्ष में सत्य साई सेवा संगठन के द्वारा मुख्यालय में विभिन्न समिति के द्वारा गोद लिए ग्रामों में आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम किया गया। जिसके अंतर्गत समिति बन्हनी बंजर के गोद ग्राम धुतका, महाराजपुर समिति के गोद ग्राम-बहलिया टोला में प्रशिक्षण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ग्रामवासी, समिति सदस्य व छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए सिवनी से आये सभी प्रशिक्षित ट्रेनर्स के दल ने बहुत ही रोचक एवं तथ्य पूर्ण जानकारी दिया व आपदाओ के समय किस तरीकों से हम स्वविवेक से स्वयं एव लोगों का जीवन बचा सकते हैं इसकी जानकारी प्रत्यक्ष दी सत्य साई सेवा संगठन के जिलाध्यक्ष मनीष वासल एंव ग्राम सेवा राम सेवा के जिला प्रभारी ने उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आपदा प्रबंधन टीम, समस्त पदाधिकारी, प्रशिक्षु एवं विभिन्न समितियों का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर जिले के समस्त पदाधिकारी एवं ट्रेनर्स संत कुमार बघेल, छतन सनोडिया, महेश डेहरिया, संतोष राव के नेतृत्व में प्रशिक्षण हुआ।

## जिला योजना समिति की बैठक कल

**मण्डला।** राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग मध्यप्रदेश शासन एवं प्रभारी मंत्री/अध्यक्ष जिला योजना समिति मण्डला श्री दिलीप जायसवाल की अध्यक्षता में जिला योजना समिति की बैठक 22 मई को प्रात: 11:30 बजे आयोजित की गई है। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित इस बैठक में जल गंगा संवर्धन अभियान, लोक निर्माण विभाग (भवन), लोक निर्माण विभाग (सड़क), लोक निर्माण विभाग (राष्ट्रीय राजमार्ग), भवन विकास कार्पोरेशन, कुटीर एवं ग्रामोद्योग विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पेयजल, म.प्र. जल निगम के कार्यों की समीक्षा की जाएगी।

## सेवानिवृत्ति पर पीपीओ वितरण

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर ने माह अप्रैल में अलग-अलग कार्यालयों से सेवानिवृत्त हुए शासकीय कर्मचारियों का सम्मान एवं पीपीओ वितरण किया। कलेक्टर ने पीपीओ वितरण के साथ सेवानिवृत्त शासकीय कर्मचारियों को उनके भावी जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। कलेक्टर द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पीपीओ वितरित किए गए हैं। उनमें बीईओ नैनपुर कार्यालय से बिरवा लाल मर्सकोले एवं गुलाब सिंह झारिया, बीईओ घुघरी कार्यालय से सुरेन्द्र कुमार बन्सोड, महासिंह धुर्वे और रेवाराम ठाकुर, जल संसाधन यतेन्द्र कुमार चंद्रोल बीईओ कार्यालय बीजाडांडी रमण कुमार कर्ण और हरिसिंह बरकडे तहसील कार्यालय नैनपुर मंत्री लाल उलारी, तहसील मण्डला दुखीराम उईके, मु.चि. एवं स्वा अधिकारी श्रीमति माया रैकवार, बीईओ बिछिया नन्हे लाल झारिया, बीईओ मवई राजेन्द्र कुमार राय शामिल हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत ग्वारा जनपद पंचायत मण्डला जिला मण्डला**

**निविदा सूचना**

मण्डला दिनांक-20/05/2025

ग्राम पंचायत ग्वारा जनपद पंचायत मण्डला के द्वारा वर्ष 2025-26 में जीपीडीपी एवं अन्य में शामिल व स्वीकृत 15वां वित्त आयोग, 5 वां वित्त मनरेगा, विधायक निधी व अन्य मद से नाली निर्माण, सीसी रोड़ निर्माण, पाईप लाईन विस्तारीकरण, स्वागत गेट निर्माण, सहित समस्त निर्माण कार्यो के लिए आवश्यक सामग्री निर्माण कार्यो के लिए रेत, ईंट, गिट्टी, सीमेंट, लोहा, सेंटिग, हार्डवेयर दरवाजा, खिडकी, वेंटिलेशन, मुर्रम, इलेक्ट्रॉनिक मिक्चर मशीन एवं पाइप एमएमएचडी पीई पाइप लाइन बॉल, अन्य आवश्यक सामग्री तकनीकि स्वीकृति के अनुसार जीएसटी बिलधारक सामग्री सप्लायर से बंद लिफाफे में व निर्धारित सामग्री के अनुसार निविदा आर्मंत्रित दिनांक से पांच (05) दिवस के अंदर कार्यालीन समय पर निविदा आर्मंत्रित की जाती है निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी और शर्ते कार्यालय के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती हैं।

| सरपंच | सचिव |
| --- | --- |
| ग्राम पंचायत ग्वारा | ग्राम पंचायत ग्वारा |
| जनपद पंचायत मण्डला | जनपद पंचायत मण्डला |

**कार्यालय ग्राम पंचायत बोरिया जनपद पंचायत मण्डला जिला मण्डला**

क्रंमाक/ग्रा.पंचा./निविदा/2025/15 | मण्डला दिनांक-20/05/2025

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत बोरिया जनपद पंचायत मण्डला के द्वारा सभी योजनाओं से निर्माण कार्यो के लिए आवश्यक सामग्री रेत, ईंट, गिट्टी 30 एमएम, 20 एमएम, सीमेंट, लोहा दरवाजा, खिडकी, बेन्टीलेटर, मुर्रम, लोहा 12 एमएम, 10 एमएम, 08 एमएम, पाइप 90 एमएम एचडीपीई पाइप लाइन बॉल 2ईंच, 3ईंच, मिक्चर मशीन पानी टेंकर, सेंटिग भाड़ा प्रतिदिन व विधुत पोल लाइन पूर्ण कार्य प्रति पोल एवं अन्य आवश्यक सामग्री तकनीकि स्वीकृति के अनुसार जीएसटी बिलधारक सामग्री सप्लायर से बंद लिफाफे में व निर्धारित सामग्री के अनुसार निविदा आर्मंत्रित दिनांक से सात (07) दिवस के अंदर कार्यालीन समय पर निविदा आर्मंत्रित की जाती है निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी और शर्ते कार्यालय के सूचना पटल पर पढ़ी व देखी जा सकती हैं। निविदा अवधि एक वर्ष के लिये मान्य होगी। सामग्री निर्माण स्थल पर प्रदान करना होगा जिस सामग्री जैसे रेत,गिट्टी मे रॉयल्टी की आवश्यकता होगी देना होगा। सामग्री की गुणवत्ता परीक्षण के पश्चात् सामग्री क्रय की जावेगी। निविदा स्वीकृत या निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा निविदा तिथि 27/05/2025 को ग्राम पंचायत की सामान्य सभा में खोला जावेगा।

| सरपंच | सचिव |
| --- | --- |
| ग्राम पंचायत बोरिया | ग्राम पंचायत बोरिया |
| जनपद पंचायत मण्डला | जनपद पंचायत मण्डला |

संपादकीय

# आधा युद्ध-पूरा सच

भारत और पाकिस्तान के बीच युद्धविराम को पूर्णतः लागू करने का सच अभी सामने आना बाकी है। दरअसल भारतीय सेनाओं के घातक प्रहारों से जब पाकिस्तान के कई एयरबेस और एयर डिफेंस, रडार सिस्टम और करीब 25 फीसदी वायुसेना का बुनियादी ढांचा 'मिट्टी-मलबा' हो गया, तब पाकिस्तान को घुटनों पर आना पड़ा। दूसरी ओर अमरीका को खुफिया सूत्रों से लीड्स मिल रही थीं कि यह टकराव, अंततः लंबे युद्ध में तब्दील हो सकता है। अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पोस्ट सार्वजनिक होने से पहले ही शनिवार सुबह 9 बजे पाकिस्तान के डीजीएमओ मेजर जनरल कशीफ अब्दुल्ला ने भारत के समकक्ष लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई को फोन कर युद्धविराम की गुहार लगाई थी। अपराह्न 3.35 बजे दोनों अधिकारियों ने 'हॉटलाइन' पर एक बार फिर बातचीत की और युद्धविराम की शुरुआती सहमति बनी। बेशक अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप इस युद्धविराम में मध्यस्थता का श्रेय लेते रहें, लेकिन न तो भारत सरकार यह मध्यस्थता मानती है और न ही देश का आम नागरिक यकीन करता है। भारत-पाक में सीधे ही बात हुई। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने पहले युद्धविराम की घोषणा की। उसके बाद हमारे विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसकी घोषणा पर सहमति जताई। शनिवार 5 बजे युद्धविराम लागू होने का भी ऐलान किया गया, लेकिन यह अर्द्धसत्य ही साबित हुआ। जैसे ही शनिवार की रात उतरने लगी, वैसे ही पाकिस्तान की फितरत बेनकाब होने लगी। पाकिस्तान ने लगातार ड्रोन हमले किए। इस बार निशाने पर श्रीनगर के सेना मुख्यालय और एयरपोर्ट थे। ऐतिहासिक 'लाल चौक' के आसमान में भी ड्रोन देखे गए। धमाके गूंजने लगे। अंततः मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला को टिप्पणी करनी पड़ी-'यह कैसा सीजफायर है! विस्फोट की आवाजें सुनाई दे रही हैं। एयर डिफेंस सिस्टम एक्टिव हो गया है। यह युद्धविराम नहीं है।' क्या युद्धविराम का सच यही है? गंभीर सवाल यह है कि क्या भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपना तय लक्ष्य हासिल कर लिया है? भविष्य में देश में आतंकी हमला होगा, तो क्या उसे वाकई 'युद्ध' करार देते हुए भारत पलटवार करेगा? बेशक भारतीय सेनाओं ने जिस तरह 100 से अधिक आतंकियों को मौत के घाट उतारा है, वह निश्चित ही विराट सफलता है, लेकिन आतंकियों का आका पाकिस्तान बच गया है। बहुत कुछ मिट्टी में मिलाया नहीं जा सका। पाकिस्तान की वायुसेना का बर्बाद ढांचा फिर से खड़ा किया जा सकता है। चीन और तुर्किये की मदद से एयर डिफेंस, रडार सिस्टम और अन्य सुरक्षा बंदोबस्त दोबारा हासिल किए जा सकते हैं। आईएमएफ ने पाकिस्तान का एक अरब डॉलर का कर्ज मंजूर कर दिया है। हालांकि यह राशि हथियारों के लिए नहीं है। चीन और तुर्किये उधार पर भी मदद कर सकते हैं। फिलहाल भारत के पास सटीक मौका था। लड़ाई का ऐसा मोर्चा निकट भविष्य में बनना असंभव है। इस बार पाकिस्तान की सेना को छिन्न-भिन्न किया जा सकता था। बल्कि उसे सेनाविहीन की स्थिति में लाया जा सकता था। पाकिस्तान जैसे आतंकी और गैर-जिम्मेदाराना देश से 'परमाणु शक्ति' छीनने के प्रयास भी किए जा सकते थे। एक सिरफिरा और आत्मा से 'रक्तबीज' जैसा देश कभी भी परमाणु हथियारों का दुरुपयोग कर सकता है। भारत ऐसी भूमिका से वंचित रहा। भारत यह टकराव जीत कर भी विजेता नहीं बन सका। हम युद्धोन्मादी, युद्ध के पक्षधर नहीं हैं, लेकिन ऐसे अवसर को खोया भी नहीं जा सकता।

# राजीव गांधी थे युवाओं के लोकप्रिय नेता



आज पुण्यतिथि पर विशेष

कुछ लोग जमीन पर राज करते हैं और कुछ लोग दिलों पर। मरहूम राजीव गांधी एक ऐसी शख़्सियत थे, जिन्होंने जमीन पर ही नहीं, बल्कि दिलों पर भी हुकूमत की। वे भले ही आज इस दुनिया में नहीं हैं, लेकिन हमारे दिलों में आज भी ज़िंदा हैं। राजीव गांधी ने उन्नीसवीं सदी में इक्कीसवीं सदी के भारत का सपना देखा था।

स्वभाव से गंभीर लेकिन आधुनिक सोच और निर्णय लेने की अद्भुत क्षमता वाले राजीव गांधी देश को दुनिया की उच्च तकनीकों से पूर्ण करना चाहते थे। वे बार-बार कहते थे कि भारत की एकता और अखंडता को बनाए रखने के साथ ही उनका अन्य बड़ा मक़सद इक्कीसवीं सदी के भारत का निर्माण है। अपने इसी सपने को साकार करने के लिए उन्होंने देश में कई क्षेत्रों में नई पहल की, जिनमें संचार क्रांति और कम्प्यूटर क्रांति, शिक्षा का प्रसार, 18 साल के युवाओं को मताधिकार, पंचायती राज आदि शामिल हैं। वे देश की कम्प्यूटर क्रांति के जनक के रूप में भी जाने जाते हैं। वे युवाओं के लोकप्रिय नेता थे। उनका भाषण सुनने के लिए लोग घंटों इंतज़ार किया करते थे। उन्होंने अपने प्रधानमंत्री काल में कई ऐसे महत्वपूर्ण फ़ैसले लिए जिसका असर देश के विकास में देखने को मिल रहा है। आज हर हाथ में दिखने वाला मोबाइल उन्हीं फैसलों का नतीजा है। 40 साल की उम्र में प्रधानमंत्री बनने वाले राजीव गांधी देश के सबसे कम उम्र के प्रधानमंत्री थे और दुनिया के उन युवा राजनेताओं में से एक हैं, जिन्होंने सरकार की अगुवाई की है। उनकी मां श्रीमती इंदिरा गांधी 1966 में जब पहली बार प्रधानमंत्री बनी थीं, तब वह उनसे उम्र में 8 साल बड़ी थीं। उनके नाना पंडित जवाहरलाल नेहरू 58 साल के थे, जब उन्होंने आजाद भारत के पहले प्रधानमंत्री के तौर शपथ ली। देश में पीढ़ीगत बदलाव के अग्रदूत राजीव गांधी को देश के इतिहास में सबसे बड़ा जनादेश हासिल हुआ था। अपनी मां के कत्ल के बाद 31 अक्टूबर 1984 को वे कांग्रेस अध्यक्ष और देश के प्रधानमंत्री बने थे। अपनी मां की मौत के सदमे से उबरने के बाद उन्होंने लोकसभा के लिए चुनाव कराने का आदेश दिया। दुखी होने के बावजूद उन्होंने अपनी हर जिम्मेदारी को बख़ूबी निभाया। महीनेभर की लंबी चुनावी मुहिम के दौरान उन्होंने पृथ्वी की परिधि के डेढ़ गुना के बराबर दूरी की यात्रा करते हुए देश के तकरीबन सभी हिस्सों में जाकर 250 से ज़्यादा जनसभाएं कीं और लाखों लोगों से वे रूबरू हुए। उस चुनाव में कांग्रेस को बहुमत मिला और पार्टी ने रिकॉर्ड 401 सीटें हासिल कीं। सत्तर करोड़ भारतीयों के नेता के तौर पर इस तरह की शानदार शुरुआत किसी भी हालत में काबिले-तारीफ मानी जाती है। यह इसलिए भी बेहद ख़ास है, क्योंकि वे उस सियासी ख़ानदान से ताल्लुक रखते थे, जिसकी चार पीढ़ियों ने जंगे-आज़ादी के दौरान और इसके बाद हिन्दुस्तान की ख़िदमत की थी। इसके बावजूद राजीव गांधी सियासत में नहीं आना चाहते थे इसीलिए वे सियासत में देर से आए।

राजीव गांधी का जन्म 20 अगस्त, 1944 को मुंबई में हुआ था। वे सिर्फ़ तीन साल के थे, जब देश आज़ाद हुआ और उनके नाना आज़ाद भारत के पहले प्रधानमंत्री बने। उनके माता-पिता लखनऊ से नई दिल्ली आकर बस गए। उनके पिता फिरोज गांधी सांसद बने, जिन्होंने एक निडर तथा मेहनती सांसद के रूप में ख्याति अर्जित की। राजीव गांधी ने अपना बचपन अपने नाना के साथ तीन मूर्ति हाउस में बिताया, जहां इंदिरा गांधी ने प्रधानमंत्री की परिचारिका के रूप में काम किया। वे कुछ वक्त के लिए देहरादून के वेल्हम स्कूल गए, लेकिन जल्द ही उन्हें हिमालय की तलहटी में स्थित आवासीय दून स्कूल में भेज दिया गया। वहां उनके कई दोस्त बने, जिनके साथ उनकी ताउम्र दोस्ती बनी रही। बाद में उनके छोटे भाई संजय गांधी को भी इसी स्कूल में भेजा गया, जहां दोनों साथ रहे। स्कूल से निकलने के बाद राजीव गांधी कैम्ब्रिज के ट्रिनिटी कॉलेज गए, लेकिन जल्द ही वे वहां से हटकर लंदन के इम्पीरियल कॉलेज चले गए। उन्होंने वहां से मैकेनिकल इंजीनियरिंग की पढ़ाई की। उनके सहपाठियों के मुताबिक उनके पास दर्शन, राजनीति या इतिहास से संबंधित पुस्तकें न होकर विज्ञान एवं इंजीनियरिंग की कई पुस्तकें हुआ करती थीं। हालांकि संगीत में उनकी बहुत दिलचस्पी थी। उन्हें पश्चिमी और हिन्दुस्तानी शास्त्रीय और आधुनिक संगीत पसंद था। उन्हें फोटोग्राफी और रेडियो सुनने का भी खासा शौक था। हवाई उड़ान उनका सबसे बड़ा जुनून था। इंग्लैंड से घर लौटने के बाद उन्होंने दिल्ली फ्लाइंग क्लब की प्रवेश परीक्षा पास की और व्यावसायिक पायलट का लाइसेंस हासिल किया। इसके बाद वे 1968 में घरेलू राष्ट्रीय जहाज कंपनी इंडियन एयरलाइंस के पायलट बन गए। कैम्ब्रिज में उनकी मुलाकात इतालवी सोनिया जी से हुई थी, जो उस वक्त वहां अंग्रेजी की पढ़ाई कर रही थीं। उन्होंने 1968 में नई दिल्ली में शादी कर ली। वे अपने दोनों बच्चों राहुल और प्रियंका के साथ नई दिल्ली में इंदिरा गांधी के निवास पर रहे। वे ख़ुशी-ख़ुशी अपनी जिन्दगी गुजार रहे थे, लेकिन 23 जून 1980 को एक जहाज हादसे में उनके भाई संजय गांधी की मौत ने सारे हालात बदलकर रख दिए। उन पर सियासत में आकर अपनी मां की मदद करने का दबाव बन गया। फिर कई अंदरुनी और बाहरी चुनौतियां भी सामने आईं। पहले उन्होंने इन सबका काफी विरोध किया, लेकिन बाद में उन्हें अपनी मां की बात माननी पड़ी और इस तरह वे न चाहते हुए भी सियासत में आ गए। उन्होंने जून 1981 में अपने भाई की मौत की वजह से खाली हुए उत्तरप्रदेश के अमेठी लोकसभा क्षेत्र का उपचुनाव लड़ा, जिसमें उन्हें जीत हासिल हुई। इसी महीने वे युवा कांग्रेस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य बन गए। उन्हें नवंबर 1982 में भारत में हुए एशियाई खेलों से संबंधित महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई, जिसे उन्होंने बख़ूबी अंजाम दिया। साथ ही कांग्रेस के महासचिव के तौर पर उन्होंने उसी लगन से काम करते हुए पार्टी संगठन को व्यवस्थित और सक्रिय किया। अपने प्रधानमंत्री काल में राजीव गांधी ने नौकरशाही में सुधार लाने और देश की अर्थव्यवस्था के उदारीकरण के लिए कारगर कदम उठाए, लेकिन पंजाब और कश्मीर में अलगाववादी आंदोलन को नाकाम करने की उनकी कोशिश का बुरा असर हुआ। वे सियासत को भ्रष्टाचार से मुक्त करना चाहते थे, लेकिन यह विडंबना है कि उन्हें भ्रष्टाचार की वजह से ही सबसे ज़्यादा आलोचना का सामना करना पड़ा। उन्होंने कई साहसिक कदम उठाए, जिनमें श्रीलंका में शांति सेना का भेजा जाना, असम समझौता, पंजाब समझौता, मिजोरम समझौता आदि शामिल हैं। इसकी वजह से चरमपंथी उनके दुश्मन बन गए। नतीजतन, श्रीलंका में सलामी गारद के निरीक्षण के वक्त उन पर हमला किया गया, लेकिन वे बाल-बाल बच गए। साल 1989 में उन्होंने प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, लेकिन वे कांग्रेस के नेता पद पर बने रहे। वे आगामी आम चुनाव के प्रचार के लिए 21 मई 1991 को तमिलनाडु के श्रीपेराम्बदूर गए, जहां एक आत्मघाती हमले में उनकी मौत हो गई। देश में शोक की लहर दौड़ पड़ी। राजीव गांधी की देशसेवा को राष्ट्र ने उनके दुनिया से विदा होने के बाद स्वीकार करते हुए उन्हें भारतरत्न से सम्मानित किया जिसे श्रीमती सोनिया गांधी ने 6 जुलाई 1991 को अपने पति की ओर से ग्रहण किया। राजीव गांधी अपने विरोधियों की मदद के लिए भी हमेशा तैयार रहते थे। साल 1991 में जब राजीव गांधी की हत्या कर दी गई, तो एक पत्रकार ने भाजपा नेता अटल बिहारी वाजपेयी से संपर्क किया। उन्होंने पत्रकार को अपने घर बुलाया और कहा कि अगर वे विपक्ष के नेता के नाते उनसे राजीव गांधी के खिलाफ कुछ सुनना चाहते हैं, तो वे एक भी शब्द राजीव गांधी के खिलाफ नहीं कहेंगे, क्योंकि राजीव गांधी की मदद की वजह से ही वे जिन्दा हैं। उन्होंने भावुक होकर कहा कि जब राजीव गांधी प्रधानमंत्री थे, तो उन्हें पता नहीं कैसे पता चल गया कि मेरी किडनी में समस्या है और इलाज के लिए मुझे विदेश जाना है। उन्होंने मुझे अपने दफ़्तर में बुलाया और कहा कि वे उन्हें आपको संयुक्त राष्ट्र में न्यूयॉर्क जाने वाले भारत के प्रतिनिधिमंडल में शामिल कर रहे हैं और उम्मीद है कि इस मौके का फायदा उठाकर आप अपना इलाज करा लेंगे। मैं न्यूयॉर्क गया और आज इसी वजह से मैं जीवित हूं। फिर वाजपेयी बहुत भाव-विह्वल होकर बोले कि मैं विपक्ष का नेता हूं, तो लोग उम्मीद करते हैं कि में विरोध में ही कुछ बोलूंगा लेकिन ऐसा मैं नहीं कर सकता। मैं राजीव गांधी के बारे में वही कह सकता हूं, जो उन्होंने मेरे लिए किया। गौरतलब है कि राजीव गांधी ने अटल बिहारी वाजपेयी को इलाज के लिए कई बार विदेश भेजा था। राजीव गांधी की निर्मम हत्या के वक्त सारा देश शोक में डूब गया था। राजीव गांधी की मौत से अटल बिहारी वाजपेयी को बहुत दुख हुआ था। उन्होंने स्व. राजीव गांधी को अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि देते हुए कहा था, मृत्यु शरीर का धर्म है। जन्म के साथ मरण जुड़ा हुआ है। लेकिन जब मृत्यु सहज नहीं होती, स्वाभाविक नहीं होती, प्राकृतिक नहीं होती, जीर्णानि वस्त्रादि यथा विहाय- गीता की इस कोटि में नहीं आती, जब मृत्यु बिना बादलों से बिजली की तरह गिरती है, भरी जवानी में किसी जीवन-पुष्प को चिता की राख में बदल देती है, जब मृत्यु एक साजिश का नतीजा होती है, एक षड्यंत्र का परिणाम होती है तो समझ में नहीं आता कि मनुष्य किस तरह से धैर्य धारण करे, परिवार वाले किस तरह से उस वज्रपात को सहें।

**- फिरदौस खान**

# विकल्प और भी हैं तुर्किये को सबक सिखाने के



तुर्किये के राष्ट्रपति रिसेप तैय्यिप एर्दोआन अपनी प्रशंसा से गदगद हैं। पाकिस्तान में तुर्किये के राजदूत इरफान नेजीरोग्लू के साथ मुलाक़ात के दौरान शहबाज़ शरीफ ने कहा, 'राष्ट्रपति एर्दोआन ने एक बार फिर पाकिस्तान के लोगों के प्रति अपने प्यार का प्रदर्शन किया है। उन्होंने पाकिस्तान-तुर्किये भाईचारे के इतिहास में एक नया और गौरवशाली अध्याय जोड़ा है।' लेकिन, तुर्किये की इस करतूत के खिलाफ भारत में लगातार ग़ुस्से का इज़हार किया जा रहा है। यह विडम्बना ही है, भारत के खिलाफ युद्ध के लिए उकसाने वाला तुर्किये, इन दिनों रूस-यूक्रेन के बीच शांति वार्ता की मेज़बानी कर रहा है। लेकिन क्या तुर्किये का इलाज उसकी चंद कंपनियों को भारत में काम करने से रोकने, तुर्किये के विश्वविद्यालय इनोनु के साथ जेएनयू का शैक्षणिक एक्सचेंज समझौता रद्द कर देने भर से सम्भव है?

प्रश्न यह भी है, कि क्या जेएनयू को ऐसा कोई निर्देश मानव संसाधन मंत्रालय से गया था, कि इनोनु से 2028 तक हुआ 'एमओयू' तोड़ दो? जेएनयू का चीनी विश्वविद्यालयों के साथ विभिन्न शैक्षणिक आदान-प्रदान कार्यक्रमों के लिए एमओयू हो चुका है। इनमें संयुक्त शोध परियोजनाएं, शिक्षक-छात्र आदान-प्रदान कार्यक्रम, और पाठ्यक्रम विकास शामिल हैं। जेएनयू के 'ग्लोबल इनिशिएटिव ऑफ़ एकेडमिक नेटवर्क' ने दुनिया भर के विश्वविद्यालयों के साथ 35 से अधिक पाठ्यक्रम संचालित किए हैं। संयुक्त शोध परियोजनाओं पर पेइचिंग विश्वविद्यालय के साथ साझेदारी भी की है। तुर्किये समेत इन सभी देशों से भारत के कूटनीतिक सम्बन्ध सामान्य चल रहे हैं। फिर, तुर्किये के विश्वविद्यालय 'इनोनु' के साथ जेएनयू का शैक्षणिक एक्सचेंज समझौता स्वतःस्फूर्त तरीके से रद्द कर देना, कई सवाल खड़े कर देता है। तुर्किये के विश्वविद्यालय के साथ ऐसा कर सकते हैं, तो चीनी विश्वविद्यालयों के साथ क्यों बगलगीर हैं? भारत-पाक युद्ध में चीनी मिसाइलें छूट रही थीं। चीनी रक्षा प्रणाली नहीं होतीं, तो पाकिस्तान की मिट्टी-पलीद हो जाती। लेकिन चीन के विरुद्ध चूं नहीं बोला जा रहा है। राष्ट्रपति रिसेप तैय्यिप एर्दोआन का दोहरा चरित्र किसी से छिपा नहीं है। ट्रंप-एर्दोआन दोस्ती से अलहदा, भारत-तुर्किये दोस्ती पर हम वापस लौटते हैं। इस समय सरकारी से अधिक प्राइवेट प्रतिबंधों का दौर शुरू है। ली ट्रैवेन्यूज टेक्नोलॉजी, ईजी ट्रिप प्लानर्स और कॉक्स एंड किंग्स सहित प्रमुख भारतीय ट्रैवल प्लेटफॉर्म ने तुर्किये और अजरबैजान के लिए प्रचार और सेवाएं भी स्थगित कर दी हैं। कॉक्स एंड किंग्स के एक कार्यकारी करण अग्रवाल ने कहा, कि कंपनी स्थिति पर बारीकी से नज़र रख रही है, और स्थिति में सुधार होने पर परिचालन फिर से शुरू करने पर विचार करेगी। भारत के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण के अनुसार, 2024 में लगभग पांच लाख भारतीयों ने तुर्किये का दौरा किया था, जो 2019 के आंकड़ों से दोगुना है। पिछले साल भी अजरबैजान में 80,000 से ज़्यादा भारतीय पर्यटक आए थे। निश्चित रूप से इसका असर इन देशों के पर्यटन व्यवसाय पर पड़ेगा। भारत ने वित्त वर्ष 2024 में तुर्किये को 3,885 वस्तुओं का निर्यात किया, जो कुल जमा 6.66 बिलियन अमेरिकी डॉलर का था। इसी अवधि में भारत ने तुर्किये से 2,482 वस्तुओं का आयात किया, जिसकी क़ीमत 3.78 बिलियन अमेरिकी डॉलर थी, यानी इस आयात-निर्यात में फायदा भारत को ही हो रहा था। डबल से थोड़ा कम। सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ तुर्किये के अनुसार, 'भारतीय कंपनियों ने तुर्किये में लगभग 126 मिलियन डॉलर का निवेश किया है। इधर भारत में तुर्किये का निवेश लगभग 210.47 मिलियन डॉलर है। अंकारा स्थित भारतीय दूतावास के अनुसार, 'तुर्किये में पंजीकृत प्रमुख भारतीय कंपनियों में ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट लिमिटेड, महिंद्रा, सोनालीका, टाटा मोटर्स, जिंदल, इंडो-रामा, बिड़ला सेल्यूलोज, पॉलीप्लेक्स, जीएमआर इन्फ्रास्ट्रक्चर, मेरिल लिंच, पुंज लॉयड, रिलायंस इंडस्ट्रीज, थर्मैक्स, विप्रो, डाबर, जैन इरिगेशन जैसी 150 भारतीय कम्पनियां हैं।' लाखों लोगों का रोज़गार इससे चल रहा है। तो क्या सारी कंपनियों पर ताला लगा देना चाहिए? मुझे लगता है, इसमें थोड़ा संशोधन की ज़रूरत है। अगर सचमुच इस थ्योरी पर पूरी दुनिया चलना शुरू करे, तो 193 में एक-चौथाई देश ही कारोबार के लिए रह जायेंगे। पूरी दुनिया में क्रॉस बॉर्डर टेररिज़्म के साथ-साथ कारोबार भी चल रहा है। एर्दोआन जिस तरह पाकिस्तान के कंधे पर बंदूक रखकर भारत को साध रहे हैं, उनका इलाज, उन्हीं की भाषा में किया जाना चाहिए।

**- पुष्परंजन**

# 'मूस मय' सब जग जानी

व्यंग्य/अशोक गौतम

मैं प्रदर्शनप्रिय जीव हूं। प्रदर्शन मेरे डीएनए में है। मैं हर अवसर चूक सकता हूं, पर प्रदर्शन का कोई भी अवसर नहीं चूकता। इसी प्रदर्शनप्रियता के चलते कल मेरी सरकारी दाल के पैकेट में मरा मूस निकला तो हर बार की तरह प्रदर्शन के अवसर का फायदा उठाने वाले जीव को प्रदर्शन का फिर मौका मिला।

लोकतंत्र में प्रदर्शन का कोई लाभ हो या न, पर एक लाभ जरूर होता है, और वह ये कि आप घरवालों की नजरों में आएं या न, पर मीडिया वालों की नजरों में एकदम आ जाते हैं। आजकल बात-बात पर प्रदर्शन करने वालों को मीडिया कैमरा उठाता है।

सरकारी दाल के पैकेट में मरा मूस मिलते ही मेरी बांछें खिल गईं। खिलीं भी ऐसी कि जिन्हें जितना मन करता खिला लेता। और मैंने सोशल मीडिया पर ज्यों ही सरकारी दाल के पैकेट में मरे मूस का लाइव वीडियो डाला तो तहलका मच गया। हर पल सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखने वालों ने इसे आंखों आंख लिया। लगा, एक बार फिर मैंने व्यवस्था की पोल खोल दी। वैसे पहले से ही खुली चीजों की पोल खोलना कोई बहादुरी का काम नहीं होता। इधर सोशल मीडिया पर दाल के पैकेट में मिले मरे मूस का मेरा वायरल वीडियो शेयर हुआ उधर दनादन लाइक, कमेंट्स के बीच अज्ञात का फोन आ गया।

'बंधु! ये मैं क्या देख रहा हूं?'

'सरकारी दाल के पैकेट में मरे मूस का वीडियो,' मैंने अव्वल दर्जे का जागरूक नागरिक होते कहा।

'यार! सोशल मीडिया का मिसयूज क्यों करते हो?'

'क्या मतलब आपका?' मुझे गुस्सा आ गया। अब इनसे कोई पूछे कि आज सोशल मीडिया का यूज करता ही कौन है जो मैं करूं?

'अब दाल के पैकेट में मूस ही निकलेगा न! हाथी तो नहीं निकलेगा? सरकारी दाल के पैकेट से हाथी निकलता तो खबर होती। जिंदा मूस का सरकारी आटे के बोरे वाला वीडियो डालो तो मजा आए। रही बात अब मूसों की तो मूस आज कहां नहीं? आटा-दाल मूस हैं। दफ्तर-दफ्तर मूस हैं। अफसर-अफसर मूस हैं। घर-घर मूस हैं। दर-दर मूस हैं। फाइलों पर उछलते मूस हैं। कुर्सियों पर मचलते मूस हैं। सड़क पर मूस हैं। संसद में मूस हैं। विकास के खेतों में मूस हैं। सूखी रेतों में मूस हैं। ये समाज आदमियों का नहीं, मूसों का समाज है डियर! यहां हर आदमी कहीं न कहीं मूस है। कोई संस्कार कुतर रहा है तो कोई आचार कुतर रहा है। कोई सदाचार कुतर रहा है तो कोई राजा का दरबार कुतर रहा है। कोई विचार कुतर रहा है तो कोई व्यवहार कुतर रहा है। कोई अखबार कुतर रहा है तो कोई देश की पतवार कुतर रहा है। इसलिए सरकारी दाल के पैकेट में मरे मूस का वीडियो वायरल करने वाले हे कलमघिसू! 'मूस मय सब जग जानी, करहुं प्रनाम जोरी जुग पानी,' लगा बंदे ने ज्यों मूसों पर पोस्ट पीएचडी कर रखी

# टूटे खेती में घाटे की रीत, किसान हों समृद्धि के मीत

देविंदर शर्मा



अकसर देश में खेती-किसानी से जुड़े लोगों के आंदोलन की खबरें आती हैं। पिछले वर्षों में कई लंबे किसान आंदोलन चले। शहरियों को किसानों के बारे में तब सोचने को मिलता है, जब वे सड़कों पर धरना, प्रदर्शन व जाम लगा रहे होते हैं। कहा जाता है कि मुफ्त बिजली-पानी व सब्सिडी के बावजूद बार-बार आंदोलन क्यों? समय-समय पर खेती-किसानी से जुड़ी आबादी के आंकड़े आते हैं। भारत की मौजूदा आबादी 140 करोड़ है। इसमें से आधी आबादी प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष तौर पर खेती से जुड़ी है। यह आंकड़ा करीब 70 करोड़ है। सरकारी आंकड़े के अनुसार, 46 प्रतिशत लोग खेती में हैं। कृषि क्षेत्र का देश की जीडीपी में 18 प्रतिशत योगदान है। पहले कहा जाता था कि दुनिया में सबसे ज्यादा खेती में जुड़े लोग चीन व भारत में हैं। दुनिया की खेती में लगी आधी आबादी इन देशों की है। लेकिन अब भारत लीड ले रहा है। दरअसल, कॉरपोरेट को तरजीह देने वाली सोच ने किसान को गरीब बनाया है। कहा गया कि देश की ग्रोथ तब होगी, जब खेती पर निर्भर जनसंख्या को कम करके उन्हें शहरों में लाया जाएगा। यानी कृषि की कीमत पर आर्थिक रिफोर्म को प्राथमिकता। ताकि सस्ते श्रमिक कॉरपोरेट को मिल सकें। कॉरपोरेट ने देश में एक सोच बना दी कि आलू-प्याज महंगा होने से आम आदमी का बजट बिगड़ जाएगा। लेकिन मॉल में शॉपिंग से हमारा बजट नहीं बिगड़ता। बेरिस्टा की हो या स्टारबक्स की कॉफी, मॉल में 300 रुपये कीमत लेने पर हमें महंगाई नजर नहीं आती। आलू-प्याज के ही दाम बढ़ने पर हमें महंगाई दिखायी देती है। एक सोचा-समझा मॉडल कि खेती बर्डन है समाज के लिये। कृषि में सुधार लाने के लिये इस सोच को बदलें। खेती से निकला किसान व खेतिहर श्रमिक शहरों की झुग्गियों में बदतर जीवन जीता है। शहरों में फ्लाई ओवर के नीचे सोता नजर आता है। विकास का ये मॉडल कॉरपोरेट को रास आता है। देश की आर्थिक नीतियां भी कॉरपोरेट सोच के अनुरूप हैं। मुख्यधारा के अर्थशास्त्री भी दुनिया के विभिन्न देशों में अपनायी गई नीतियों का कट-पेस्ट करते रहते हैं। पश्चिम में फेल पुराना मॉडल यहां लागू करते हैं। मैने हर बार कहा है कि खेती का संकट खेत में नहीं बल्कि खेत से बाहर है। आर्थिक डिजाइन किसान को पर्याप्त दाम नहीं देता। गांव में आधुनिकीकरण का प्रयास तब सफल होगा जब उसके हाथ में रिसोर्स होंगे। कई बार मैं कहता हूं कि वर्ष 1971 में गेहूं का मूल्य 76 रुपये प्रति कुंतल था। कालांतर 2015 में 45 साल के बाद यह 1450 रुपये हुआ। यह वृद्धि 19 गुना बैठती है। लेकिन इस दौरान आम कर्मचारी की तनख्वाह का बेसिक 120 से 150 प्रतिशत बढ़ा। वहीं प्रोफेसर का वेतन 150 से 170 प्रतिशत बढ़ा। वर्ष 1971 में स्कूल टीचरों का वेतन कम था, ये 1971 के मुकाबले 280 से 220 प्रतिशत बढ़ा। मेरा मानना है कि यदि कर्मचारियों का वेतन 45 साल में 19 प्रतिशत बढ़ता तो आधे लोग नौकरी छोड़ देते या कुछ आत्महत्या कर लेते। लेकिन खेती उसी स्तर पर है। ऐसा नहीं है कि किसान तरक्की नहीं चाहते। एक सर्वे का अकसर उल्लेख करता हूं। वर्ष 2016 में सरकार का एक सर्वे सामने आया था, जिसमें कहा गया कि देश के 17 राज्यों में किसान की सालाना इनकम 20 हजार रुपये है। कुल 17 राज्यों का मतलब है कि आधा देश हो गया। ऐसे में यदि मैं पंजाब में एक गाय पालना चाहूं तो 1700 रुपये प्रतिमाह की आय में यह संभव नहीं होगा। ऐसे में सोचें कि किसान कैसे गुजारा करता होगा। जब किसान की औसत आय इतनी कम है तो तकनीक या उद्योग से किसानों का भला कैसे होगा? शहर में भी यदि बीस हजार तनख्वाह कर दें तो कौन सा चेंज लाया जा सकता है? ये तो किसान के साथ अन्याय है। वहीं दूसरी तरफ यदि किसान टमाटर 10 से 20 रुपये किलो कर दे तो हंगामा हो जाता है। रेहड़ी वाले से हर आदमी मोल-भाव करना चाहता है। दस रुपये है तो आठ लगा लो। लेकिन मॉल में जाकर हम यह नहीं कर पाते। यह सोच हमारे आर्थिक डिजाइन की देन है। सोच बना दी गई है कि यदि लोगों को खेती से निकालकर शहर में नहीं लाते तो देश की तरक्की नहीं हो सकती। गांधी जी कहा करते थे कि भारत की आत्मा गांवों में बसती है। उनकी ग्राम स्वराज की अवधारणा नीति-नियंताओं की समझ में नहीं आती। लेकिन पश्चिमी देशों में विफल रही विश्व बैंक, आईएमएफ आदि की नीतियों को हमारे यहां कट-पेस्ट कर लागू करने को प्राथमिकता दी जाती है। सोच बना दी गई है कि कृषि उपजों का दाम कम होना चाहिए। केवल बाजार में कृषि उत्पादों के ही दाम कम होते हैं। कभी स्कूटर, कार,टीवी व घड़ी आदि के दाम कम होते देखे हैं? यह बात तार्किक नहीं है कि स्टोरेज की व्यवस्था हो जाने से किसान फसल रोककर बाजार के अनुरूप उत्पाद बेचकर मुनाफा कमा लेगा। अमेरिका में तो पर्याप्त स्टोरेज व्यवस्था है फिर वहां किसानों को क्यों घाटा होता है? मेरी बात को एक अमेरिकी किसान ने जायज ठहराया और कहा कि वर्ष 2022 में भी वह मक्का उसी कीमत पर बेच रहा है, जिस दाम में पिताजी 1970 में बेच रहे थे। दरअसल, हम स्टोरेज का बहाना बनाते हैं और किसानों को उसकी उपज का न्यायसंगत दाम नहीं देना चाहते। दरअसल, सरकार की शांता कुमार कमेटी ने 2014 में मुझे बुलाया था। मैं गया और एक बात कही थी कि देश में सरप्लस तीस प्रतिशत अनाज की खरीद पीडीएस आदि के लिये होती है। जिसमें छह प्रतिशत को ही एमएसपी का लाभ मिलता है। जो छोटे किसान हैं, एक एकड़, दो एकड़ वाले, उनके सरप्लस से यह अनुमान लगाया गया। जब विशेषज्ञों से पूछा गया तो किसी से नहीं बताया। इसके अलावा 6 प्रतिशत में भी बड़ी भागीदारी पंजाब व हरियाणा के किसानों की थी, क्योंकि यहां सिस्टम वेल बिल्ट था। बेहतर नेटवर्क स्थापित था। अगर आज की बात करें तो संसद में आंकड़ा दिया गया कि देश में 14 फीसदी किसानों को एमएसपी का पूरा लाभ मिल रहा है। यानी 86 फीसदी किसान बाजार के भरोसे हैं। जो बाजार से 30 से 40 प्रतिशत दाम किसानों को देते हैं। दरअसल, हमारे सुधारों की दिशा हमारे किसानों की आकांक्षा व जरूरतों के अनुरूप नहीं है। जो सुधार लाये जा रहे थे, वे अमेरिका व यूरोप में डिजाइन किए गए थे। वे यूरोप व अमेरिका में लागू हुए और लाभकारी नहीं रहे। अमेरिका में किसानों पर 425 बिलियन डॉलर का कर्ज है। सुधारों ने अमेरिका में किसानों का संकट कम नहीं किया। पहले छह महीने में यूरोपीय देशों में किसानों के 24 बड़े प्रदर्शन हुए। उनकी मांग है कि गारंटिड प्राइस मिलें। अगर बाजार से सही प्राइस मिल रहे होते तो वे किसान ये मांग न करते। दरअसल, ये सुधार यूरोप व अमेरिका में फेल हुए हैं। कॉरपोरेट ने ये सोच दी और हम खुश हो गए। क्या हम भारतीय परिस्थितियों के अनुरूप समाधान के बारे में नहीं सोच सकते। कृषि अनुसंधान व पत्रकारिता ने नये अनुभव दिए। अनुभव से ज्ञान मिला। फिलीपीन्स के राइस इंस्टीट्यूट में विजिटिंग एडिटर के रूप में ईस्ट एशिया के 10-12 देशों में जाने को मिला। पता लगा कि कोरिया, जापान, चीन व कंबोडिया में क्या हो रहा है। विजन विस्तृत होता है। अमेरिका,आस्ट्रेलिया व यूरोप के करीब पचास वि.वि. में व्याख्यान दिए। एक्सप्रेस में दस साल कृषि संवादाता रहते हुए सारे देश की खेती को समझने का मौका मिला। मुझे पूछा जाता कि अंतर्राष्टीय कृषि व व्यापार समझौतों व ड्ब्ल्यूटीओ के बारे में जानकारी कैसे मिलती है। दरअसल, शिक्षा यात्रा से मिलती है। विश्लेषण करने की क्षमता बढ़ती है।

**एमएसपी गारंटी की तार्किकता-** किसानों की मांग है कि आय सुनिश्चित करने के लिये एमएसपी को कानूनी गारंटी दी जाए। अब जो एमएसपी 23 फसलों पर मिल रही है उसे कानूनी अधिकार बना दिया दिया जाए। कह सकते हैं कि ऐसा दुनिया में कहां है। इंडोनेशिया एक बड़ा मुल्क है। वहां चावल का एक बैंच मार्क प्राइस तय किया गया है। उससे कम दाम में कोई धान नहीं खरीद सकता। इसके बावजूद व्यापारियों ने खरीदना बंद नहीं किया।

**डायरेक्ट इनकम की सार्थकता-** कृषि वैज्ञानिक देविंदर शर्मा के मुताबिक, मैंने सबसे पहली बार जब किसानों को डायरेक्ट इनकम देने की बात कही तो कई अर्थशास्त्रियों ने विरोध किया। इस हकीकत के बावजूद कि देश का कॉरपोरेट सब्सिडी पर जीता है। तब कहा गया- ट्रेज़री से सीधा पैसा कैसे किसानों को दे दिया जाएगा? अच्छा लगा जब वित्तमंत्री के रूप में अरुण जेटली ने इस विचार से सहमति जतायी। आज भले थोड़ा मिल रहा है, लेकिन एक बड़ी शुरुआत है। किसानों को छह हजार रुपये साल का मिल रहा है। ये महत्वपूर्ण है कि देश के सवा लाख करोड़ रुपये के कृषि बजट का आधा साठ हजार करोड़ किसानों को डायरेक्ट इनकम के रूप में मिल रहा है। यह बहुत बड़ा टेक्टोनिक शिफ्ट है। आर्थिक सोच बदली है। ये हमारा किसानों के साथ हुए अन्याय का प्रायश्चित कहा जा सकता है। हमारी नीतियों ने किसान को गरीब बनाया। दुनिया के सबसे रिच संगठन ओईसीडी के अनुसार, 2000 से 2016 के बीच भारतीय किसानों को पैंतालिस लाख करोड़ नुकसान हुआ। लेकिन इस गंभीर तथ्य पर कोई विमर्श नहीं हुआ।

**(लेखक कृषि वैज्ञानिक हैं)**

# समुद्र उबलने लगेगा...सुनामी से तबाही

## जापानी बाबा वेंगा की भविष्यवाणी से दुनिया में दहशत, यात्रा कैंसिल कर रहे हजारों लोग

टोक्यो

जापान की मंगा कलाकार रयो तातसुकी की भविष्यवाणी दुनिया में डर पैदा कर रही है। मौजूदा समय की बाबा वेंगा कही जा रहीं रयो की कई भविष्यवाणियों के पहले भी सच साबित होने का दावा किया जाता है। अब उनकी नई भविष्य इस साल जुलाई में जापान के कुछ हिस्सों में आपदा आने को लेकर है। उनकी इस भविष्यवाणी की वजह से लोग जापान की अपनी यात्रा रद्द कर रहे हैं। रयो ने जुलाई में समुद्र में बड़ी हलचल होने और भारी आपदा की भविष्यवाणी की है। उनकी इस भविष्यवाणी की वजह से लोग जापान आने का इरादा बदल रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, जापान की नई बाबा वेंगा रयो तातसुकी की पिछली भविष्यवाणियां, खासतौर से 2011 में तोहोकू भूकंप और कुछ मशहूर हस्तियों की मौत का दावा सच साबित हुआ है। इसके चलते उनकी भविष्यवाणी को लोग गंभीरता से लेते हुए जापान जाने की अपनी योजना पर दोबारा विचार कर रहे हैं। ट्रैवल एजेंसियों ने भी ये माना है कि हजारों लोगों ने जापान की



बुकिंग रद्द की है, जिसकी वजह रयो तातसुकी की भविष्यवाणी है।

### कौन हैं जापान की बाबा वेंगा

साल 1911 में जन्मीं और 1996 में दुनिया छोड़ चुकीं बाबा वेंगा अपनी सटीक भविष्यवाणियों के लिए जानी जाती हैं। अब जापानी कलाकार रयो तातसुकी का नाम वेंगा के साथ जोड़ा जा रहा है। इसकी वजह ये है कि रयो की भविष्यवाणियां भी बाबा वेंगा से मिलती-जुलती हैं। तातसुकी पहली बार 1999 में अपनी किताब द फ्यूचर आई सॉ से चर्चा में आईं थीं। इस किताब में उन्होंने दुनिया के कुछ हिस्सों, खासतौर से जापान के लिए कई भविष्यवाणी की हैं।

### सच हुई कई भविष्यवाणी

रयो की भविष्यवाणी की इस किताब पर शुरुआत में दुनिया का ज्यादा ध्यान नहीं गया। इसमें लिखी कई भविष्यवाणियां जब सच हो गईं तो जापान और दुनिया में उनकी ख्याति बढ़ गई। उनकी सबसे महत्वपूर्ण भविष्यवाणियों में मार्च 2011 में जापान के उत्तरी तोहोकू क्षेत्र में आया भूकंप और सुनामी है। तातसुकी ने अपनी किताब में ऐसी आपदा की भविष्यवाणी की हुई थी। इससे पहले उन्होंने 1995 में कोबे भूकंप और क्वीन के गायक फ्रेडी मर्करी की मौत की भी भविष्यवाणी की थी। इससे भविष्यवक्ता के तौर पर दुनिया रयो को गंभीरता से ले रही है।

### क्या है नई भविष्यवाणी

रयो तातसुकी ने जुलाई 2025 में एक विनाशकारी घटना की चेतावनी दी है। उनका दावा है कि इस दौरान जापान और फिलीपींस के बीच समुद्र में एक बड़ी दरार बनेगी। इससे एक भयावह सुनामी आएगी, जो 2011 की तोहोकू सुनामी से तीन गुना ऊंची होगी। उन्होंने जापान के समुद्र के उबलने की बात कही है। लोग इसे पानी के नीचे ज्वालामुखी विस्फोट या बड़े भूकंप से जोड़ रहे हैं। तातसुकी की भविष्यवाणी के कारण जापान आने वाले पर्यटकों की संख्या में कमी आने लगी है। खासतौर से जुलाई के आसपास की बुकिंग कैंसिल हो रही है।

# फ्रांस ने बांग्लादेश को दिया झटका, मैक्रों ने यूनुस के साथ बैठक से किया इनकार

पेरिस

फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के हेड मोहम्मद यूनुस को तगड़ा झटका दिया है। मैक्रों ने यूनुस के साथ द्विपक्षीय बैठक करने से इनकार दिया है। ये बैठक महीने होने वाले संयुक्त राष्ट्र महासागर सम्मेलन के दौरान हो सकती थी। यूनुस को इस सम्मेलन में भाग लेने के लिए फ्रांस जाना था। ढाका ने सम्मेलन के दौरान यूनुस और मैक्रों के बीच द्विपक्षीय बैठक का अनुरोध किया था लेकिन फ्रांस सरकार ने इस प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया।

फ्रांस सरकार के इस फैसले से यूनुस के वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बनाने की कोशिश को झटका लगा है। मैक्रों के साथ बैठक से इनकार के बाद यूनुस की फ्रांस यात्रा रद्द कर दी गई है। यह अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 9 जून से फ्रांस के नीस में होनी है।



फ्रांसीसी राष्ट्रपति 8 जून को प्रतिभागियों के लिए रात्रिभोज की मेजबानी करेंगे। इसके लिए यूनुस को भी न्योता भेजा गया था। ढाका के सूत्रों ने बताया कि फ्रांस से निमंत्रण मिलने के बाद मैक्रों और युनुस के बीच द्विपक्षीय बैठक आयोजित कराने के लिए बहुत प्रयास किए। इस पर पेरिस ने जवाब दिया सम्मेलन में भाग लेने वाले कई देशों ने पहले ही द्विपक्षीय बैठक का अनुरोध किया है। ऐसे में किसी और द्विपक्षीय बैठक यानी मैक्रों का यूनुस से मिलना संभव नही हो सका है। फ्रांस ने कहा है कि वह द्विपक्षीय बैठकों को नीस सम्मेलन के साथ नहीं जोड़ना चाहता है। फ्रांस ने कहा है कि वह चाहता है कि यूनुस सम्मेलन में भाग लें। यूनुस अपनी सरकार के लिए समर्थन जुटाने के लिए विश्व नेताओं से मिलने के लिए बेताब हैं। ऐसे में वह मैक्रों से मिलने की कोशिश में लगे थे ताकि दुनिया में एक संदेश भेज सकें। सूत्रों ने संकेत दिया है कि फ्रांस द्विपक्षीय बैठक का वांछित परिणाम समझना चाहता था। वह सिर्फ किसी संदेश के लिए बैठक नहीं चाहता था। बांग्लादेश ने पहले फ्रांस से नागरिक विमान खरीदने में रुचि दिखाई थी, लेकिन इस पर कोई प्रगति नहीं हुई है। हालांकि बैठक के पीछे इसे वजह नहीं बताया गया है। यूनुस के ना जाने की सूरत में बांग्लादेश का प्रतिनिधित्व कोई मंत्री कर सकता है।

# अमेरिका तहव्वुर को सौंप सकता है तो आप हाफिज सईद और लखवी को क्यों नहीं

**भारतीय राजदूत ने पाकिस्तान को चेताया**

तेल अवीव

इजरायल में भारत के राजदूत जेपी सिंह ने पाकिस्तान से मुंबई हमले के मास्टरमाइंड हाफिज सईद, साजिद मीर और जकीउर्रहमान लखवी को सौंपने की मांग की है। सिंह ने अमेरिका का उदाहरण देते हुए पाकिस्तान से उन आंतिकियों को सौंपने के लिए कहा है, जिन पर भारत में गंभीर आरोप हैं।

उन्होंने कहा कि अमेरिका अगर 26/11 के आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा के प्रत्यर्पण को मंजूरी दे सकता है तो फिर पाकिस्तान ऐसा ना करके अपनी जमीन पर आतंकियों को पनाह क्यों दे रहा है। उन्होंने दुनिया से आतंकवाद के खिलाफ एक वैश्विक गठबंधन बनाने का भी आह्वान किया है। जेपी सिंह ने कहा कि अगर अमेरिका आतंकवादियों का प्रत्यर्पण कर सकता है तो पाकिस्तान क्यों नहीं कर सकता है। पाकिस्तान को इन आतंकियों को भारत को सौंप देना चाहिए। पाकिस्तान को चेताते हुए सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर को सिर्फ रोका गया है ना कि पूरी तरह खत्म किया गया है। पाकिस्तान अगर आतंकवाद को बढ़ावा देना जारी रखेगा तो फिर भारत भी चुप नहीं बैठेगा। भारत आतंक की किसी भी कार्रवाई के खिलाफ मजबूती से जवाब देगा। सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर पर कहा कि भारत की सैन्य कार्रवाई का लक्ष्य आतंकी संगठन और उनके ठिकाने थे। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य आतंकवाद की जड़ों को उखाड़ फेंकना है लेकिन पाकिस्तान ने हमारी सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर जवाबी कार्रवाई की। इससे चीजें आगे बढ़ीं और युद्ध जैसे हालात हो गए। सिंह ने सिंधु जल समझौते पर कहा कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते है। जेपी सिंह ने 10 मई को पाकिस्तान के नूर खान एयरबेस पर भारत के हमले की सराहना करते हुए कहा कि इससे दोनों देशों के बीच समीकरण बदला है। इस हमले से पाकिस्तान में दहशत फैल गई है।

# वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे में निवेश आवश्यक: गुटेरेस

जिनेवा/नई दिल्ली (वार्ता)

संयुक्त राष्ट्र के महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने सभी के लिए समान स्वास्थ्य सेवा का आह्वान करते हुए कहा है कि वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे में निवेश बहुत आवश्यक है। गुटेरेस ने मंगलवार को जिनेवा में 78वीं विश्व स्वास्थ्य सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मौजूदा समय में पहले से कहीं अधिक विश्व को एक सुसंगत वैश्विक स्वास्थ्य ढांचे की आवश्यकता है जो संकटों पर तेजी से प्रतिक्रिया दे सके तथा सभी के लिए सुरक्षा और कल्याण को मजबूत कर सके। उन्होंने कहा कि कोविड-19 महामारी ने सामूहिक तैयारियों में गहरी खामियों को उजागर किया है । जब तक सभी सुरक्षित नहीं हो जाते, तब तक कोई भी सुरक्षित नहीं है।

इसको ध्यान में रखते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने बहुलवाद आधारित एक समझौता किया है जो सबको समान स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने का आश्वासन देता है। गुटेरेस ने कहा कि स्वास्थ्य को बढ़ावा देने और दुनिया को सुरक्षित रखने तथा कमज़ोर लोगों की सेवा करने के साझा लक्ष्य के लिए एकजुट होना विश्व स्वास्थ्य संगठन का दीर्घकालिक मिशन है। यह ऐसे समय में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है जब स्वास्थ्य और विकास के लिए धन में भारी कटौती की जा रही है और सैन्य खर्च रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया हो। उन्होंने कहा



कि वर्षों की बातचीत और समझौते के बाद विशेष ऐतिहासिक समझौते पर विचार करने के लिए एक साथ हैं। वैश्विक स्वास्थ्य आपात स्थितियों के लिए वैश्विक प्रतिक्रिया की आवश्यकता होती है। यदि इसे अपनाया जाता है, तो यह विश्व स्वास्थ्य संगठन के संविधान के तहत वैश्विक तंबाकू नियंत्रण सम्मेलन के बाद दूसरा अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य सम्मेलन होगा।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव ने कहा कि महामारियों के खिलाफ वैश्विक तैयारियों को मजबूत करने के लिए, स्वास्थ्य संबंधी खतरों का जवाब देने में समानता और एकजुटता सुनिश्चित करने और अगली पीढ़ी के लिए स्वास्थ्य को एक मौलिक मानव अधिकार के रूप में बनाए रखने के वादे को कायम रखने के प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य का संबंध सिर्फ आपातकालीन स्थितियों ही नहीं है। गैर-संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण तथा मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने पर भी जोर होना चाहिए। सार्वभौमिक स्वास्थ्य की दिशा में प्रगति प्राथमिक देखभाल पर आधारित लचीली प्रणालियों के निर्माण के लिए आवश्यक है। इसके साथ ही यह वर्ष 2030 एजेंडा - सतत विकास के लिए को पूरा करने के लिए भी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों को संसाधनों के साथ जोड़ा जाना चाहिए। विश्व स्वास्थ्य संगठन में निवेश को मजबूत करके तथा सभी के लिए अधिक स्वस्थ, सुरक्षित और निष्पक्ष विश्व के निर्माण के लिए आवश्यक स्थिरता सुनिश्चित करना आवश्यक होगा।

## ...तो इजराइल पर प्रतिबंध लगा देंगे

**लंदन (वार्ता)।** ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा ने धमकी दी है कि यदि इजरायल गाजा में अपने सैन्य अभियान जारी रखता है और मानवीय सहायता के प्रवेश को रोकता है तो उन पर लक्षित प्रतिबंध लगाए जाएंगे। तीनों देशों के नेताओं के एक संयुक्त बयान में कहा गया है, यदि इजरायल ने नए सिरे से सैन्य आक्रमण बंद नहीं किया और मानवीय सहायता पर अपने प्रतिबंधों को नहीं हटाया, तो हम जवाब में और ठोस कार्रवाई करेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि उन कार्रवाइयों में लक्षित प्रतिबंध शामिल हो सकते हैं।

# ज्योति मल्होत्रा को सौंपे गए थे तीन बड़े टास्क!

हिसार

देश की राजधानी दिल्ली से महज 175 किमी दूर बसा है हरियाणा का हिसार इलाका। बीते कुछ दिनों से इस इलाके में सन्नाटे से भरी एक अजीब सी हलचल है। वजह बेहद डरावनी है। दरअसल, इसी हिसार में, महज 55 गज में बने एक छोटे से घर से, एक कहानी का जन्म हुआ। ऐसी कहानी, जिसके तार पड़ोस के दुश्मन मुल्क पाकिस्तान के साथ जुड़े हैं। वो कहानी, जिसमें यूट्यूब पर वीडियो बनाने वाली 33 साल की एक युवती दुश्मन के हाथों की कठपुतली बन गई। उसे पता भी नहीं चला कि कब पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने उसे अपनी जासूस



बनाकर, उसके अपने देश के खिलाफ इस्तेमाल करना शुरू कर दिया। हिसार की यूट्यूबर और ट्रैवल व्लॉगर ज्योति मल्होत्रा को गिरफ्तार करने के बाद, पुलिस और खुफिया एजेंसियां अब उत्तरी भारत में फैले जासूसी के एक बड़े नेटवर्क को तोड़ने में लगी हैं। कई गिरफ्तारियां हुई हैं, सवाल पूछे जा रहे हैं और हर दिन ऐसे राज खुलकर सामने आ रहे हैं, जिन्हें जानकर शायद आपके माथे पर भी पसीना आ जाए। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, जिस दानिश को भारत सरकार ने जासूसी के मामले में देश से निकाला था, वो दरअसल आईएसआई के लिए काम करता था। ज्योति के साथ उसकी सीधी बातचीत थी। बात चाहे पाकिस्तान के लिए वीजा की हो, या वहां रहने-सहने के इंतजाम की, दानिश ने ज्योति के लिए सबकुछ किया। बदले में, उसने ज्योति को तीन अहम काम सौंपे। एक रिपोर्ट के मुताबिक, दानिश ने जो काम ज्योति को सौंपे, उनमें पहला था- अपने वीडियो कंटेंट के माध्यम से पाकिस्तान की एक पॉजिटिव इमेज बनाना। दूसरा था- पाकिस्तान के बारे में फैल रही कहानियों को बदलना। और तीसरा- अपने जैसे लोगों को भर्ती करना और उनसे भी यही काम कराना। कहीं ना कहीं, ज्योति मल्होत्रा के वीडियो इन तीनों कामों को बखूबी अंजाम भी दे रहे थे। हिसार के एसपी शशांक कुमार सावन का कहना है, दानिश धीरे-धीरे ज्योति मल्होत्रा को सॉफ्ट प्रोपेगैंडा के लिए इस्तेमाल कर, अपने मंसूबों को अंजाम दे रहा था। वह उसे बिना एहसास कराए ही, एक कहानी गढ़ने के लिए इस्तेमाल कर रहा था। ज्योति अब भी यही मानती है कि वह सिर्फ अपनी अभिव्यक्ति की आजादी का इस्तेमाल कर रही थी।

## भारत-पाक की लड़ाई में ड्रैगन कर सकता है तगड़ी कमाई

**बीजिंग।** भारत और पाकिस्तान के बीच चार दिनों के सैन्य संघर्ष ने दुनिया का ध्यान खींचा है। 6 मई की रात को भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इसके बाद पाकिस्तान ने भी भारत पर हमले की कोशिश की और दोनों देश युद्ध जैसी स्थिति में आ गए। 10 मई के सीजफायर के बाद दोनों देशों ने अपने-अपने दावे किए हैं। भारत और पाकिस्तान के इस संघर्ष में चीन का नाम भी तेजी से सामने आया है। चीन को कुछ एक्सपर्ट इस संघर्ष के असली विजेता की तरह भी देख रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत-पाक के हालिया संघर्ष से चीन के रक्षा उद्योग को अप्रत्याशित रूप से लाभ हुआ है। इसकी वजह ये है कि पाकिस्तान ने इस लड़ाई में चीनी हथियारों का इस्तेमाल किया है। इससे चीन के हथियार उद्योग को बढ़ावा मिल सकता है। खासतौर से चीनी लड़ाकू विमानों के लिए इस संघर्ष को फायदे का सौदा कहा जा रहा है। भारत और पाकिस्तान की ओर से चार दिन के संघर्ष में ड्रोन, मिसाइल और लड़ाकू विमानों का इस्तेमाल किया गया। भारत ने फ्रांस और रूस में बने विमानों का इस्तेमाल किया। वहीं पाकिस्तान ने चीन से मिले जे-10 और जे-17 विमानों को मैदान में उतारा। हालांकि दोनों देशों ने ये कहा है कि उनके विमानों ने सीमा पार नहीं की बल्कि अपने हवाई क्षेत्र से ही मिसाइलें दागीं। भारत-पाक संघर्ष को कुछ रक्षा विशेषज्ञों ने चीनी हथियार उद्योग के लिए डीपसीक मोमेंट कहा है। बीजिंग के विश्लेषक झोउ बो ने बीबीसी से कहा कि हवाई लड़ाई चीनी हथियार उद्योग के लिए एक बड़ा विज्ञापन थी।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

# ‘हेरा फेरी 3’ बीच में छोड़ बुरे फंसे बाबू भईया

## अक्षय कुमार ने परेश रावल पर ठोंका 25 करोड़ का मुकदमा!

बीते कई दिनों से ‘हेरा फेरी 3’ की कास्ट को लेकर बातें हो रही हैं। एक्टर परेश रावल ने पहले ही क्लियर कर दिया है कि वो फिल्म का हिस्सा नहीं होंगे। पहले वो कह रहे थे कि क्रिएटिविटी में कमी के कारणों से उन्होंने फिल्म छोड़ी है लेकिन अब बात कुछ और ही सामने आ रही है। चौंकाने वाली खबर आई है कि एक्टर अक्षय कुमार ने अपने प्रोडक्शन हाउस केप ऑफ गुड फिल्म्स के जरिए परेश रावल को एक कानूनी नोटिस भेजा है, जिसमें उन्होंने गैर-प्रोफेशनल तरीका अपनाने और फिल्म की शूटिंग बीच में छोड़ने के लिए 25 करोड़ रुपये मांगे हैं।



परेश रावल ने पिछले हफ्ते मीडिया के ज़रिए पुष्टि की थी कि वह इस कल्ट कॉमेडी से बाहर हो रहे हैं। हालांकि कारण स्पष्ट नहीं था, लेकिन हमें पता चला है कि उन्हें अभी इस फ़िल्म का हिस्सा बनने का ‘मन नहीं’ है। इससे हेरा फेरी फ्रैंचाइज़ी के लाखों फैंस में निराशा की लहर दौड़ गई है। बता दें कि फिल्म के लीड एक्टर्स अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी और परेश ने इस साल अप्रैल में प्रियदर्शन की फिल्म की शूटिंग शुरू की थी। अक्षय हेरा फेरी 3 के निर्माता भी हैं, उन्होंने इसके राइट्स फिरोज नाडियाडवाला से कानूनी तौर पर खरीदे हैं। परेश रावल ने ये भी कहा था कि क्रिएटिविटी में कमी या पैसा उनके निर्णय का कारण नहीं था। वहीं, सूत्रों का कहना है कि इस फिल्म के लिए उनकी नॉर्मल फीस से तीन गुना अधिक उन्हें भुगतान किया जा रहा है। मामले में कानूनी कार्यवाही वाले एक सूत्र ने कहा, परेश ने पेशेवर ईमानदारी को तोड़ा है। अगर वह फिल्म नहीं करना चाहते थे, तो उन्हें कानूनी अनुबंध पर हस्ताक्षर करने और शूटिंग पर इतना पैसा खर्च करने से पहले ऐसा कहना चाहिए था। अब समय आ गया है कि बॉलीवुड एक्टर्स को यह एहसास हो जाए कि हॉलीवुड की तरह यहां भी मेकर्स अब किसी की मर्जी के मुताबिक फिल्म में आने-जाने की इजाजत नहीं देंगे। अक्षय कुमार के 35 साल के करियर में यह पहली बार है जब उन्होंने इंडस्ट्री के किसी साथी एक्टर पर गैर-पेशेवर आचरण के लिए मुकदमा दायर किया है।

परेश के बारे में बात करें तो ये मामला नया नहीं है। उन्होंने 2023 में ओह माय गॉड 2 करने से इनकार कर दिया और दावा किया कि उन्हें स्क्रिप्ट पसंद नहीं आई। कहा जाता है कि 2009 की शुरुआत में, उन्होंने शाहरुख खान की बिल्लू बारबर को छोड़ने के बाद ऐसा किया था। संयोग से उस फिल्म का निर्देशन भी प्रियदर्शन ने किया था। ‘हेरा फेरी 3’ फ्रैंचाइजी के फैंस के लिए परेश रावल की हरकतें मनोरंजक नहीं हैं। सूत्र ने कहा, परेश ने खुद जनवरी में अपने एक्स हैंडल पर फिल्म करने की घोषणा की, उन्होंने सभी प्री प्रोडक्शन प्लानिंग में भाग लिया, एक दिन के लिए शूटिंग की। जब उन्हें तब दिक्कत नहीं हुई, तो अब अचानक इस फ्रैंचाइज़ी के फैंस की भावनाओं के साथ खेलना और निर्माता को नुकसान पहुंचाना बहुत गलत है।

# श्रद्धा कपूर ने ठुकरा दी एकता कपूर की फिल्म!

क्या श्रद्धा कपूर और एकता कपूर के बीच अनबन हो गई है? क्या श्रद्धा ने एकता की बड़े बजट की थ्रिलर मूवी छोड़ दी है? क्या इसकी वजह पैसों की डिमांड है? ये सभी सवाल श्रद्धा से जुड़े हुए हैं, जो उनके वो फैंस पूछ रहे हैं, जिन्हें उनकी अगली फिल्म का इंतजार है। 2013 में आई आशिकी 2 से स्टारडम हासिल करने वाली एक्ट्रेस श्रद्धा कपूर की अगली फिल्म का फैंस इंतजार कर रहे हैं। वो पिछले साल सुपरहिट फिल्म स्त्री 2 में नजर आई थीं। कहा जा रहा है कि इसकी सफलता के बाद अब श्रद्धा ने अपनी फीस बढ़ा ली है और वो काफी सोच-समझकर स्क्रिप्ट फाइनल कर रही हैं। इस बीच ये खबर भी सामने आ रही है कि उन्होंने एकता कपूर की बड़े बजट की थ्रिलर मूवी को ठुकरा दिया, लेकिन अब तुम्बाड फेम डायरेक्टर राही अनिल बर्वे ने अफवाहों को खारिज करते हुए अपना रिएक्शन दिया है। डायरेक्टर राही अनिल बर्वे ने बताया कि वो इस वक्त रक्त ब्रह्मांड नाम की वेब सीरीज पर काम कर रहे हैं और इसके बाद ही एकता कपूर की फिल्म करेंगे।



# वॉर 2 : कबीर का काल बनकर कौन आया!

वॉर 2 का टीजर रिलीज हो गया है, जिसमें ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर का जबरदस्त एक्शन देखने को मिल रहा है। अयान मुखर्जी की 2019 की ब्लॉकबस्टर वॉर का यह सीक्वल भारत के स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले 14 अगस्त, 2025 को दुनिया भर में रिलीज होने वाला है। फैंस चंद मिनटों के टीजर को देखकर खुशी से उछल रहे हैं। सोशल मीडिया पर हर तरफ जूनियर एनटीआर और ऋतिक रोशन के लुक, एक्शन और डायलॉग्स की चर्चा हो रही है। टीजर में ऋतिक रोशन को एजेंट कबीर के रोल में ही हैं। बॉलीवुड में अपना डेब्यू कर रहे जूनियर एनटीआर विलन के रोल में हैं। वीडियो में तलवारबाजी, कार का पीछा करना और हाथापाई सहित एड्रेनालाईन-पंपिंग सीक्वेंस हैं। कियारा आडवाणी का बिकिनी सीन भी ध्यान खींच रहा है। एक करीबी सूत्र ने खुलासा किया कि जूनियर एनटीआर के रोल को शाहरुख खान की पठान और सलमान खान की टाइगर की तरह ही देखा जा रहा है। अंदरूनी सूत्र ने कहा, उनका किरदार सिर्फ़ वॉर 2 तक सीमित नहीं होगा। स्टैंडअलोन फ़िल्मों, स्पिन-ऑफ़ और क्रॉसओवर जैसा होगा। वाईआरएफ सिनेमाई यूनिवर्स में तगड़ा मोड़ आएगा। इसके साथ ही जूनियर एनटीआर का किरदार स्पाई यूनिवर्स के दिग्गजों- कबीर (ऋतिक रोशन), पठान (शाहरुख खान), टाइगर (सलमान खान), जोया (कटरीना कैफ) और रुबाई (दीपिका पादुकोण) के जैसा ही हो जाएगा। ऋतिक रोशन ने हाल ही में एक ट्वीट में कहा, अरे जूनियर एनटीआर, क्या आपको पता है कि 20 मई को क्या होने वाला है? मेरा विश्वास करो, आपको कोई अंदाज़ा नहीं है कि क्या होने वाला है। तैयार हो जाएं? वॉर 2। इस पर एनटीआर ने चुटीले अंदाज़ में जवाब दिया, थैंक्यू ऋतिक सर! आपको ढूंढ़ने और आपको एक ख़ास रिटर्न गिफ़्ट देने का इंतज़ार नहीं कर सकता, कबीर। अयान मुखर्जी के डायरेक्शन में बनी वॉर 2 वर्ष 2019 की ब्लॉकबस्टर वॉर का सीक्वल है और आधिकारिक तौर पर वायआरएफ स्पाई यूनिवर्स की छठी फिल्म है। यह फिल्म स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले 14 अगस्त 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस यूनिवर्स की अगली फिल्म अल्फा है, जो आलिया भट्ट और शरवरी वाघ की है, जो 25 दिसंबर 2025 को रिलीज होगी।



# उपराष्ट्रपति व मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों का कलेक्टर ने लिया जायजा

## 26 मई को नरसिंहपुर में कृषि उद्योग समागम 2025 मेले का आयोजन

नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।

ज़िले में आगामी 26 मई को उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नरसिंहपुर प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने कृषि विज्ञान केन्द्र के समीप बनाये जा रहे कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री दलीप कुमार,अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप भूरिया, श्री रामसनेही पाठक और संबंधित संभागीय एवं जिला अधिकारी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती पटले ने कार्यक्रम के लिए निर्माणाधीन हेलीपैड तथा कार्यक्रम स्थल में की जा रही तैयारियों की समीक्षा की तथा कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के दृष्टिगत सभी आवश्यक



व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कार्यक्रम स्थल पर पंडाल, मंच, विद्युत, सांस्कृतिक कार्यक्रम, ग्रीन रूम, बैठक व्यवस्था, इन्वेस्टर्स मीट आदि का जायजा लिया। गर्मी के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए सभी सेक्टरों में पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने साथ ही कार्यक्रम स्थल में पर्याप्त संख्या में चिकित्सीय स्टॉफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होने वीआईपी पार्किंग, एग्जिट तथा यातायात व्यवस्था तथा सुचारू आवागमन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी नोडल अधिकारियों से की गई आवश्यक तैयारियों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा सभी तैयारियां निर्धारित प्रोटोकाल के अनुसार समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारियों को जो दायित्व सौंपे गए हैं उन्हें पूरा करें।

अधीनस्थ अमले के साथ माइक्रो प्लान तैयार हो। उल्लेखनीय है कि जिले में महाकौशल प्रांत का कृषि उद्योग आधारित तीन दिवसीय मेला कृषि- उद्योग समागम 2025 का आयोजन नरसिंहपुर में 26 से 28 मई 2025 तक आयोजित किया जायेगा।



# विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

प्रधान जिला न्यायाधीष एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री अखिलेष शुक्ला के निर्देषानुसार एवं अध्यक्षता में मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला न्यायालय के सभाकक्ष में किया गया। उक्त कार्यक्रम मे माननीय प्रधान जिला न्यायाधीष द्वारा मध्यस्थता जागरूकता की प्रासंगिकता एवं वैकल्पिक विवाद समाधान की तकनीको यथा लोक अदालत व मध्यस्थता के लाभ के संबंध में जानकारी प्रदान की। साथ ही उपस्थित छात्रो को विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाये जा रहे विधिक साक्षरता कार्यक्रमो में लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रमो में भाग लेने पर बल दिया। कार्यक्रम में उपस्थित सचिव श्री दिनेष मीणा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री राजेष सक्सेना द्वारा छात्र-छात्राओ को जिला प्राधिकरण द्वारा संचालित योजनाओ के संबंध में जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर एमआईएमटी महाविद्यालय के विधि संकाय के छात्र-छात्राए उपस्थित रहे। साथ ही जिला प्राधिकरण द्वारा नालसा (साथी अभियान) योजना 2025 के संबंध में साथी समिति के सदस्यो हेतु ओरिएन्टेषन कार्यक्रम का आयोजन एडीआर सेंटर में किया गया। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दिनेष मीणा एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री राजेष सक्सेना द्वारा साथी समिति के सदस्यो को बेघर, अनाथ व असहाय बच्चो को चिन्हित करने, योजना के वृहद स्तर पर प्रचार-प्रसार हेतु आवष्यक जानकारियां प्रदान की जिससे कि चिन्हित बच्चो के आधार कार्ड योजना के अधीन बनवाये जा सके व अन्य कल्याणकारी योजनाओ का लाभ भी प्रदान किया जा सके। उक्त कार्यक्रम में साथी समिति के सदस्यगण श्री अनिल व्यौहार, जिला षिक्षा अधिकारी, श्री राधेष्याम वर्मा, सहायक संचालक महिला बाल विकास विभाग, श्री बृजकिषोर बादल, सहायक प्रबंधक, ई-गर्वनेस सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में आये 115 आवेदन



**नरसिंहपुर।** स्वतंत्रमत। कलेक्टर कार्यालय नरसिंहपुर के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 20 मई को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार को अपनी समस्यायें बताई और आवेदन दिये।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये और विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। इस दौरान अन्य अधिकारियों ने भी लोगों की समस्यायें सुनी व आवेदन लिए और समय सीमा में निराकरण करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारियों को दिये। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 115 आवेदन आये।

# 1 मई से 20 मई तक आयोजित समर कैंप का समापन

नरसिंहपुर। स्वतंत्रमत।

शासन के निर्देशानुसार पीएम श्री महारानी लक्ष्मी बाई कन्या शाला नरसिंहपुर में आयोजित समर कैंप जिसमें विभिन्न विधाओं योग नृत्य गायन वादन आर्ट एंड क्राफ्ट , आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की बेहतर उपयोग , वित्तीय साक्षरता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को मास्टर ट्रेनर के माध्यम से 1 मई से 20 मई तक समर कैंप के माध्यम से छात्राओं को शिक्षित किया गया कैंप का उद्देश्य छात्रों में मानसिक एवं



शारीरिक विकास एवं उनकी बौद्धिक क्षमता का विकसित करना जिससे वे आत्मनिर्भर बन सके और उनका सर्वांगीण विकास हो,कैंप समापन कार्यक्रम में सरस्वती पूजन के उपरांत सभी गतिविधियों की एक झलक दिखाई गई जिसमें बच्चों द्वारा बनाई गई स्केच पेंटिंग आदि की प्रदर्शनी लगाई गई उनके द्वारा योग एवं नृत्य व संगीत के माध्यम से समापन की बेलापुर सुंदर बनाया गया संपूर्ण कार्यक्रम प्राचार्य श्रीमती आशा नेमा के सफलतम नेतृत्व में एवं शिविर समन्वयक श्री रत्नेश कुमार नेमा उच्च माध्यमिक शिक्षक एवं श्रीमती जी सोनी के निर्देशन में कैंप का समापन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ कैंप में अतिथि के रूप में डॉक्टर अमित एवं गोरी सोनी उपस्थित रहे एवं सभी प्रशिक्षकों और सभी विद्यालय के शिक्षक उपस्थित रहे।

# नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 10 वर्ष का कारावास

**नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।** न्यायालय, द्वितीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश श्रीमती संतोषी वासनिक के न्यायालय द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म के प्रकरण में आरोपी सुनील जाटव आ0 नंदराम जाटव आयु 20 वर्ष, निवासी- ग्राम सडूमर, थाना पलोहा बडा, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) को दोषसिद्ध पाते हुए आरोपी को धारा- 3/4, 11(1)/12 लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में क्रमश 10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 5000/- जुर्माना व 01 वर्ष सश्रम कारावास एवं 500/- जुर्माना तथा भादवि की धारा 450, 354-ग में क्रमश 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 2000/- जुर्माना व 01 वर्ष सश्रम कारावास एवं 500/- जुर्माना से व सूचना प्रौधोगिकी अधिनियम 2000 की धारा 67ए, 67ख में क्रमश 05-05 वर्ष सश्रम कारावास व 10000/- - 10000/- जुर्माना से दंडित किया गया। जिला अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी द्वारा बताया गया कि अभियोक्त्री ने आरक्षी केन्द्र पलोहा में इस आशय का शिकायत आवेदन पत्र दिया कि उसके और अभियुक्त के मध्य माह जनवरी 2023 से प्रेम संबंध चले आ रहे है। आरोपी अभियोक?त्री के घर के सामने रहता है, इस कारण वह कभी-कभी आरोपी से बात कर लेती थी। दिनाक 02/05/2023 को दोपहर करीब 02 30 बजे जब अभियोक्त्री के घर पर कोई नहीं था तब आरोपी अभियोक्त्री को घर पर अकेला देख कर उसकी किराने दुकान पर आया और 10 रूपये का राजश्री गुटखा लिया और 100 रूपये की नोट दिया। अभियोक्त्री के पास खुल्ले पैसे नहीं होने से वह खुल्ले पैसे लेने कमरे के अंदर गई तो अभियुक्त भी पीछे से कमरे में आ गया और अभियोक?त्री से कहने लगा कि वह उससे प?यार करता है और अभियोक्त्री को पकड कर बिस्तर पर पटक दिया। अभियोक्त्री चिल्लाई तो अभियुक्त ने उसका मुंह बंद कर दिया और उसके कपडे खोल कर उसके साथ जबरदस्ती गलत काम किया। इसके पश्चात अभियुक्त ने अभियोक्त्री के अश्लील विडियो मोबाईल से बना लिये और अभियोक्त्री को धमकी दी कि उसने घटना के संबंध में किसी को बताया तो वह उसका विडियो वायरल कर देगा, इसके कारण अभियोक्त्री किसी को कुछ नहीं बताया। दिनांक 04/01/2024 को अभियोक्त्री मंदिर गई थी तब भी अभियुक्त ने उसे बात करने और मिलने के लिए कहा था तो उसने मना कर दिया था। दिनांक 07/01/2024 को अभियुक्त ने अभियोक्त्री के अश्लील विडियो इंस्टाग्राम आई.डी. पर अपलोड कर वायरल कर दिये। दिनांक 12/01/2024 को भी अभियुक्त ने अभियोक्त्री के अश्लील विडियो इंस्टाग्राम आई.डी. पर अपलोड कर वायरल कर दिये। अभियोक्त्री के उक्त आवेदन पत्र के आधार पर आरक्षी केन्द्र पलोहा में अपराध क्रमांक 07/2024 अंतर्गत धारा 376, 506, 450 भादवि एवं 3/4 पॉक्सो एक्ट, धारा 67ए आईटी एक्ट के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख की जाकर मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान अभियोक्त्री का चिकित?सा परीक्षण कराया जाकर उसके कथन लेखबद्ध किये गये। अभियुक्त को गिरफ्तार किया जाकर उसका रक्त नमूना संकलित किया गया एवं उसका मेमोरेंडम कथन लिया गया। अभियोक्त्री एवं अभियुक्त के जप्तशुदा प्रदर्श डी.एन.ए. परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजे गये। अभियुक्त से मोबाईल जप्त कर उसे फारेंसिक जांच हेतु भेजा गया एवं अन्य आवश्यक अन्वेषण एवं कार्यवाही उपरांत अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। अभियोजन की ओर से प्रस्तुत किए गए साक्षी जिसमें अभियोक्त्री, माता-पिता व भाई की न्यायालय में हुई साथ तथा फारेंसिक यूनिट छिंदवाडा से एस.आई. डेहरिया की फारेंसिक रिपोर्ट बावत् साक्ष्य एवं चिकित्सक द्वारा न्यायालय में दिये गये साक्ष्य को महत्वपूर्ण एवं विश्वसनीय मानते हुए आरोपी को दोषसिद्ध मानकर न्यायालय द्वारा आरोपी को उक्त सजा से दंडित किया। प्रभारी उपसंचालक अभियोजन/जिला लोक अभियोजन अधिकारी नरसिंहपुर के मार्गदर्शन में, विशेष लोक अभियोजक श्रीमती संगीता दुबे द्वारा उक्त प्रकरण में सशक्त पैरवी की गई।

# बरहटा में समर कैंप का समापन

**नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।** शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा में 20 दिनों से चलने वाले समर कैंप का समापन समारोह आयोजित किया गया। समर कैंप का सफल संचालन संकुल प्राचार्य एसके बक्शी के मार्गदर्शन में हुआ ।समापन समारोह मुख्य अतिथि पूर्व जनपद सदस्य बृजभूषण बाजपाई , विशिष्ट अतिथि सुरेश गिरधोनिया ,उपसरपंच मुकेश शाह , अभिभावकों,विद्यालय प्राचार्य एस के बक्शी एवं समस्त स्टॉफ की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर विद्यालय में शासन द्वारा दी गई थीमों पर 20 दिनों में सिखाए गए विधाओं पर विद्यार्थियों ने प्रदर्शन प्रस्तुति दी। छोटे-छोटे विद्यार्थियो ने योग प्रदर्शन किया। समर कैंप में नृत्य की विधा को मंच के माध्यम से भी प्रदर्शित किया गया एवं स्पोकन इंग्लिश में भी विद्यार्थियों ने अपना प्रदर्शन मंच के समक्ष किया इस अवसर पर तीनों मार्गदर्शी शिक्षकों



तरुवर पटेल, शंकर राजभर और प्रशांत नामदेव को माननीय मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण ,स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।शिविर में प्रशिक्षकों ने विद्यार्थियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। बच्चों को लोक कला और लोक नृत्य की शिक्षा दी गई ।वाद्य यंत्र बजाने का प्रशिक्षण दिया गया। खेलकूद गतिविधियों के साथ अंग्रेजी बोलने का अभ्यास भी कराया गया ।समापन समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उन्होंने नृत्य प्रस्तुत किए और एकल गायन किया। अंग्रेजी में भाषण दिए और वाद्य यंत्रों पर प्रस्तुतियां दीं ।इस दौरान विद्यालय शिक्षकों के ग्रामीणों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर उपस्थित सभी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समस्त विद्यार्थियों को टाफी व स्वल्पाहार वितरित किया गया ।मुख्य अतिथि द्वारा अपने उद्बोधन में विद्यालय एवं सभी गतिविधियों की प्रशंसा की गई एवं कहा कि इस तरह विद्यालय संचालित होने से क्षेत्र के पालकों में शासकीय विद्यालय में बच्चों के प्रवेश करने की उत्सुकता बढ़ेगी ।



# अधूरी सड़क और पुलिया से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** साईखेड़ा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत देतपोन स्टैंड से धनोरा खैरी अजंता ढेगासरा डूंगरिया आड़े गांव तक बनने वाली रोड का काम अभी अधूरा है। बरसात आने से पहले पुरानी पुलिया को नहीं निकाला गया है, जिससे नए काम की शुरुआत ही नहीं हो पा रही है। ठेकेदार की मनमानी के कारण कुआं जैसे गड्ढे बना दिए गए हैं, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में परेशानी हो रही है।

**ग्रामीणों ने की शिकायत, पर नहीं हुआ कोई नतीजा**-ग्रामीणों ने 181 पर शिकायत की है, लेकिन अभी तक कोई नतीजा नहीं आया है। ग्रामीणों का कहना है कि अगर शासन और प्रशासन ही इस बात पर ध्यान नहीं देगा, तो कौन देगा? चार-पांच गांव की जनता परेशान हो रही है और अधिकारी ठेकेदार की मनमानी के चलते मौन हैं।

**दुर्घटना का खतरा**-समय रहते अगर इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो बड़ी दुर्घटना हो सकती है। इसके लिए कौन जिम्मेदार होगा? ग्रामीणों की मांग है कि जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए और सड़क एवं पुलिया का काम पूरा किया जाए।

## राजीव गांधी की पुण्यतिथि आज, झंडा चौक पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** नगर के हृदय स्थल झंडा चौक पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की पुण्यतिथि सुबह 11बजे शहीद दिवस के रूप में मनाई जाएगी , कांग्रेस जन स्वर्गीय राजीव गांधी का स्मरण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे ।ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जिनेश जैन ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं कांग्रेस मोर्चा संगठन के कार्यकर्ताओ से उपस्थित होने की अपील की है ।



## जनसहभागिता से ऊमर नदी में बोरी बंधान किया

**नरसिंहपुर ।स्वतंत्रमत।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में नदियों व नालों में बोरी बंधान का कार्य किया जा रहा है। पानी का सदुपयोग करने के उद्देश्य से यह बोरी बंधान के कार्य किये जा रहे हैं। इसी क्रम में मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में विकासखंड करेली की ग्राम पंचायत उमरिया की ऊमर नदी में जनसमुदाय की सहभागिता से बोरी बंधान बनाया गया। बोरी बंधान के माध्यम से नदी में बहते पानी को रोका गया। पानी का ठहराव होने से किसानों, नागरिकों व पशु- पक्षियों को भरपूर पानी मिलेगा। यह कार्य नवांकुर संस्था पिपरहा, रम्पुरा व नन्ही झामर कपूरी एवं विकास विकास प्रस्फुटन समिति उमरिया के कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों की सहभागिता से किया गया है। विकासखंड समन्वयक मप्र जन अभियान परिषद करेली श्रीमती माधवी पाठक ने बताया कि बोरी बंधान हो जाने से पानी का ठहराव हो रहा है। किसानों को सिंचाई के लिए और पशु- पक्षियों को पानी सहजता से उपलब्ध होगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत जन जागरूकता की दृष्टि से विविध कार्य किये जा रहे हैं। इस अवसर पर नवांकुर संस्था पिपरहा से श्री राधेश्याम मलाह, नवांकुर संस्था नन्ही झामर से श्री रघुनंदन लोधी, नवांकुर संस्था रमपुरा से श्री भगवान सिंह लोधी, नवांकुर संस्था कपूरी से श्री विजय कुमार चौधरी, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति उमरिया से श्री केदार साहू, श्री रामकुमार साहू, बबलू विश्वकर्मा एवं ग्रामीणजन मौजूद थे।

## जंगल में छिपाकर रखा था 3 करोड़ से अधिक मूल्य का गांजा

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** जिले के जयसिंहनगर थाना अंतर्गत गश्त के दौरान ग्राम झिरियाटोला क्षेत्र में एक विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गिरूईखुर्द के जंगल में स्थित खेत के समीप, एक झोप?ी के सामने की जमीन पर सफेद रंग की कई बोरियों में मादक पदार्थ गांजा लावारिस अवस्था में छिपाकर रखा गया है। सूचना गंभीर और संवेदनशील होने के कारण तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया गया। सूचना के बाद थाना प्रभारी जयसिंहनगर के निर्देशन में पुलिस बल के साथ-साथ दो स्वतंत्र साक्षी एवं विवेचना किट के साथ टीम घटनास्थल पहुंची। मौके पर पहुँचने पर मुखबिर की सूचना अनुसार सफेद बोरियों में संदिग्ध मादक पदार्थ मिला। प्रारंभिक परीक्षण में पाया गया कि बोरियों में रखा पदार्थ गांजा है। कुल 121 बोरियों की गिनती की गई, जिन्हें क्रमांकित कर तौल कांटे से तौला गया। कुल वजन 38 क्विंटल 26 किलो 100 ग्राम प्राप्त हुआ, जिसकी अनुमानित बाजार कीमत 3,06,08,000 रूपये आंकी गई है। संपूर्ण मादक पदार्थ गांजा को साक्षियों की उपस्थिती में विधिवत सील बंद कर सुरक्षित थाना भेजा गया। जहाँ पंचनामा तैयार कर सभी बोरियों को पुलिस अभिरक्षा में जप्त किया गया। अब तक की विवेचना में यह स्पष्ट हुआ है कि अज्ञात आरोपियों द्वारा अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा छिपाकर रखा गया था। थाना जयसिंहनगर में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 8,20 एनडीपीएस एक्ट के तहत आपराधिक प्रकरण दर्ज कर पता-तलाश की जा रही है।

# मेरा घर फिल्म की शूटिंग का भोपाल में हुआ मुहूर्त

### पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा, कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप सिंह हुए शामिल

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

नगर का नाम रोशन करने वाले फिल्म अभिनेता साहित्यकार लेखक अभिनेता आशुतोष राणा भोपाल राजधानी स्थित मिंटो हॉल में मेरा घर फिल्म की शूटिंग पर आए हुए है । अभिनेता आशुतोष राणा , अरबाज खान एवं संजय कपूर अभिनीत च्मेरा घरज्ज हिंदी फिल्म की शूटिंग आरंभ हुई।




सरमन फिल्मस द्वारा बनने जा रही सामाजिक सरोकारों वाली इस फिल्म की शूटिंग का उद्घाटन स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह , पूर्व गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने किया । मुम्बई से आये हुए अभिनेताओं का कैबिनेट मंत्री उदय प्रताप , पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने आत्मीय स्वागत करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश हमेशा से बॉलीवुड निर्माता निर्देशकों की पसंदीदा डेस्टिनेशन रहा है. मध्य प्रदेश की प्राकृतिक सुंदरता फिल्म निर्देशकों को लुभाती रही है।

स्वस्थ मनोरंजन के साथ बनने जा रही ये सामाजिक सरोकारों की फिल्म मेरा घर इसलिए भी खास है कि इसमें हमारे अपने मध्य प्रदेश से नाता रखने वाले आशुतोष राणा मुख्य भूमिका में हैं.।

# 3 सड़क दुर्घटनाओं में एक की मौत, आधा दर्जन घायल

## स्लीमनाबाद रहा हादसे का केंद्र, बाईपास में हुए सड़क हादसे





कटनी (स्वतंत्रमत)

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 30 पर स्थित स्लीमनाबाद के बाईपास का दिन मंगलवार हादसों के लिए रहा टी आई अखिलेश दहिया ने बताया कि सुबह 3 बजे के करीब बाईपास स्लीमनाबाद पर कटनी नदी पुल के करीब खड़े ट्रक को पीछे से टक्कर मारी जिससे ट्रक के क्लीनर की मौत हो गई उन्होंने बताया कि कटनी से जबलपुर की ओर जा रहे ट्रक क्रमांक एमपी ४१5द्ध ५२१८ का टायर पंचर हो गया था, जिस पर जैक लगाकर क्लीनर टायर बना रहा था कि पीछे से आ रहे अनियंत्रित ट्रक क्रमांक एमपी ०९ द्धद्ध ३३१६ के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए खड़े ट्रक को जोरदार टक्कर मारी जिससे ट्रक का पंचर बना रहे क्लीनर सईद खान पिता रफीक खान उम्र 55 वर्ष निवासी खाड़ी बावड़ी थाना कोतवाली जिला देवास को मौत के घाट उतार दिया हादसा इतना तेज था कि दोनों और जाम लग गया पहुंचे मौके पर पुलिस ने पहुंचकर जाम को खुलवाया और ट्रक के नीचे फंसे मृतक को बाहर निकाला बाहर निकलवा कर पोस्टमार्टम हेतु भिजवा, दूसरा सड़क हादसा सुबह 7:30 बजे के करीब रीवा से जबलपुर की ओर जा रहे स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक केए ०१ द्रष् १४२४ जैसे ही तेवरी के करीब पहुंची की कार अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे कार में सवार मनीष वर्मा रीवा, श्रीजी वर्मा रीवा उनकी पत्नी 1 वर्ष का बेटा और कार चालक घायल हुए जिन्हें उपचारत हेतु तत्काल 108 वाहन से जिला चिकित्सालय रेफर किया गया वही 9 बजे के करीब हाईवे फोर लाइन बाईपास पर श्री राम ढाबा के पास मुंबई से प्रयागराज की ओर जा रही वेगनार क्रमांक एमएच ०४ द्य4 ९४७० अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे कार में सवार चालक और यात्री घायल हुए मामूली चोट होने के कारण उनका प्राथमिक उपचार स्थानीय अस्पताल में कराया गया।

***तेज रफ्तार और नींद के झोंकों से हो रहे हादसे*** – लगातार हो रहे हादसों को लेकर टी अखिलेश दाहिया ने बताया कि फोर लाइन बाईपास पर गाड़ियों की रफ्तार बहुत तेज गति से होती है और टर्निंग पर वाहन चालक नियंत्रण खो देता है जिसके कारण हाईवे पर हादसे हो रहे हैं वहीं उन्होंने दूसरा कारण यही बताया कि सुबह के पहर में नींद का झोंका आने के कारण भी ज्यादातर घटनाएं देखने को मिली है लगातार इस बात को लेकर समझाएं दी जा रही है कि वाहनों को धीमी गति से चलाएं और नींद की स्थिति पर आराम करे।



# बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दें

कटनी (स्वतंत्रमत)

मनुष्य का जीवन सुगंधित चंदन के उपवन के समान है जिसका संस्कार धर्म और नीति प्रद वातावरण से समाज और राष्ट्र को सुरक्षित कर सकता है चंदन वन की लकड़ी कोयला बनाकर बेचने वाला आज्ञानी ही कहा जावेगा यह जीवन राख के ढेर में परिवर्तित हो इसके पहले ही हमें जप तप व्रत नियम संयम भक्ति और ध्यान के माध्यम से जीवन को कुंदन बना लेना चाहिए उक्त आशय के सारगर्भित उद्गार श्रवण संस्कृति संस्थान सांगानेर जयपुर द्वारा 11 से 18 में तक आयोजित संस्कार सेवा में पंडित ऋतिक शास्त्री, पंडित सुनील शास्त्री द्वारा धर्म सभा मे व्यक्त किये आगे उन्होंने कहा कि जीवन में यदि हम बच्चो को संस्कार ना दे पाए तो वह शिक्षा शिक्षा की श्रेणी में नहीं आएगी जो शिक्षा हमें संस्कारवान बनाएं जीवन में नैतिकता लाये समाज और राष्ट्र के लिए अपनी सेवा से उच्चता प्रदान करें यही शिक्षा का मूल उद्देश्य होना चाहिए। 8 दिनों तक चले संस्कार शिविर में 122 छोटे बच्चों एवं युवा वर्ग लोगो ने भाग लियासमापन दिवस पर शिविर में शामिल प्रतिभागियों की परीक्षाएं भी संपन्न हुई। जिसमें समाज के पदाधिकारीयों द्वारा प्रथम द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार वितररित किए गए कार्यक्रमों में प्रमुख रूप से समाज अध्यक्ष जीवनधर मोदी, नरेंद्र सिंघई, सुरेन्द्र सिघई, डॉ. सुबोध मोदी, सौरभ साहूकार, अशोक सिघई, मनोज मोदी, अजय अहिंसा, अरविंद सिंघई, पवन मोदी, राजेंद्र सिंघई, अनिल मोदी, आनंद जैन, विनीत सिंघई, संजय मोदी, राजेन्द्र जैन, आनंद जैन, मनोज जैन , कैलाश चंद जैन, अनिल सिंघई, मनीश जैन, राजेश मोदी, अजय सिधई, विजय सिंघई, विवेक जैन, सौरभ जैन, पुष्पेन्द मोदी, सहित महिला मंडल युवा मंडल की बड़ी संख्या में उपस्थिति देखी जा रही है।

# मरही माता मंदिर, आजाद चौक, कटनी में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)



कटनी के आजाद चौक स्थित मरही माता मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस पवित्र कथा का वाचन प्रख्यात कथावाचक पंडित राम हर्ष महाराज द्वारा किया जा रहा है, जिनकी वाणी में भक्ति और ज्ञान का अनूठा संगम देखने को मिलता है। कथा में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म अवतार का प्रसंग सुनाया गया, जिसने श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। श्रीमद् भागवत पुराण हिंदू धर्म के सबसे पवित्र ग्रंथों में से एक है, जो भगवान विष्णु के अवतारों और उनकी लीलाओं का वर्णन करता है। कथा में पंडित राम हर्ष महाराज ने श्रीकृष्ण के जन्म की कथा को अत्यंत भक्तिभाव और रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि त्रेतायुग में भगवान विष्णु ने श्रीराम के रूप में अवतार लिया, वहीं द्वापरयुग में श्रीकृष्ण के रूप में प्रकट होकर उन्होंने अधर्म का नाश किया और धर्म की स्थापना की। श्रीकृष्ण का जन्म मथुरा की कारागार में माता देवकी और वासुदेव के पुत्र के रूप में हुआ। कंस के अत्याचारों से मुक्ति दिलाने के लिए भगवान का यह अवतार हुआ, जिसका वर्णन सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। पंडित जी ने कथा में भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, कंस वध, और उनके द्वारा दिए गए जीवन के उपदेशों का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें सत्य, प्रेम, और कर्तव्यनिष्ठा का पाठ पढ़ाता है। कथा के दौरान मरही माता मंदिर का वातावरण भक्ति और उत्साह से परिपूर्ण था। श्रोताओं ने भजनों और कीर्तन में उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिससे समारोह और भी जीवंत हो गया। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह समाज में नैतिकता और आध्यात्मिकता को बढ़ावा देने का भी एक माध्यम है। पंडित राम हर्ष महाराज ने श्रोताओं से आह्वान किया कि वे श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में धर्म और सत्य के मार्ग को अपनाएं। मरही माता मंदिर में यह कथा अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगी, जिसमें भगवान श्रीकृष्ण की अन्य लीलाओं और शिक्षाओं का वर्णन किया जाएगा।



# उबरा में निकाली गई जल जागरूकता रैली

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा तहसील विजयराघवगढ़ सेक्टर क्रमांक 01 उबरा में मृगनयनी सेवा समिति इटवा के सहयोग से जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत हैंडपंप जल संरक्षण योजना के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम, जागरूकता रैली और ग्रामीण संवाद का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जागरूकता रैली द्वारा ग्रामीणों को जल संरक्षण का संदेश देते हुए हैंडपंपों से पानी के अपव्यय को रोकने की प्रेरणा दी गई। साथ ही आदर्श ग्राम की दिशा में सामूहिक प्रयास के द्वारा गांव के हर व्यक्ति को जल बचाव का महत्व समझाया गया। यह कार्यक्रम सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि एक आंदोलन है। जल है तो कल है इस सोच को हर दिल तक पहुंचाना हमारा लक्ष्य है। चलो मिलकर संकल्प लेंगे हर बूंद की होगी कद्र, तभी बनेगा गाँव समर्थ।



# नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर किया परिजन के सुपुर्द

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक जिला कटनी अभिजीत रंजन द्वारा अपहृत बालक/बालिकाओ की दस्तयाबी हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया एवं नगर पुलिस अधीक्षक ख्याति मिश्रा के मार्गदर्शन में थाना माधवनगर निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में अपराध में गुमशुदा बालिका को चौकी निवार पुलिस द्वारा ऑपरेशन मुस्कान के अंतर्गत कटनी से दस्तयाब किया गया है। दस्तयाबी उपरांत गुमशुदा बालिका को उसके परिजनो के सुपुर्द किया गया। बालिका के मिलने पर परिजनों ने चौकी निवार पुलिस के कार्य की सराहना की है। निरीक्षक अभिषेक चौबे के नेतृत्व में चौकी प्रभारी निवार उप निरीक्षक नेहा मौर्या, सहायक उप निरीक्षक रमाकांत दुबे, सहायक उप निरीक्षक कमलेश्वर शुक्ला, आरक्षक अरविंद कुशवाहा आरक्षक वकील यादव की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# 215 वालंटियर्स को मिला आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण

कटनी (स्वतंत्रमत)

आपात आपदा की स्थिति में कौन-कौन सी सावधानियां बरतनी हैं, सायरन बजने पर क्या करना है, मौके पर उपलब्ध संसाधनों से घायलों की कैसे मदद करनी है, रासायनिक व जैविक हमलों से कैसे बचना है। आपात स्थिति निर्मित होने पर अपनाई जाने वाली सावधानियां एवं जरूरतमंदों तक मदद पहुँचाने से संबंधित तमाम नागरिक सुरक्षा बारीकियों की जानकारी कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की पहल पर जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित हुए प्रशिक्षण के दौरान 215 वालेंटियर्स को दी गई। इस दौरान प्लाटून कमांडर श्वेता गुप्ता, प्राचार्य शासकीय कन्या महाविद्यालय चित्रा प्रभात, सहायक संचालक महिला बाल विकास वनश्री कुरवैती सहित विषय विशेषज्ञ प्रशिक्षक मौजूदगी रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में एसडीआरएफ की टीम ने जीवंत प्रदर्शन कर आपदा के समय लोगों को बचाने के उपाय समझाए। साथ ही वीडियो क्लिपिंग के माध्यम से नागरिक सुरक्षा व आपदा प्रबंधन के समय बरती जाने वाली सावधानियों और सतर्कता से संबंधित जानकारी दी गई। रासायनिक व जैविक हमलों से बचाव पर प्रजेंटेशन भी प्रशिक्षण कार्यक्रम में दिया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान प्लाटून कमांडर एसडीईआरएफ श्वेता गुप्ता के द्वारा आपदा के दौरान उत्पन्न होनें वाली विभिन्न समस्याओं से निपटने के तरीकों की जानकारी बड़े ही सहज प्रकार से दी गई। वहीं आपदा के दौरान घायलों के उपचार के तौर तरीकों की जानकारियां विस्तार से प्रदान की गई।

***घायलों की मदद करने के तरीके बताए***– एसडीआरएफ के जवानों ने नागरिक सुरक्षा प्रशिक्षण के दौरान स्ट्रेचर बनाने, घायलों को सुरक्षित रूप से बाहर निकालने के विभिन्न तरीके एवं प्राथमिक चिकित्सा देने की विधियों का व्यवहारिक व जीवंत प्रदर्शन करके दिखाया। एसडीआरएफ के जवानों ने कहा कि आम नागरिक भी इन विधियों को अपनाकर आपदा मित्र की भूमिका निभा सकते हैं। आपदा के समय सीपीआर देकर लोगों का जीवन बचाने की बारीकियां भी उन्होंने प्रभावी ढंग से समझाई। साथ ही बताया गया कि आपदा की स्थिति में दीवारों के किनारे, टेबल इत्यादि के नीचे सहारा लें। यदि सड़क से जा रहे हों तो पुलों इत्यादि के नीचे वाहन रोककर खड़े हो जाएं।

***ब्लैकआउट का सायरन बजने पर करें बत्तियाँ बंद***– प्रशिक्षण के दौरान खासतौर पर बताया गया कि ब्लैक आउट का सायरन बजते ही घरों की बत्तियाँ बंद कर दें। साथ ही दरवाजों व खिड़कियों के पर्दे डाल दें। प्रयास ऐसे हों कि जरा सी भी रोशनी घर के बाहर नहीं दिखनी चाहिए।

***अफवाहों पर न दें ध्यान***– प्रशिक्षण में बताया गया कि आपदा के समय में अफवाहों पर ध्यान न दें। सोशल मीडिया पर बिना पुष्टि के फैलाई गई बातों को किसी अन्य को शेयर न करें। सायरन की आवाज को नजरअंदाज न करें और किसी भी सार्वजनिक स्थल पर भीड़ इकट्ठा न होने दें। ब्लैकआउट और सायरन हमारे जीवन की रक्षा के लिए होते हैं। जब जिला प्रशासन इस तरह के कदम उठाती है, तो वह हमारी भलाई के होता है।

***नागरिक सुरक्षा सेवाएं***– प्रशिक्षण के दौरान आपदा के दौरान प्रदान की जाने वाली नागरिक सुरक्षा संबंधी 12 सेवाओं क्रमशः मुख्यालय स्तर पर प्रदान की जानें वाली सेवा, वार्डन सेवा, संचार सेवा, हताहत सेवाख् अग्निशमन सेवा, प्रशिक्षण सेवा, बचाव सेवा, सामग्री वितरण सेवा, सामग्री उद्धार सेवा, कल्याण सेवा, यातायात और परिवहन सेवा सहित निपटारा सेवा तथा इनके प्रभारी के संबध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

# भरत जी के समान राम का कोई प्रेमी नहीं : आचार्य पं लक्ष्मीकांत शास्त्री

कटनी (स्वतंत्रमत)

विजयराघवगढ से तहसील अंतर्गत ग्राम संन्यासी चौरा पिपरिया काप में आयोजित संगीतमय साप्ताहिक श्रीमद् बाल्मीकि रामायण कथा के पंचम दिवस मे आचार्य पं लक्ष्मीकांत शास्त्री ने कहा कि भरत जी के समान राम का कोई प्रेमी नहीं है। भरत जी के समर्पण और प्रेम का वर्णन संसार में कोई दूसरा नहीं कर सकता। भरत राम की चरण पादुका को अयोध्या में स्थापित कर राम राज की स्थापना की थी। श्री राम के चौदह वर्ष वनवास से लौटने तक उनका राज्य की सिर्फ देखभाल की राजा की जगह श्रीराम की चरण पादुका रही राम अपनी धर्म और नीति के प्रति दृढ़ रहे राम की छवि अनुसार भरत भी अपने भाई के प्रति कर्तव्य का पालन करते हुए देश दुनिया को भाई के प्रति एक संदेश दिया भाई होतो भरत की तरह श्रीराम के साथ गलत बरताव की बजह से भरत ने माता का भी त्याग कर दिया था। जब श्रीराम ने भरत को सत्यता बताई सच्चाई जान कर भरत ने माता कौशल्या को प्रणाम किया था कथा का तात्पर्य यह कहा की मा तो मा होती है चाहे वह सौतेली ही क्यो न हो राम को वनवास देकर सिहासन दिलाना भरत को न्याय उचित नही लगा और उन्होंने इस का विरोध किया तथा राम जी के वनवास वापसी के बाद सिंहासन देकर अपने छोटे भाई का फर्ज अदा किया। अलौकिक कथा का रसपान करे श्रद्धालुओं की अच्छी खासी भीड़ उमड़ रही है। कथा में सारिका डॉ. अनिल मिश्रा, पं अवधराज तिवारी, पं विमलेन्दु पयासी, पं काशी प्रसाद तिवारी, भगवानदीन यादव, लक्ष्मण तिवारी, विजय तिवारी, पुष्प्रेन्द्र सिंह बघेल, राजू सिंह रघुवंशी, तेज भान सिंह, रमेश विश्वकर्मा, ध्रुव विश्वकर्मा हनुमान प्रसाद निगम सहित अन्य भक्तों की उपस्थिति रही।

# बड़ागांव में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

कटनी (स्वतंत्रमत)

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के निर्देशानुसार एवं जितेन्द्र कुमार शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में मंगलवार को ग्राम पंचायत बड़ागांव एवं उप स्वास्थ्य केंन्द्र बड़ागांव में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी के ने ग्रामीणजन से उनके राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड के संबंध में जानकारी ली एवं पैरालीगल वालेंटियर मुकेश द्विवेदी को निर्देशित किया कि जिन लोगों के राशन कार्ड, आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड नहीं बने हैं, उन लोगों के कार्ड बनवाने में सहयोग करें। साथ ही उन्होंने नि:शुल्क विधिक सहायता, म.प्र. अपराध पीड़ित प्रतिकर योजना, नालसा टोल फ्री नम्बर 15100, मध्यस्थता जागरूकता तथा महिलाओं के अधिकारों के प्रति कानूनी सहायता के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की कानूनी समस्या के समाधान के लिए आप स्वयं एवं पैरालीगल वालेंटियर के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से संपर्क कर सकते है। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच, सचिव, पैरालीगल वालेंटियर मुकेश द्विवेदी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी राजनिवास पाण्डेय एवं ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# जनसुनवाई में अधिकारियों ने सुनी 165 आवेदकों की समस्यायें

कटनी (स्वतंत्रमत)





कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देश पर अधिकारियों ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई में पहुंचे 165 आवेदकों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। यह जनसुनवाई समस्त उपखंड, तहसील एवं जनपद पंचायत सहित ग्राम पंचायत स्तर पर भी आयोजित की गई जनसुनवाई के दौरान अपर कलेक्टर साधना परस्ते, डिप्टी कलेक्टर प्रमोद चतुर्वेदी, विवेक गुप्ता, विंकी उइके एवं ज्योति लिल्हारे मौजूद रहे। ग्राम जुजावल निवासी वंदना साहू पिता पति स्व. मनोज साहू ने जनसुनवाई के दौरान आवेदन देते हुए बताया कि मैंने खसरा नंबर 265/1 रकवा 1 हेक्टेयर में 0.48 हेक्टेयर एवं खसरा नंबर 1023/1 रकवा 0.24 हेक्टेयर में से 0.12 हेक्टेयर भूमि रजिस्ट्री द्वारा खरीदी थी। इस भूमि के नामांतरण हेतु केस लगाये जाने से 6 माह बीतने के बाद भी पटवारी द्वारा नामांतरण नहीं किया जा रहा है। यह भूमि अभी भी विक्रेता विनोद साहू के नाम पर ही दर्ज है। इस पर तहसीलदार बड़वारा को निश्चित समयावधि में इस शिकायत के निराकरण के निर्देश दिए गए।

***सहारा में जमा पैसा वापस दिलायें***– ग्राम झिरिया निवासी दुलरिया बाई चौधरी पति स्व. मनसुख लाल ने जनसुनवाई के दौरान आवेदन देते हुए बताया कि मैंने सहारा क्रेडिट कोऑपरेटिव में भूमि बेचकर 3 लाख रुपये जमा किए थे। अब मुझे अपनी नातिन की शादी करने के लिए पैसों की आवश्यकता है। इसलिए मेरे द्वारा जमा राशि दिलाई जाय। इस पर एलडीएम को शिकायत के निराकरण के निर्देश दिए गए।

***खाद्यान्न एवं आवास योजना का लाभ दिलायें***– ग्राम जुजावल निवासी सुशील चौधरी पिता नत्थूलाल ने आवेदन देते हुए कहा कि मैं मजदूरी करके अपना एवं अपने परिवार का भरण-पोषण करता हूँ। मुझे लगभग 1 वर्ष से खाद्यान्न प्राप्त नहीं हो रहा है। इसी प्रकार प्रधानमंत्री आवास योजना की पात्रता होने के बावजूद मुझे आवास नहीं मिल रहा है। इस पर अधिकारियों द्वारा बहोरीबंद जनपद पंचायत के सीईओ एवं जिला आपूर्ति अधिकारी को पात्रतानुसार योजनाओं के लाभ देने के निर्देश दिए गए।

***मकान पट्टे की द्वितीय प्रति दिलायें***– वार्ड क्रमांक 1 इंदिरा नगर निवासी गन्नू बर्मन ने बताया कि मेरे घर में आग लग जाने के कारण मेरे घर का सारा सामान जल गया था। जिसमें मेरे मकान का पट्टा भी जल गया था। इसलिए मुझे पट्टे की द्वितीय प्रति प्रदान की जाय। इस पर आयुक्त नगर निगम को पट्टा दिलाये जाने हेतु निर्देश दिए गए।

# प्लेऑफ में जगह बनाने उतरेंगी दिल्ली और मुंबई

मुंबई।



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में बुधवार को मुंबई इंडियन्स और दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला होगा। इस मुकाबले में दोनो ही टीमें जीत हासिल कर प्लेऑफ के लिए अपनी दावेदारी पक्की करने उतरेंगी। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत की दावेदार हैं पर मुम्बई इंडियंस को घरेलू मैदान का लाभ मिलेगा। इसके अलावा पिछले कुछ मैचों में उसका प्रदर्शन दिल्ली से बेहतर रहा है जिसका लाभ भी उसे मिलेगा। प्लेऑफ के बचे हुए एक स्थान के लिए अब ये दोनो ही दावेदार हैं क्योंकि एक अन्य दावेदार लखनऊ सुपरजायंट्स सनराइजर्स हैदराबाद से हुए मुकाबले में हार से दौड़ से बाहर हो गयी हैं। वहीं गुजरात टाइटन्स, पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु पहले ही प्लेऑफ में पहुंच गयी हैं।

अब तक के प्रदर्शन पर नजर डालें तो इस सत्र में दिल्ली ने शुरुआती मुकाबलों में लगातार जीत हासिल की थी पर पिछले छह मैच में सिर्फ एक जीत दर्ज कर पाई है जिसके कारण उसपर दबाव रहेगा। उसके बल्लेबाज और गेंदबाज भी लय में नजर नहीं आ रहे। वहीं दूसरी ओर मुम्बई को शुरुआती मैच में हार मिली थी पर एक बार जीत की लय मिलने के बाद उसने पीछे मुड़कर नहीं देखा है। अंकों की बात करें तो मुंबई इंडियंस के 14 अंक हैं । वहीं दिल्ली कैपिटल्स के 13 अंक हैं और इस स्तर पर आने के बाद दोनों के पास ही प्लेऑफ में जगह बनाने का मौका है। एक जीत से जहां मुम्बई 16 वहीं दिल्ली 15 अंकों पर पहुंच जाएगी। ऐसे में कैपिटल्स को आगे बढ़ने के लिए अपने बचे हुए दोनों मुकाबले जीतने की जरूरत है , वहीं मुम्बई के लिए एक जीत ही काफी है। दोनों टीमों को अपने अंतिम मैच पंजाब किंग्स से खेलने हैं।


मुंबई इंडियंस के खिलाड़ी लय में हैं जिसका लाभ उसे मिलेगा। इस मैच में जीत से मुंबई की टीम प्लेऑफ में पहुंच जाएगी पर वह हारी तो 24 मई को दिल्ली और पंजाब के बीच होने वाले मुकाबले के परिणाम पर उसका प्लेऑफ में जाना तय होगा। अगर इस मैच में दिल्ली जीती तो मुम्बई बाहर हो जाएगी। वहीं अगर पंजाब जीती तो मुम्बई प्लेऑफ में पहुंच जाएगा। इस मैच में मुम्बई के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से संन्यास के बाद पहली बार खेलने उतरेंगे। इस कारण वह सभी के आकर्षण का केन्द्र रहेंगे। उनका लक्ष्य इस मैच में हर हाल में अपनी टीम को जीत दिलाने का रहेगा। मुंबई की टीम इस मैच में रेयान रिकेल्टन और कॉर्बिन बॉश का पूरा लाभ उठाना चाहेगी। ये दोनो ही इस मैच के बाद दक्षिण अफ्रीकी टीम के साथ जुड़ने के लिए स्वदेश रवाना हो जाएंगे।

मुम्बई की बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव के अलावा रोहित और तिलक वर्मा पर आधारित रहेगी। वहीं गेंदबाजी की कमान जसप्रीत बुमराह और ट्रेंट बोल्ट के हाथ में रहेगी। वहीं दिल्ली को अपने शीर्ष तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क की कमी खलेगी। स्टार्क भारत-पाक संघर्ष के दौरान आईपीएल स्थगित होने पर स्वदेश लौट गये थे। उसके बाद वह नहीं लौटे हैं। स्टार्क के नहीं होने पर पिछले मैच में दिल्ली को गुजरात के खिलाफ करारी हार झेलनी पड़ी थी। दिल्ली की टीम की बल्लेबाजी केएल राहुल पर ही निर्भर है। पिछले मैच में स्टार्क की जगह शामिल मुस्ताफिजुर रहमान ने अच्छी गेंदबाजी की और उन्हें अन्य गेंदबाजों का सहयोग नहीं मिला। स्पिनर कुलदीप यादव का प्रदर्शन इस सत्र में अच्छा रहा है और ऐसे में उनसे मुम्बई के बल्लेबाजों को सतर्क रहना होगा।

### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पांड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज, रेयान रिकेल्टन, श्रीजीत कृष्णन, बेवन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिचेल सेंटनर, राज अंगद बावा, रघु कुमार, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान और जसप्रीत बुमराह।

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), मुस्ताफिजुर रहमान, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, लोकेश राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकांडे, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।



## हम केआईबीजी के जरिए कर रहे हैं स्पोर्ट्स क्रांति की शुरुआत : मांडविया

**दीव (वार्ता)।** केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा कि हम खेलो इंडिया बीच गेम्स (केआईबीजी) के जरिए स्पोर्ट्स क्रांति की शुरुआत कर रहे हैं। डॉ. मांडविया ने सोमवार को दीव के घोघला बीच पर एक रंगारंग समारोह में केआईबीजी खेलों की शुरुआत करते हुए कहा, आज हम केवल एक खेल आयोजन का उद्घाटन नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम भारत की पहली बीच स्पोर्ट्स क्रांति की शुरुआत कर रहे हैं। मेरा मानना ??है कि जहाँ लहरें हैं, वहाँ जोश होना चाहिए। जहाँ रेत है, वहाँ जोश की आग होनी चाहिए और खेलो इंडिया बीच गेम्स ने आज हम सभी के दिलों में वह आग जला दी है।

## सरकार खिलाड़ियों को सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध : रेखा गुप्ता

**नयी दिल्ली (वार्ता)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पिछली सरकार पर खिलाड़ियों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। श्रीमती गुप्ता ने आज यहां तालकटोरा स्टेडियम में दिल्ली खेल-2025 के उद्घाटन के बाद कहा कि दिल्ली के खिलाड़ियों को सभी सुविधाएं मिलनी चाहिए जो उनके लिए अनिवार्य हैं।

## आरसीबी और एसआरएच का मैच लखनऊ में

**मुम्बई (वार्ता)।** मौसम संबंधी परेशानियों को देखते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुक्रवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु बनाम सनराइजर्स हैदराबाद के घरेलू लीग मैच को लखनऊ में कराने का फैसला किया है। इसके अलावा प्लेऑफ के मैचों में भी बदलाव किया गया है। बीसीसीआई ने आईपीएल 2025 के प्लेऑफ वेन्यू के तौर पर अहमदाबाद और मुल्लांपुर में कराने का फैसला लिया है। मुल्लांपुर में 29 मई को पहला क्वालिफायर और अगले दिन एलिमिनेटर मुकाबला खेला जाएगा। जबकि अहमदाबाद एक जून को दूसरा क्वालिफायर और तीन जून को फाइनल की मेजबानी करेगा।

# राहुल को कम आंका गया : मूडी

नई दिल्ली।



ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर टॉम मूडी ने कहा है कि भारतीय टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल को कम आंका गया है। मूडी के अनुसार राहुल लोगों की अपेक्षा से कहीं बेहतर खिलाड़ी हैं। राहुल ने दिल्ली कैपिटल्स की ओर से गुजरात टाइटन्स के खिलाफ नाबाद 112 रनों की पारी खेली थी हालांकि उनकी टीम जीत नहीं पायी। राहुल ने 60 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और 172.30 के स्ट्राइक रेट से 112 रन बनाकर नाबाद रहे। आईपीएल 2025 में इस बल्लेबाज ने 148.04 की स्ट्राइक रेट से 12 पारियों में 493 रन बनाय हैं। आईपीएल 2018 के बाद से यह उनका सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइक रेट है, जब उन्होंने 14 मैचों में 158.41 की दर से 659 रन बनाए थे। मूडी ने पर कहा, मुझे हमेशा केएल राहुल के बारे में आलोचना काफी असाधारण लगती है। मुझे लगता है कि वह बहुत से लोगों की तुलना में बहुत बेहतर खिलाड़ी हैं। और जिस तरह से मैं इस पारी को देखता हूं, मुझे लगता है कि यह एक शानदार पारी है।

टॉम मूडी ने कहा, जब आपके पास कोई ऐसा खिलाड़ी होता है जो एंकरिंग करता है और राहुल उनमें से हैं। वह टीम को कठिन हालातों से निकालकर एक अच्छे स्कोर तक ले गये। टीम ने जब एक विककेट पर 81 रन बनाये थे तो उसमें राहुल ने 38 गेंदों पर 56 रन बनाए। हालांकि 15वें और 18वें ओवर के बीच राहुल ने केवल छह गेंदों का सामना किया, जबकि अक्षर पटेल और ट्रिस्टन स्टब्स ने अधिकांश गेंदें खेली। मूडी के अनुसार, इस बदलाव ने कुछ हद तक राहुल की गति को बाधित किया। मूडी ने कहा, टीम के पास 220 तक पहुंचने का अवसर था। टीम ने ऐसा नहीं किया। यह कोई व्यक्तिगत खेल नहीं है। यह एक टीम खेल है।

## पेंचक सिलाट में दमन और दीव ने जीते दो स्वर्ण पदक

दीव (वार्ता)।

मेजबान दादरा और नगर हवेली तथा दमण और दीव ने खेलो इंडिया बीच गेम्स के पहले संस्करण के दूसरे दिन मंगलवार को पेंचक सिलाट प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण अपने नाम किए। पेंचक सिलाट इंडोनेशिया की एक पारंपरिक मार्शल आर्ट शैली है।दमन और दीव के प्रसन्ना नरेंद्र बेंद्रे ने सीनियर पुरुष 'तुंगल' (कलात्मक) वर्ग में स्वर्ण पदक जीता, जबकि महिला वर्ग में मेजबान टीम की कीर्तन मनोजकुमार आचार्य ने भी स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

# इंग्लैंड दौरे के लिए फिटनेस हासिल करने में लगे हैं सरफराज



**नई दिल्ली ।** बल्लेबाज सरफराज खान ने इंग्लैंड दौरे की तैयारियां शुरु कर दी हैं। सरफराज को इंडिया ए में शामिल किया गया है। इंडिया ए टीम इस दौरे में इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो मैच खेलगी। वहीं एक अभ्यास मैच भारतीय टीम से होगा। पिछले कुछ समय में सरफराज का वजन बढ़ा था जिसके कारण उनपर सवाल भी उठे थे। इसी को देखते हुए अब इस बल्लेबाज ने फिटनेस पर जोर देना शुरु कर दिया है। इसी के तहत ही सरफराज कड़े सख्त डाइट प्लान का पालन कर रहे हैं। इससे उन्होंने तकरीबन 10 किलो वजन घटाया है। सरफराज ने अभी तक विदेश में कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है। उन्होंने 2024 में इंग्लैंड के खिलाफ अपना डेब्यू किया था। सरफराज को इंग्लैंड लायंस के खिलाफ दो टेस्ट के लिए इंडिया ए टीम में शामिल किया गया है। वह इस अवसर पर बेहतर प्रदर्शन कर भारतीय टीम में अपनी दावेदारी पेश करना चाहते हैं। सरफराज अपनी फिटनेस के लिए उबली हुई सब्ज़ियों के साथ ही चिकन खा रहे हैं1 वह दिन में दो बार अभ्यास भी कर रहे हैं। आउटसाइड ऑफ स्टंप गेंदों पर कैसे शॉट खेलना है, इसपर काम कर रहे हैं। यह इंग्लैंड के हालातों में जरुरी है क्योंकि वहां गेंद स्विंग करती है। सरफराज को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के दौरान एक भी मैच खेलने का अवसर नहीं मिला था। उन्होंने अंतिम बार न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में तीसरा टेस्ट खेला था। अपने करियर में अब तक खेले गए 6 मैचों में सरफराज ने 37.10 की औसत से एक शतक और तीन अर्द्धशतक के साथ 371 रन बनाए हैं। अब तक के करियर का उनका एकमात्र शतक न्यूज़ीलैंड के खिलाफ था। जब उन्होंने बेंगलुरु में शानदार 150 रन बनाए थे. इससे पहले उन्होंने मुंबई के लिए नाबाद 222 रन की धमाकेदार पारी खेली थी।

## हिंडाल्को का तिमाही मुनाफा बढ़ा

**मुंबई (वार्ता)।** आदित्य बिड़ला समूह की धातु क्षेत्र की अग्रणी कंपनी हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए 5284 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जो इसके पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही के मुकाबले 66 प्रतिशत अधिक है।




कंपनी ने मंगलवार को बताया कि मार्च 2025 को समाप्त तिमाही में हिंडाल्को का समेकित ईबीआईटीडीए 43 प्रतिशत बढ़कर 10 हजार 296 करोड़ रुपये के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इस दौरान कंपनी की कुल आय भी 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 64 हजार 890 करोड़ रुपये हो गई। चौथी तिमाही के मजबूत प्रदर्शन की बदौलत हिंडाल्को ने पूरे वित्त वर्ष 2024-25 में 16,002 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड वार्षिक शुद्ध लाभ कमाया, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 58 प्रतिशत अधिक है। वित्त वर्ष के दौरान समेकित ईबीआईटीडीए 38 प्रतिशत बढ़कर 35 हजार 496 करोड़ रुपये रहा जबकि कुल राजस्व 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 238496 करोड़ रुपये तक पहुंच गया।

## सोना चांदी में मिश्रित रंगत

**इंदौर (वार्ता)।** स्थानीय सर्राफा बाजार में सोना 300 रुपये महंगा तथा चांदी 100 रुपये सस्ती बिकी। चांदी सिक्का स्थिर रहा। विदेशी बाजार में सोना 3238 डालर व चांदी 3254 सेंट प्रति औंस बिकी। उल्लेखनीय है कि सोना- चांदी के भाव में देर रात तक फेरबदल होता रहता है। सोना 95600 रुपये प्रति 10 ग्राम। चांदी 97200 रुपये प्रति किलोग्राम।

# मुनाफावसूली से बाजार में कोहराम

**मुंबई (वार्ता)।** विश्व बाजार में तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर ऊंचे भाव पर हुई चौतरफा भारी मुनाफ़ावसूली से आज शेयर बाजार में कोहराम मच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 872.98 अंक अर्थात 1.06 प्रतिशत का गोता लगाकर तीन कारोबारी सत्र के बाद 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर से नीचे 81,186.44 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 261.55 अंक यानी 1.05 प्रतिशत की गिरावट लेकर 24683.90 अंक पर बंद हुआ। इसी तरह बीएसई का मिडकैप 1.65 प्रतिशत लुढ़ककर 44,385.27 अंक और स्मॉलकैप 0.96 प्रतिशत कमजोर रहकर 50,938.03 अंक रह गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4104 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2534 में मुनाफावसूली जबकि 1435 में तेजी रही वहीं 135 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2969 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1974 में गिरावट जबकि 915 में लिवाली हुई वहीं 80 में टिकाव रहा। बीएसई के सभी 21 समूहों में मुनाफावसूली हुई। इससे कमोडिटीज 0.94, सीडी 1.81, ऊर्जा 0.55, एफएमसीजी 1.14, वित्तीय सेवाएं 1.29, हेल्थकेयर 1.14, इंडस्ट्रियल्स 1.36, आईटी 0.37, दूरसंचार



1.35, यूटिलिटीज 1.64, ऑटो 2.13, बैंकिंग 1.01, कैपिटल गुड्स 1.19, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.30, धातु 0.22, तेल एवं गैस 0.70, पावर 1.43, रियल्टी 1.10, टेक 0.56, सर्विसेज 1.53 और फोकस्ड आईटी समूह के शेयर 0.44 प्रतिशत टूट गया। वैश्विक स्तर पर तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.49, जर्मनी का डैक्स 0.45, जापान का निक्केई 0.08, हांगकांग का हैंगसेंग 1.49 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.38 प्रतिशत चढ़ गया। शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स 57 अंक की तेजी के साथ 82,116.17 अंक पर खुला और लिवाली के दम पर थोड़ी देर बाद ही 82,250.42 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। वहीं, दोपहर बाद हुई भारी मुनाफावसूली से यह गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 81,153.70 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 82,059.42 अंक के मुकाबले 1.06 प्रतिशत की गिरावट लेकर 81,186.44 अंक पर आ गया। इसी तरह निफ्टी भी 51 अंक की बढ़ोतरी लेकर 24,996.20 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 25,010.35 अंक के उच्चतम जबकि 24,669.70 अंक के निचले स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 24,945.45 अंक की तुलना में 1.05 प्रतिशत लुढ़ककर 24,683.90 अंक पर बंद हुआ। इस दौरान सेंसेक्स में आईटीसी, इंफ़ोसिस और टाटा स्टील की 0.73 प्रतिशत तक की तेजी को छोड़कर अन्य 27 कंपनियों के शेयर नुकसान में रहे। इटरनल 4.10, मारुति 2.76, महिंद्रा एंड महिंद्रा 2.13, अल्ट्रासिम्को 2.04, पावरग्रिड 2.01, नेस्ले इंडिया 1.92, बजाज फाइनेंस 1.88, हिंदुस्तान यूनिलीवर 1.77, बजाज फिनसर्व 1.62, एशियन पेंट 1.44, टाटा मोटर्स 1.43, टेक महिंद्रा 1.36, एचडीएफसी बैंक 1.26 और एसबीआई 1.20 प्रतिशत गिर गए। साथ ही रिलायंस 1.13, कोटक बैंक 1.06, टाइटन 1.02, सन फार्मा 0.95, एलटी 0.94, एनटीपीसी 0.78, अदानी पोर्ट्स 0.77, आईसीआईसीआई बैंक 0.71, एचसीएल टेक 0.69, एक्सिस बैंक 0.62, टीसीएस 0.60, भारती एयरटेल 0.48 और इंडसइंड बैंक के शेयर 0.26 प्रतिशत लुढ़क गए।




## सुजुकी मोटरसाइकिल ने खरखौदा में रखी दूसरे विनिर्माण संयंत्र की नीव

**नई दिल्ली (वार्ता)।** दुपहिया वाहन बनाने वाली प्रमुख कंपनी सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसएमआईपीएल) ने हरियाणा के आईएमटी खरखौदा में अपने दूसरे विनिर्माण संयंत्र की नींव रखी है। कंपनी ने मंगलवार को यहां बयान जारी कर बताया कि यह संयंत्र 100 एकड़ क्षेत्र में फैला होगा, जिसमें से 25 एकड़ में उत्पादन कार्य और लगभग इतनी ही जमीन हरित क्षेत्र के रूप में विकसित की जाएगी। पहले चरण में 1200 करोड़ रुपये के निवेश से स्थापित यह संयंत्र वर्ष 2027 से परिचालन शुरू करेगा। इसकी वार्षिक उत्पादन क्षमता 7.5 लाख दुपहिया वाहन होगी। संयंत्र के शुरू होने पर लगभग 2,000 लोगों को रोजगार मिलने की उम्मीद है। इस अवसर पर एसएमआईपीएल के प्रबंध निदेशक केनिची उमेदा, सुजुकी मोटर कॉर्पोरेशन जापान के वरिष्ठ अधिकारी ताकाशी इसे और सुयोशी तनाका, जापानी दूतावास की मंत्री क्योको होकुगो और स्थानीय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। कंपनी का कहना है कि यह निवेश न केवल भारत में बढ़ती मांग को पूरा करने की रणनीति का हिस्सा है बल्कि स्थानीय विकास, रोजगार निर्माण और सरकार के औद्योगिक प्रगति के विजन में सहयोग देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम भी है।




## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली (वार्ता)।** अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में घटबढ़ के बीच घरेलू बाजार में पेट्रोल और डीजल के दाम आज स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर पर रहा।

# भारत की 76 प्रतिशत आबादी भीषण गर्मी के जोखिम में: रिपोर्ट

नई दिल्ली (वार्ता)।

भारत की 76 प्रतिशत आबादी अब भीषण गर्मी के गंभीर खतरे का सामना कर रही है। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायर्नमेंट एंड वॉटर (सीईईडब्ल्यू) की आज जारी रिपोर्ट 'हाउ एक्सट्रीम हीट इज इंपैक्टिंग इंडिया' के अनुसार देश के 57 प्रतिशत जिले यानी 734 में से 417 जिले अधिक या बहुत अधिक गर्मी के जोखिम में हैं। रिपोर्ट बताती है कि भारत में अब गर्मी केवल दिन की समस्या नहीं रही बल्कि बहुत गर्म रातों और बढ़ती नमी के कारण यह और भी खतरनाक होती जा रही है। खासकर उत्तर भारत में सापेक्षिक आर्द्रता तेजी से बढ़ रही है, जिससे महसूस होने वाला तापमान वास्तविक तापमान से कई डिग्री अधिक हो जाता है और शरीर को गर्मी से राहत मिलना मुश्किल हो जाता है।





रिपोर्ट के मुताबिक देश के सबसे अधिक जोखिम वाले 10 राज्य-केंद्र शासित प्रदेशों में दिल्ली, आंध्र प्रदेश, गोवा, केरल, महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान, कर्नाटक, तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश शामिल हैं। यह अध्ययन 1982 से 2022 तक के 35 संकेतकों के आधार पर तैयार किया गया है, जो जलवायु परिवर्तन के कारण गर्मी के बदलते स्वरूप को उजागर करता है। विशेष रूप से शहरी क्षेत्रों में 'अर्बन हीट आइलैंड' प्रभाव के कारण बहुत गर्म रातों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। मुंबई, जयपुर और चेन्नई जैसे शहरों में इन गर्म रातों की संख्या में बीते दशक में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। सिर्फ शहर ही नहीं, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार और केरल जैसे राज्यों के कई ग्रामीण जिले भी बहुत अधिक गर्मी के खतरे में हैं, जहां बड़ी संख्या में लोग खुले में काम करते हैं और उनके लिए स्वास्थ्य जोखिम कहीं अधिक होता है।

रिपोर्ट के अनुसार, सिंधु-गंगा के मैदानी क्षेत्रों में सापेक्षिक आर्द्रता में 10 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है। दिल्ली, चंडीगढ़, कानपुर, जयपुर और वाराणसी जैसे परंपरागत रूप से शुष्क शहरों में अब उच्च आर्द्रता देखी जा रही है, जिससे मध्यम तापमान भी अत्यधिक खतरनाक महसूस होता है। सीईईडब्ल्यू के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डॉ. अरुणाभा घोष ने कहा कि गर्मी अब भविष्य की नहीं बल्कि आज की चुनौती है। जलवायु परिवर्तन के चलते मौसम लगातार अस्थिर हो रहा है और यह भारत में गर्मी की हमारी समझ को बदल रहा है। अब समय आ गया है कि प्रत्येक शहर और जिले के लिए स्थानीय स्तर पर हीट एक्शन प्लान तैयार किया जाए, जो न केवल दिन के तापमान बल्कि रात्रिकालीन गर्मी और नमी को भी ध्यान में रखे। सीईईडब्ल्यू के वरिष्ठ कार्यक्रम लीड डॉ. विश्वास चितले के अनुसार, पैरामीट्रिक हीट इंश्योरेंस, अर्ली वॉर्निंग सिस्टम, कूल रूफ और नेट-जीरो कूलिंग शेल्टर जैसे समाधानों को अब हीट एक्शन प्लान का हिस्सा बनाना होगा। महाराष्ट्र, ओडिशा, गुजरात और तमिलनाडु जैसे राज्यों ने इस दिशा में उल्लेखनीय कदम उठाए हैं और अब इन प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर विस्तार देने की आवश्यकता है।

सकारात्मक पहल के रूप में वर्ष 2024 में हीटवेव को आपदा के रूप में मान्यता मिलने के बाद अब राज्य सरकारें राज्य आपदा शमन कोष (एसडीएमएफ) के जरिए विशेष वित्त जुटा सकती हैं।

# एयरटेल और गूगल की साझेदारी

**मुंबई (वार्ता)।** दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनी एयरटेल ने यूजर की बढ़ती डेटा स्टोरेज जरूरतों को पूरा करने के लिए गूगल से साझेदारी की है, जिसके तहत एयरटेल के सभी पोस्टपेड और होम वाई-फाई ग्राहकों को छह महीने तक मुफ्त में 100 गीगाबाइट (जीबी) का गूगल वन क्लाउड स्टोरेज मिलेगा। एयरटेल ने




मंगलवार को बयान जारी कर बताया कि इस नई पेशकश के तहत उसके ग्राहक बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के छह महीनों तक गूगल वन क्लाउड स्टोरेज का लाभ उठा सकेंगे। इसके जरिए वे न केवल अपने डेटा को सुरक्षित रूप से स्टोर कर सकेंगे बल्कि इस स्टोरेज को पांच अन्य लोगों के साथ साझा भी कर पाएंगे।


## कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

N.I.T.No /PWD/08/PRO No 153 Date 20.05.2025

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविद की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_421334_1 23/05/25 | माँ खेरमाई वार्ड अंतर्गत धीरज सोनकर से नंदू खटीक तक, झारिया डॉ के घर के सामने, संजू साहू के घर के सामने, दीपचन्द्र सोनकर वाली, शुक्रवारी बजरिया से मिलन मिश्रा तक एवं लोकी श्रीवास्तव वाली गली में नाली निर्माण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>4,22 लाख | 2000/-<br>4222/- | 06.05.2025 |
| 2 | 2025_UAD_421334_2 23/05/25 | माँ खेरमाई वार्ड अंतर्गत शुक्रवारी बजरिया से मिलन मिश्रा तक, लोकी श्रीवास्तव की गली में एवं रघु महाराज वाली गली से अशोक सेन वाली गली तक सड़क का सीमेंटीकरण कार्य। (पार्षद अनुशंसा) | 04 माह<br>4.23 लाख | 2000/-<br>4233/- | |

नोटः- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://mptenders.gov.in की वेबसाइट पर ही किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**कार्यपालन यंत्री (लोककर्म) नगर निगम, जबलपुर**

# दो साल में होगा लालबाग के ऐतिहासिक स्थल का पुनर्निर्माण

## मुख्यमंत्री ने किया जीर्णोद्धार एवं उद्यान पुनर्विकास के लिए भूमि-पूजन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को इंदौर के ऐतिहासिक स्थल लालबाग पैलेस पहुंचकर होल्कर राजवंश के संस्थापक सूबेदार मल्हारराव होल्कर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। उन्होंने 47.59 करोड़ रूपये लागत से लालबाग पैलेस के जीर्णोद्धार एवं उद्यान पुनर्विकास कार्य का भूमि-पूजन किया। उन्होंने लालबाग पैलेस का भ्रमण भी किया, जहां उन्होंने महल की ऐतिहासिक संरचना और सौंदर्य का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस ऐतिहासिक विरासत के संरक्षण के प्रयास कार्य की प्रगति का जायजा लेते हुए बैठक कक्ष, क्राउन हॉल, बैंकेट हॉल, दरबार हॉल, किंग्स ऑफिस, मंत्रणा कक्ष, पश्चिमी बैठक कक्ष, भारतीय भोजन कक्ष पुरुष एवं महिला, बॉल रूम आदि की विशेषताओं की जानकारी प्राप्त की। आर्किटेक्ट पुनीत सोहल द्वारा लालबाग पैलेस परियोजना का प्रजेंटेशन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को उन्होंने लालबाग पैलेस के जीर्णोद्धार एवं पुनर्विकास के लिए किए गए कार्य एवं आगामी कार्य योजना से अवगत करवाया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस महत्वाकांक्षी कार्य के सफलतापूर्वक पूर्ण होने की कामना व्यक्त की। यह कार्य लालबाग के समृद्ध इतिहास और उसकी पुन: प्रतिष्ठा के लिए एक नई शुरुआत का प्रतीक है। उद्यान और होल्कर्स की विरासत को जीवंत रखने, उद्यान को सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधि स्थल के रूप में विकसित करने एवं ऐतिहासिक अवधारणा पर आधारित रचना अनुसार पुन:विकसित करने के उद्देश्य से यह कार्य किया जाएगा। इसके लिए 47.59 करोड़ की स्वीकृति सिंहस्थ मद अंतर्गत प्राप्त हुई है। यह कार्य मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा किया जाएगा। कार्य की समय सीमा 24 माहअर्थात मई 2027 निर्धारित है। इसमें बाउंड्री वाल, पाथवे, पार्किंग, सॉफ्ट स्केपिंग एवं सिंचाई, जनसुविधा, टिकिट काउंटर, उद्यान कैफे, मुक्ताकाश मंच, मंडप,रानी अहिल्या बाई आत्मरक्षा केंद्र (बालिकाओं के लिए), वनस्पति रक्षा ग्रह, बाहरी विद्युतीकरण, सजावटी प्रकाश खंभे, बगीचे के लिए पाइप संगीत प्रणाली, सीसीटीवी आदि का कार्य किया जाएगा। इस महत्वपूर्ण अवसर पर मंत्रि-परिषद के सदस्य एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे, जिन्होंने परियोजना की महत्वता और विकास के प्रति सरकार के संकल्प का समर्थन किया।






## डॉ. यादव ने होल्कर साइंस कॉलेज के विद्यार्थियों से किया संवाद

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर के राजवाड़ा में होने वाली ऐतिहासिक कैबिनेट बैठक के पहले होल्कर साइंस कॉलेज का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने हार्टिकल्चर लैब का अवलोकन एवं फिजिकल एजुकेशन विंग के विद्यार्थियों से चर्चा भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने होल्कर साइंस कॉलेज में विद्यार्थियों से संवाद किया। यह क्षण विद्यार्थियों के लिए शुभाशीष से कम नहीं था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को अपने सामने पाकर विद्यार्थियों के चेहरे की खुशी अलग ही दिख रही थी, चारों तरफ खुशी का माहौल था। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों से संवाद के दौरान विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगा कर पढ़ाई करने एवं खेल कूद गतिविधियों में सहभागिता करने के लिये प्रेरित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं, विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल गतिविधियों में सुविधाओं का विस्तार कर रही है। हमारे होनहार खिलाड़ियों ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कृषि विकास और विस्तार की संभावनाओं से भी विद्यार्थियों को रू-ब-रू कराया। उन्होंने शासन की कृषि संबंधी मुख्य योजनाओं की जानकारी देते हुए कहा कि मध्यप्रदेश कृषि विकास में अग्रणी राज्य की भूमिका अदा करता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संवाद के दौरान महाविद्यालयीन विद्यार्थियों से सवाल-जवाब भी किए। विद्यार्थियों द्वारा बड़े उत्साह के साथ मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब भी दिया गया। विद्यार्थियों ने बताया कि महाविद्यालय की ओर से खेल गतिविधियों के तहत हमें पचमढ़ी और मनाली शिविर में ट्रैकिंग सहित अन्य गतिविधियां करवाई गई। विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विद्यार्थियों के साथ ग्रुप फोटो भी खिंचवाया।

## कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय को किंग कोबरा की सौगात दी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की नगरी इंदौर में आयोजित होने वाली मंत्री परिषद की बैठक से पहले आज सुबह कमला नेहरू प्राणी संग्रहालय का भ्रमण किया। उन्होंने यहां पर किंग कोबरा (मेल) की सौगात भी दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कर्नाटक के पीलीकुला बायोलॉजिकल पार्क से लाए गए किंग कोबरा (मेल) को स्नैक पार्क में छोड़ा। इंदौर किंग कोबरा का प्राकृतिक आवास नहीं है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चिड़ियाघर प्रबंधन द्वारा किंग कोबरा (मेल) के लिए बनाए गए आवास की सराहना की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार बेहतर इको-सिस्टम के लिए सर्प संरक्षण करने को किंग कोबरा की ब्रीडिंग हेतु चिड़ियाघर में विशेष फेसिलिटी बनाई गई हैं। अभी तक प्राणी संग्रहालय में मादा किंग कोबरा थी, अब नर किंग कोबरा के आने से प्राकृतिक रूप से ब्रीडिंग हो सकेगी जो इको-सिस्टम के लिए लाभप्रद सिद्ध होगी। किंग कोबरा अपनी लंबाई, ज़हर और अनोखे व्यवहार के लिए जाना जाता है। किंग कोबरा दुनिया का सबसे लंबा



विषैला सर्प है, जिसकी लंबाई 18 फीट तक हो सकती है। किंग कोबरा को सबसे बुद्धिमान साँपों में से एक माना जाता है, क्योंकि यह परिस्थितियों के अनुसार अपने शिकार करने की रणनीति बदलता है। मादा किंग कोबरा अन्य साँपों से अलग होती हैं क्योंकि वे घोंसला बनाकर अंडों को सेती हैं। किंग कोबरा जैव विविधता और इको-सिस्टम के लाभदायक होते है और किसानों के मित्र कहे जाते हैं।

### बर्ड पार्क का भ्रमण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्राणी संग्रहालय में स्थित बर्ड पार्क का भ्रमण किया। मुख्यमंत्री बर्ड पार्क में पक्षियों की विविधता और विभिन्न प्रजातियों को देख कर प्रसन्न हुए। उन्होंने पक्षियों को स्वयं दाना खिलाया। इसके अतिरिक मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चिड़ियाघर के भ्रमण के दौरान शुतुरमुर्ग, पॉकेट मंकी और अन्य प्राणियों को निहारा। चिड़ियाघर के भ्रमण में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के साथ इंदौर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, अन्य जनप्रतिनिधि और चिड़ियाघर निदेशक डॉ. उत्तम यादव एवं उपस्थित रहे।

# जय हिन्द पदयात्रा में करें सर्वाधिक भागेदारी : हर्ष यादव



**दमोह।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वााधान में जिला कांग्रेस कार्यालय में जिला समन्वय समिति की बैठक दमोह जिला कांग्रेस प्रभारी हर्ष यादव के मुख्य अतिथ्य में आयोजित की गई जिसमे जिला प्रभारी हर्ष यादव ने कहा कि सेना के सम्मान में जय हिन्द पदयात्रा का जिला स्तरीय आयोजन समन्वय समिति ने 30 मई की तिथि नियत की गई जिसमें सभी वर्गो की भागेदारी अधिकाधिक करवाये जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि मतदाता पुर्ननिरीक्षण प्रभारियों की प्रगति रिपोर्ट आ चुकी है एवं मंडल सेक्टर बीएलए के पुर्नगठन की समीक्षा एवं संविधान बचाओ यात्रा पर भी समन्वय समिति में विस्तार से चर्चा की पूर्व विधायक अजय टंडन ने कहा कि जय हिन्द पदयात्रा के जिम्मेवारी कांग्रेस के समस्त प्रकोष्ठो विभागो को दी जाये जिससे वह नगर के समाज सेवियो संस्थाओ को भी अपनी पदयात्रा में शामिल करवाये। प्रताप सिंह, मनु मिश्रा, लक्ष्मण सींग, संजय चौरसिया, लालचंद राय, आशीष पटेल, सुषमा विक्रम ठाकुर, प्रदीप पटेल, मदन सुमन, प्रशांत पाठक समन्वय समिति में भारतीय जनता पार्टी की रीति नीति पर चर्चा करते हुए कहा कि उन्होंने जिन जिन राज्यो में दूसरे दलो से गठबंधन करने सरकार बनाई है उस दल को बाद में डुबना पड़ा है अब बिहार में भी ज़ेडीयू. डुबेगी और वह हावी होगे इस अवसर पर अमर सिंह, साधु उपाध्याय, उबेद गौरी शमीम कुरैशी, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, राजेश राय, आसाराम चौधरी, पिंकी दुबे, रत्नेश सोनी से भी अपने सुझावों से अवगत कराया।

# आदर्श प्रजापति समाज द्वारा छात्र छात्राओं का किया गया सम्मान



**दमोह।** आदर्श प्रजापति समाज दमोह द्वारा समाज के बच्चों का सम्मान किया गया। जिसमें आदित्य पिता उमेश प्रजापति 85 प्रतिशत, कु. निकुंज प्रजापति पिता वैद्य हरलाल प्रजापति 95 प्रतिशत हाई सेकेंडरी परीक्षा 2024-25 में सफलता प्राप्त की। ईशा प्रजापति पिता घनश्याम प्रजापति का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर प्रशस्ति पत्र शील्ड मेडल से सम्मान किया गया एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की जिसमें की संभागीय अध्यक्ष मूलचंद प्रजापति, जिला अध्यक्ष राजेंद्र बरदिया, उमाशंकर प्रजापति, संदीप बरदिया, गणेश प्रसाद प्रजापति, सुरेंद्र प्रजापति, दीपेश बरदिया, जितेंद्र बरदिया, श्रीमती मनीषा प्रजापति, रुक्मणी बरदिया, पूजा प्रजापति, सीमा प्रजापति, प्रभाव प्रजापति, विवेक प्रजापति, धर्मेंद्र प्रजापति आदि की उपस्थिति रही एवं सभी ने अपने-अपने विचारों से अवगत कराया।

# जल संरचनाओं के संरक्षण एवं पुनरुद्धार में सक्रिय भागीदारी निभाएं: वंदना जैन

### जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत खजरी में आयोजित हुई जागरूकता बैठक



**दमोह।** जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के तहत जिला प्रशासन दमोह के निर्देश एवं मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् के मार्गदर्शन में आदर्श ग्राम खजरी में एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में ब्लॉक समन्वयक श्रीमती वंदना जैन ने ग्रामवासियों को जल संरक्षण के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यदि आज हम जल स्त्रोतों के संरक्षण की दिशा में कदम नहीं उठाएंगे, तो आने वाले समय में जल संकट और भी गहरा हो सकता है। श्रीमती जैन ने ग्रामवासियों से अपील की कि वे अपने क्षेत्र की प्राचीन जल संरचनाओं के संरक्षण एवं पुनरुद्धार में सक्रिय भागीदारी निभाएं। इस अवसर पर सभी उपस्थितों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि नवांकुर संस्था, बुंदेलखंड नव निर्माण संगठन एवं युवा जन कल्याण समिति के सहयोग से ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के साथ मिलकर शीघ्र ही श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। साथ ही भविष्य में होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तय की गई। इस अवसर पर ग्राम के उपसरपंच, सचिव ब्रजेश पटेल, रोजगार सहायक रूप सिंह, परामर्शदाता ब्रजेश सेन, राहुल खरे, राकेश राठौर, अनुराग गौतम,शिवम पटेल सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# जल संवर्धन अभियान में जनता और प्रशासन की संयुक्त भागीदारी



**भोपाल।** प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान में जल संरचनाओं के निर्माण और साफ-सफाई के कार्य में निरंतर तेजी आती जा रही है। अभियान में जन-भागीदारी और प्रशासनिक अमला संयुक्त रूप से मिलकर भागीदारी कर रहा है। नदी, तालाबों और चेकडेम की सफाई के साथ बोरी-बंधान के कार्य भी किये जा रहे हैं। शहडोल जिले के मुड़ना नदी में ग्राम जोधपुर में स्टाप डैम में बोरी बंधान से नदी का जल क्षेत्र 12 घंटे के अंदर हुआ लबालब। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत तहसील सोहागपुर के ग्राम जोधपुर से बहने वाली मुड़ना नदी की जलधारा सूख सी गई थी। पूर्व से बनाए गए स्टाप डैम में जन अभियान परिषद की ग्राम जोधपुर की प्रस्फुटन समिति तथा ग्राम पंचायत ने स्टाप डैम में बोरी बंधान करने का निर्णय लिया। ग्रामीणों के निर्णय से प्रभावित होकर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह, एसडीएम सोहागपुर अरविंद शाह और जन सामान्य ने गांव में पहुंचकर श्रमदान किया। बोरी बंधान से धीरे-धीरे मुड़ना नदी के बहाव क्षेत्र में जल स्तर बढ़ने लगा जिसे देखकर ग्रामीण जन प्रसन्न हो गए। पानी भर जाने से गांव के पशु-पक्षियों को पीने का पानी तथा ग्रामीण जनों को निस्तार के लिये पानी की सुविधा उपलब्ध हो गई है।

**जल का अपव्यय रोकने को किया प्रेरित:**-श्योपुर जिले में कलेक्टर अर्पित वर्मा के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत पीएचई विभाग द्वारा गांव-गांव में लोगों को नलो में टोटियां लगाकर जल का अपव्यय रोकने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत छीताखेडली में नल कनेक्शन में टोटी लगाकर पानी व्यर्थ न फैलाने के लिए ग्राम वासियों को प्रेरित किया गया। ऐसे नल जिनमें टोटियां नही लगी थी, उनमें टोटियां लगाई गई। इस अवसर पर जल संरक्षण के लिए शपथ भी दिलाई गई।

**जल कफ एक-एक बज़्ंद बचठन। कठ डदयठ जठ रव्ठ पंद छ्ठ:**-देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान'' में नगर निगम देवास द्वारा मीठा तालाब की सफाई की गई। नगरीय निकायों एवं प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के कार्य किये जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान के माध्यम से जिले में जल की एक-एक बूंद को सहेजने के लिए 30 जून 2025 तक अभियान जारी रहेगा। अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में नगर निगम देवास द्वारा देवास के राजोदा स्थित मीठा तालाब की साफ-सफाई की गई तथा तालाब सौंदर्यीकरण भी किया गया। इसी क्रम में नगर निगम देवास द्वारा आलोट पायगा स्कूल के कुएं की साफ-सफाई की गई। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों से जिले में बारिश के दिनों में पानी संग्रहित होगा तथा वाटर लेवल भी बढ़ेगा।

**प्राचीन बावड़ी का हो रहा है कायाकल्प:**-उज्जैन जिले में तराना जनपद की ग्राम पंचायत कायथा में स्थित प्राचीन बावड़ी का भी अभियान के अंतर्गत कायाकल्प किया जा रहा है। इस बावड़ी का निर्माण देवी अहिल्या बाई होल्कर द्वारा लगभग 300 वर्ष पूर्व कराया गया था। इस निर्माण में किसी भी प्रकार के चूना, सीमेंट और केमीकल का उपयोग नहीं किया गया था। बावड़ी निर्माण में पत्थरों की जमावट विशिष्ट तरीके से कि गई जिससे बावड़ी अपने मूल स्वरूप में आज भी सुरक्षित है। बावड़ी प्राचीन होने के बावजूद भी अपने वर्तमान स्वरूप में अच्छी स्थिति में है। प्राचीन समय में बावड़ी में उपलब्ध पानी का उपयोग पेयजल के लिए किया जाता था साथ ही बावड़ी के समीप ग्रामीणजन पूजा भी करते है। कायथा बावड़ी के जीर्णोद्धार के लिये 50 हज़ार रुपए की लागत से गाद निकालने और मुण्डेर की मरम्मत का कार्य किया जा रहा है।

**मल्हारगढ में पेयजल पाइप लाइन दुरुस्ती का कार्य:**-मंदसौर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान एक महत्वपूर्ण पहल है। इसका उद्देश्य नदी, तालाब, पुरानी बावड़ी सार्वजनिक कुंआ की स्वच्छता और जल संरक्षण को बढ़ावा देना है। इसी क्रम में नगर परिषद मल्हारगढ में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत वार्ड क्रमांक-2 में ईदगाह मार्ग पर पेयजल पाईप लाईन दुरुस्ती और शिफ्टिंग का कार्य किया गया।

**ग्राम ठकुर्रा में स्वच्छता गतिविधि:**-छतरपुर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जिले में जल स्त्रोतों के जीर्णोद्धार, संरक्षण और जल संवर्धन के लिए सामूहिक रूप से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा। कलेक्टर श्री पार्थ जैसवाल के निर्देशन में जिलेभर में गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड गौरिहार के ग्राम ठकुर्रा में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत कैल नदी में साफ-सफाई एवं शपथ का आयोजन किया गया।


**mp gb मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक**
आपका अपना बैंक
भारत सरकार, मध्यप्रदेश शासन एवं बैंक ऑफ इंडिया का संयुक्त उपक्रम
प्रधान कार्यालय : 204, सी-21, बिजनेस पार्क, सी-21 चौराहा, होटल रेडीसन ब्लू के सामने, एम.आर.10, इन्दौर (म.प्र.) - 452010
क्षेत्रीय कार्यालय - माँ शारदा परिसर (दूसरी और तीसरी मंजिल) एस.आर. सिनेमा के पास, जेडीए स्कीम 5/14, आसेन वार्ड, विजय नगर, जबलपुर पिन 482002

**वाहन नीलामी हेतु निविदा आमंत्रण**

बैंक द्वारा प्रदत्त ऋण से खरीद गया वाहन जहाँ है जैसा है इसके आधार पर विक्रय किया जाना है (जिसका विवरण निम्नानुसार है)

| शाखा | ऋणी का नाम | वाहन का विवरण | वसूली हेतु बकाया राशि मय ब्याज | न्यूनतम आरक्षित मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| पिसनहारी मढ़िया | सूर्यांश सैनी पिता शिवराम सैनी, पता- मं.नं. 1065, आमनपुर, मदन महल, जबलपुर | वाहन नं. - MP20ZD8185<br>कंपनी - TATA ACE GOLD<br>चेसिस नं. - MAT559029PVA01125<br>इंजन नं. - 700CCDI02AWXS00340 | रु. 5,02,163 + दिनांक से 30.04.2025 से देय ब्याज | रु. 2,90,000/- | रु. 29,000/- |

उक्त वाहन के विक्रय हेतु बंद लिफाफे में निविदा निर्धारित फॉर्म में आमंत्रित है। निविदा के साथ न्यूनतम विक्रय मूल्य का 10 प्रतिशत राशि का पे-ऑर्डर/ डिमांड ड्राफ्ट क्षेत्रीय प्रबंधक, मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर के नाम पर देय हो, संलग्न करना है। निविदा दिनांक 28.05.2025 को सायं 03:00 बजे तक मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर में जमा की जा सकती हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 28.05.2025 को सायं 04:00 बजे मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर में खोली जावेगी एवं अधिकतम राशि प्रस्तावित करने वाले निविदाकर्ता को उक्त वाहन का विक्रय किया जावेगा। (उक्त तालिका में वर्णित वाहन का निरीक्षण प्रकाश स्टॉक यार्ड, जबलपुर में (संपर्क सूत्र श्री मनीष पाण्डेय मो. 7509999907) पर किसी भी कार्य दिवस पर प्रातः 11:00 से 04:00 बजे तक किया जा सकता है) बैंक उपरोक्त निविदा को बिना कारण बताए अस्वीकृत करने का अधिकार रखती है। निविदा से संबंधित अन्य शर्तें निविदा आवेदन में उल्लेखित है संशय की स्थिति में क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर से संपर्क करें। संपर्क (संपर्क सूत्र श्री कुणाल रंजन क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर 7879877956)

दिनांक: 21.05.2025
प्राधिकृत अधिकारी, मध्य प्रदेश ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर



**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर में भवन क्रमांक LIG-72 श्रीमती हेमलता तिवारी पति श्री राजेश तिवारी के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 06.08.2011 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमती हेमलता तिवारी पति श्री राजेश तिवारी ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 11.02.2021 के माध्यम से सुश्री मंजू तिवारी पिता श्री बी.एल. तिवारी को विक्रय किया है। सुश्री मंजू तिवारी पिता श्री बी. एल. तिवारी द्वारा उक्त भवन अपने नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**



**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन/भूखण्ड हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि न्यू आनंद नगर जबलपुर स्थित भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी.-33 श्री विनय प्रकाश जग्गी पिता श्री सत्य प्रकाश जग्गी को आंवटित है। आवंटी श्री विनय प्रकाश जग्गी पिता श्री सत्य प्रकाश जग्गी से प्राप्त आवेदन / संयुक्त शपथ पत्र एवं निर्धारित दस्तावेज के आधार पर उक्त भूखण्ड श्री मो. इब्राहीम मंसूरी पिता श्री शेख हमीद के नाम हस्तांतरण कि कार्यवाही की जाना है। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भूखण्ड हस्तांतरण बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर न्यू आनंद नगर जबलपुर स्थित भूखण्ड क्रमांक एल.आई.जी. -33 श्री मो. इब्राहीम मंसूरी पिता श्री शेख हमीद के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**



**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन लीज हस्तांतरण / नामांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सुभाष नगर महाराजपुर जबलपुर में भवन क्रमांक MIG B-176 श्रीमती समता अग्रवाल पति श्री मुन्ना लाल अग्रवाल के नाम आवंटित है, जिसका विक्रय विलेख दिनांक 09.06.2017 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमती समता अग्रवाल पति श्री मुन्ना लाल अग्रवाल ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 16.05.2024 के माध्यम से श्रीमती रंजना साहू पति श्री राजेन्द्र साहू को विक्रय किया है। अतः श्रीमती रंजना साहू पति श्री राजेन्द्र साहू द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन / भूखण्ड) बावत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की मी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**



**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003

**भवन नामांतरण/ हस्तांतरण हेतु सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि महाराजपुर जबलपुर में स्थित भवन क्रमांक-ई.डब्ल्यू. एस.-242 श्रीमती ग्यासा देवी शर्मा पति श्री सुभाष नारायण शर्मा के नाम आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 17.03.2016 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। उक्त भवन श्रीमती ग्यासा. देवी शर्मा पति श्री सुभाष नारायण शर्मा ने पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 18.07.2023 के माध्यम से श्रीमती सपना पटेल पति श्री संजय कुमार पटेल को विक्रय किया है। अतः श्रीमती सपना पटेल पति श्री संजय कुमार पटेल द्वारा उक्त भवन उनके नाम लीज हस्तांतरण हेतु दस्तावेज/आवेदन इस कार्यालय में प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि को उपरोक्त लीज हस्तांतरण (भवन/भूखण्ड) बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैद्य आपत्ति सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् हस्तांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

# दसवीं तक की मजदूरी और बिना कमरे के स्कूल में पढ़ाई

## जबलपुर में विदाई समारोह में बोले मप्र के चीफ जस्टिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत 24 मई को रिटायर हो रहे हैं। मंगलवार को हाईकोर्ट परिसर में हुए विदाई समारोह के दौरान जस्टिस सुरेश कुमार कैत भावुक हो गए। उन्होंने कहा कि उनका जीवन काफी संघर्ष से भरा रहा है। पिता मजदूर थे। उन्होंने भी मैट्रिक तक खुद मजदूरी करके पढ़ाई की है। जिस स्कूल से उन्होंने पढ़ाई की थी, वहां पर कमरे भी नहीं थे।

ऐसी स्थिति में कक्षा पेड़ों के नीचे लगा करती थी। चीफ जस्टिस ने विदाई समारोह में मौजूद अन्य जस्टिस से अपनी बात साझा करते हुए कहा कि कभी कल्पना नहीं की थी कि मैं जज बनूंगा। दिल्ली में वकालत करने के दौरान वे पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के जूनियर भी रहे। जस्टिस सुरेश कुमार का कहना था कि मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में 53 जज होना चाहिए, क्योंकि यहां पर केस की पेंडेंसी बहुत अधिक है। अभी यहां मात्र 33 जज ही हैं। इसकी वजह से जजों पर काम का बहुत अधिक दबाव होता है। मैं 27 सितंबर से अब तक 3810 केस की सुनवाई कर चुका हूं।





### 70 प्रतिशत नंबर की बाध्यता को खत्म किया

कैत ने बताया कि सिविल जज की भर्ती में 70 प्रतिशत नंबर की बाध्यता को खत्म किया है। क्योंकि ज्यादातर सरकारी यूनिवर्सिटी से एलएलबी करने वाले छात्रों के 70 प्रतिशत नंबर नहीं आ पाए। जबकि प्राइवेट यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्रों को 70 प्रतिशत नंबर मिल जाते हैं। इसकी वजह से गरीब छात्र सिविल जज की परीक्षा में नहीं बैठ पाते।

### चीफ जस्टिस कैत के बारे में

चीफ जस्टिस कैत सेंट्रल यूनिवर्सिटी दिल्ली से एलएलबी की डिग्री पूरी करने के बाद दिल्ली में ही प्रैक्टिस करने लगे। वकालत के दौरान कैथ भारत के पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के जूनियर भी रहे। 2008 में पहली बार हाईकोर्ट के जज बने थे। जिस दिन हाईकोर्ट जज बने उसी दिन देश के पूर्व राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद के बेटे बदर दुरेज अहमद ने भी हाईकोर्ट जज की शपथ ली थी। उस दिन सभी ने संविधान निर्माता डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर को याद किया था, जिसकी वजह से मजदूर और पूर्व राष्ट्रपति के बेटों ने एक साथ हाईकोर्ट जज के रूप काम शुरू किया था।

### चीफ जस्टिस कैत के चर्चित फैसले


- जस्टिस सुरेश कुमार कैत ने भोपाल गैस कांड के कचरे को नष्ट करने की प्रक्रिया को अपनी मॉनिटरिंग में चलाया। उन्होंने यूनियन कार्बाइड के खतरनाक रासायनिक कचरे को नष्ट करने की प्रक्रिया शुरू करवाई, हालांकि इसको लेकर काफी विरोध भी हुआ था, लेकिन उसके बावजूद कोर्ट की अनुमति से इस कचरे को जलाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है।
- कैत दिव्यांग और लाचार लोगों को लेकर बहुत संवेदनशील थे। कोर्ट में एक दिव्यांग को अपने ट्रांसफर का आवेदन लेकर भटकता देख उन्होंने बिना किसी सुनवाई के तुरंत उसका ट्रांसफर किया। इसी तरह उन्होंने दिव्यांग बच्चों को हवाई यात्रा भी कार्रवाई।
- कैत ने एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया था कि सरकार यह बताएं कि आखिर थानों के भीतर मंदिर क्यों बनाए जा रहे हैं और किसकी अनुमति से। उन्होंने नए थानों में मंदिर बनाने पर भी रोक लगाई थी।

## कलेक्टर के पास पहुंचे 163 पीड़ित

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। कलेक्टर कार्यालय की जनसुनवाई में अपर कलेक्टर श्री नाथूराम गौंड और अन्य अधिकारियों को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र से आये लोगों ने अपने विभिन्न समस्याओं को लेकर 163 आवेदन दिये। जिसमें 110 नये आवेदन हैं तथा 53 ऐसे आवेदन है जो पूर्व में भी आ चुके थे। जनसुनवाई में आये ज्यादातर नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, अतिक्रमण, लड़ाई. झगड़ा, छात्रवृत्ति भुगतान, पानी, नाली निर्माण, आर्थिक सहायता, पीएम किसान योजना में नाम जोड़ने, अभिलेख दुरूस्त करने, किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने, शिक्षा, समग्र आईडी, चिकित्सा सहायता, पेंशन, संबल राशि दिलाने, आवास योजना का लाभ दिलाने, बीपीएल कार्ड बनवाने आदि से संबंधित आवेदन थे। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री गौड ने संबंधित अधिकारी को निर्देशित कि लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता में लेकर निराकरण करें।

# शिक्षकों, छात्रों को दिये अग्नि से बचाव के टिप्स

## हितकारिणी डेंटल कॉलेज में अग्नि सुरक्षा विषय पर कार्यक्रम का आयोजन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग ने इंडियन डेंटल एसोसिएशन के तत्वाधान में दिनांक मंगलवार को अग्नि सुरक्षा विषय से संबंधित जानकारी प्रदान करने हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया। रोमिल सोमैया (चीफ फायर एजीक्यूटिव, स्टीलस इंडस्ट्रीज) के द्वारा उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों को अग्नि सुरक्षा के महत्व, सावधानियों और आपातकालीन स्थितियों में उचित व्यवहार की जानकारी दी गई। अग्निशमन यंत्र के उपयोग का प्रदर्शन किया गया जो की इन परिस्थितियों में जीवन की सुरक्षा करने में अत्यधिक कारगर साबित हो सकती हैं। यह विषय बड़ा ही महत्वपूर्ण है जिसकी जानकारी हर एक नागरिक को होनी चाहिए। हितकारिणी दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल के निदेशक डॉ. राजेश धीरावाणी एवं अधिष्ठाता डॉ. रोहित मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अंशुल गुलाटी (सचिव, आईडीए जबलपुर), डॉ. सुमित असरानी ( सीडीई रिप्रेजेंटेटिव, आईडीए) तथा हितकारिणी डेंटल कॉलेज से पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री विभाग के डॉ. अविनाश बोस एवं डॉ. नेहा राय का योगदान रहा।



## तिलक वार्ड को मिलेगी जल संकट से निजात

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** उप नेता प्रतिपक्ष पार्षद शगुफ्ता उस्मानी गुड्डू नबी ने बताया कि तिलक वार्ड अंतर्गत नया मोहल्ला क्षेत्र स्थित मस्जिद परिसर के आसपास जल संकट व्याप्त था जिसके कारण आए दिन पानी की समस्या बनी रहती थी। नगर निगम के द्वारा मंगलवार को एक नलकूप खनन मौलाना इरफान साहब पार्षद शगुफ्ता उस्मानी गुडडू नवी, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बाबा रिजवान, अयाज मास्टर, अशरफ खान शिराजी की मौजूदगी में कराई गई। इस कार्यक्रम में बुरहान मास्टर साहब, हाजी अनीस खान, तनवीर मुहिद साहब, पट्टू भाई, शहाबुद्दीन भाई, कुदरत खान, साहब शकील भाई, फराज खान साहब, मुन्ना भैया, तनवीर अहमद, अधिवक्ता फैजान अंसारी आदि की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## श्री जानकी रमण प्लाज़ा की 832 दुकान बनके तैयार




**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** श्री जानकी रमन प्लाज्मा द्वारा शहर के बड़े फुहारा के पास निवारगंज बलदेवबाग में 832 दुकाने बन के तैयार हो गई है। जिसमें अंधेर देव अंजुमन मार्केट से एक दुकान संचालक ने विगत दिनों अपनी दुकान को शिफ्ट किया, जिसका शुभारंभ मंगलवार को किया गया। उसने बताया कि जानकी रमन प्लाजा में सबसे बड़ी सुविधा पार्किंग की है। जहां बेसमेंट एरिया 44 हजार के करीब हैं। साथ ही यहां कॉम्प्लेक्स में 7 मंजिला तक फायर सेफ्टी भी उपलब्ध हैं। जिसमें परिसर के चारों तरफ 25-25 फुट की चौड़ी सड़क के साथ हर फ्लोर में पार्किंग की सुविधा उपलब्ध की गई है। कमर्शियल बिल्डिंग में 6 लिफ्ट लगाई गई हैं। जिसमें चार पैसेंजर और दो मालवाहक हैं। दुकान का एरिया 80 से लेकर 450 वर्ग स्क्वायर फीट तक है साथ ही कमर्शियल कंप्लेक्स के पीछे 8000 स्क्वॉयर फीट की पार्किंग सुविधा उपलब्ध है।

## युवक ने लगाई फांसी, मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** मझगवां पुलिस को ग्राम भंडरा निवासी लोकसिंह गौड़ ने सूचना दी कि उसकी दूसरी पत्नी चिखाबाई अपने मायके भैंसवाही में अपने बेटे नरबद सिंह के साथ उसकी पत्नी और बच्चों के साथ रहती है। तीन दिन पहले वह भैंसवाही गया थाए जहां से अपने बेटे नरबद के साथ महगवां आ गया था। बीते दिवस वह और उसकी पत्नी फूलबाई खेत चले गये थे, घर पर उसका बेटा नरबद अकेला था। शाम को लौटे तो नरबद घर पर नहीं दिखा। इसके बाद सूचना मिली कि अजब सिंह के खेत में लगे आम के पेड़ से फंदा लटकाकर नरबर सिंह गौड़ ने फांसी ने लगा ली है। लोकसिंह ने पुलिस को बताया कि उनका बेटा नरबद मानसिक रूप से कमजोर था, जिसका देशी इलाज चल रहा थाए इसके अलावा वह गांजे का नशा करता था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।



# देश की रक्षा के लिए खड़ी हैं महिलाएं

## ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर मातृ शक्ति ने निकाली सिंदूर यात्रा

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

देश की सुरक्षा में पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर महिलाएं खड़ी हैं। हमारी मातृ शक्ति के होते हुए न तो आतंकवादी और न ही देश के दुश्मन हमारा कुछ बिगाड़ सकते हैं यह हमने कुछ दिनों पूर्व आतंकवाद के खिलाफ हुए ऑपरेशन सिंदूर में देखा और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता में महिला सैनिकों के योगदान को लेकर ही मंगलवार को मातृ शक्ति द्वारा सिंदूर यात्रा निकाली गई है, यह बात राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मिकी ने मातृ शक्ति के द्वारा निकाली गई सिंदूर यात्रा के दौरान कही। संत ज्ञानेश्वरी दीदी के सानिध्य और राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मिकी के नेतृत्व में शहीद भगत सिंह चौकसे तिरंगा यात्रा निकाली गई जो गोरखपुर बाजार होते हुए आद्य शंकराचार्य चौक पहुँची जहां सभी महिलाओं ने हाथो मे तिरंगा ध्वज लिए भारतमाता की जय, वंदे मातरम, आतंकवाद मुर्दाबाद के नारों के साथ मातृ शक्ति ने प्रचंड उद्घोष किया। सिंदूर यात्रा में भारतमाता, अखंड भारत, कर्नल सोफिया कुरेशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह के वृहत चित्रों के साथ जानकी बैंड की बहिनों ने देश भक्ति के चलित गीतों की प्रस्तुति दी।

# कटंगी के दशहरा मैदान में मिली युवक की लाश

जबलपुर



कटंगी थाना क्षेत्र स्थित दशहरा मैदान में सुबह उस समय सनसनी फैल गई जब स्थानीय लोगों ने एक युवक का शव देखा। जिसे देखकर लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्यवाही कर मामले को विवेचना में लिया है। मृतक की उम्र करीब 30 से 35 वर्ष बतायी जा रहीं है,जिसकी अब तक शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने बताया कि शव पर कुछ चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं, जिससे आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत संदिग्ध परिस्थितियों में हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सुबह की सैर पर निकले कुछ लोगों ने सबसे पहले शव देखा और शोर मचाया। देखते ही देखते वहां भीड़ जमा हो गई। कटंगी पुलिस द्वारा आसपास के थानों में युवक की पहचान के लिए सूचना भेज दी गई है। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों काखुलासा हो सकेगा। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की भी पड़ताल की जा रही है। जिससे यह पता लगाया जा सके कि युवक वहां कैसे पहुंचा और किन परिस्थितियों में उसकी मौत हुई।

## श्रवण बाधितार्थ विद्यालय में प्रवेश जारी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भेड़ाघाट रोड बायपास चौक स्थित शासकीय श्रवण बधितार्थ मूक बधिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नवीन शिक्षण सत्र में मूक बधिर बालक-बालिकाओं के प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। प्रवेश के इच्छुक छात्र-छात्राएं सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक कार्यालय में आकर आवेदन पत्र प्राप्त कर सकते हैं। अधीक्षक के अनुसार राज्य शासन के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा प्री-प्राइमरी से कक्षा बारहवीं तक संचालित इस विद्यालय में जबलपुर संभाग के सभी जिलों के मूक बधिर छात्र-छात्राओं को निःशुल्क प्रवेश, शिक्षा, आवास दिया जायेगा।

# पमरे को एक पद खाली रखने के निर्देश

## रेलवे भर्ती से जुड़ा मामला

### आईटीआई नहीं होने पर भर्ती कर दी थी रद्द

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मप्र हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा और न्यायमूर्ति विनय सराफ की खंडपीठ ने रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ पश्चिम मध्य रेलवे को एक पद खाली रखने के निर्देश दिए हैं। अब इस मामले की अगली सुनवाई 17 जून को होगी । दरअसल आवेदक बूंदी राजस्थान निवासी बृजमोहन रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा में शामिल हुआ था इसके लिए दसवीं कक्षा या आईटीआई करना आवश्यक था । आवेदक ने 10वीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी और आईटीआई कर रहा था। इसके साथ-साथ उसने लिखित और इंटरव्यू भी पास कर लिए थे। लेकिन जब रेलवे ने कागजातों की जांच की तो यह पाया गया कि वह अभी आईटीआई कर रहा है जिसके आधार पर उसकी नियुक्ति रद्द कर दी। रेलवे के आदेश के खिलाफ जबलपुर में सेंट्रल एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रिब्यूनल में अंतरिम राहत का आवेदन दिया था। जिसे ट्रिब्यूनल ने अस्वीकार कर दिया ।



### अंतिम निर्णय तक सीट खाली रखने निर्देश

ट्रिब्यूनल के आदेश के खिलाफ आवेदक ने मप्र हाईकोर्ट में याचिका दायर की। आवेदक की ओर से पैरवी करते हुए अधिवक्ता निखिल भट्ट ने तर्क प्रस्तुत करते हुए बताया कि आवेदन पत्र में हुई त्रुटि ऐसी थी, जिसका पात्रता मापदंडों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। इस तर्क को स्वीकार करते हुए मप्र हाईकोर्ट की खंडपीठ ने आवेदक को अंतरिम संरक्षण प्रदान करते हुए रेलवे भर्ती प्रकोष्ठ पश्चिम मध्य रेलवे को निर्देश दिया कि जब तक याचिका पर अंतिम निर्णय नहीं हो जाता तब तक एक सीट खाली रखी जाए।









# कप्तान ने आमजनों को दिया निराकरण का भरोसा

## एसपी दफ्तर में शिकायतें लेकर पहुंचे 57 फरियादी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** आमजन की शिकायतों और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस



कप्तान सम्पत उपाध्याय द्वारा जन सुनवाई की गयी। जन सुनवाई मे शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के शिकायतकर्ता पुलिस कार्यालय में आये थे, अधिकांश शिकायतें पति-पत्नि, परिवारिक एवं जमीन सम्बंधी विवाद, मारपीट तथा सायबर अपराध से सम्बंधित 57 शिकायतें थी। कप्तान द्वारा समस्त शिकायतकर्ताओं को शीघ्र शिकायतों पर वैधानिक कार्यवाही किये जाने के लिए आश्वस्त किया गया तथा जन सुनवाई में प्राप्त समस्त शिकायतों का त्वरित निराकरण समय सीमा में करने के लिए सम्बंधित थाना प्रभारियों, राजपत्रित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान एएसपी आनंद कलादगी, एएसपी सूर्यकांत शर्मा, एएसपी सोनाली दुबे, डीएसपी ग्रामीण आकांक्षा उपाध्याय उपस्थित रहे।






हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2023-25, RNI No. 64561/96.